3 बस्तर संभाग
एनएमडीसी आईटीआई भांसी में आयोजित ओपन प्लेसमेंट...

6 अभिमत
संकुचित सोच से प्रभावित निजीकरण प्रक्रिया

08 बिलासपुर संभाग
उदयपुर की घटना के विरोध में इस्लामिक जेहादी का पुतला दहन

10 संस्कारधानी
डॉक्टर, ईश्वर का दूसरा रूप कैसे : वनांचल से आया...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शुक्रवार 01 जुलाई 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 310 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### मोदी ने छोटे उद्यमों को सशक्त करने, निर्यात को बढ़ावा देने के लिए शुरू की योजनाएं



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को और मजबूत बनाने के लिए विश्व बैंक की मदद से 6,000 करोड़ रुपये की एक योजना गुरुवार को शुरू की। एमएसएमई के प्रदर्शन को उभारने और गति की योजना रैम्प को केंद्रीय मंत्रीमंडल ने इस वर्ष मार्च में मंजूरी दी थी। इस योजना के तहत एमएसएमई इकाइयों के लिए ऋण और मंडी सुविधा में सुधार तथा इस क्षेत्र के लिए बने केंद्रीय और राज्यस्तरीय संस्थानों तथा संचालन व्यवस्था को मजबूत करने और एमएसएमई इकाइयों को भुगतान में विलंब की समस्या के समाधान के लिए केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय बढ़ाने और इकाइयों को हरित प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने का लक्ष्य है।

### मुद्दों के समाधान के लिए राज्यों से संपर्क में रहें उद्योग : सीतारमण

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उद्योगों को अपने मुद्दों के समाधान के लिए अपने-अपने राज्य की सरकार के साथ संपर्क रखने का सुझाव दिया है। सीतारमण ने कारोबार के लिए नीति और प्रक्रियाओं में सुधार के मामले में राज्यों की तुलनात्मक रैंकिंग संबंधी रिपोर्ट व्यावसायिक सुधार कार्य योजना (बीआरएपी) 2020 जारी करते हुए यहां गुरुवार को कहा, मैं उद्योगों से राज्यों के साथ संपर्क रखने की अपील करती हूं।

# एकनाथ शिंदे महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस बने डिप्टी सीएम

## भाजपा ने हिन्दुत्व को आगे कर भविष्य की राह आसान की

एजेंसी ◄ मुम्बई
www.dailypioneer.com

महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे अब मुख्यमंत्री पद की कमान संभालेंगे। उन्होंने गुरुवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलायी। शिंदे ने मराठी में शपथ ली। बता दें कि देंवेंद्र फडणवीस ने ही ऐलान किया था कि एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि वह खुद सरकार में नहीं होंगे और बाहर से सरकार की मदद करेंगे। हालांकि बाद में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने खुद मीडिया के सामने आकर कहा कि पार्टी चाहती है कि फडणवीस उपमुख्यमंत्री बनें।

### डिप्टी सीएम बने देवेंद्र फडणवीस

पांच साल तक महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री रहने वाले देवेंद्र फडणवीस ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। जब वह शपथ लेने चले तो विधायकों ने उनके समर्थन में नारेबाजी की। बता दें कि एकनाथ शिंदे ने 40 शिवसेना के विधायकों के साथ कुल 50 विधायक होने का दावा किया है। वहीं भाजपा के 106 विधायक हैं। शपथ ग्रहण के मौके पर एकनाथ शिंदे का परिवार भी राजभवन पहुंचा। बता दें कि एकनाथ शिंदे उद्धव सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। शपथ ग्रहण में शिवसेना के विधायक शामिल नहीं हो सके। दरअसल बागी विधायकों इस समय गोवा के होटल में ही हैं। हालांकि शपथ के दौरान उन्होंने गोवा के होटल में ही जश्न मानाया। भाजपा के नेता शपथ ग्रहण में पहुंचे।



### सीएम बनते ही शिंदे ने चेंज की ट्विटर डीपी, प्रोफाइल पिक्चर में वो बाला साहेब के चरणों पर नजर आए

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही एकनाथ शिंदे ने राज्य में नए युग का आगाज कर दिया है। उन्होंने सीएम बनते ही अपने ट्विटर अकाउंट की तस्वीर बदली। ट्विटर पर नई प्रोफाइल पिक्चर में वो बाला साहेब के चरणों पर नजर आ रहे हैं। इस नई तस्वीर के साथ शिंदे ने उद्धव ठाकरे को संदेश दिया है कि वो बाला साहेब की विरासत को आगे ले जाएंगे। अब भविष्य में यह देखना दिलचस्प होगा कि उद्धव ठाकरे की विरासत उनसे छिन जाएगी? इससे पहले गुरुवार का पूरा दिन महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा उलटफेर लेकर आया। जहां पहले माना जा रहा था कि देवेंद्र फडणवीस सीएम होंगे और एकनाथ शिंदे डिप्टी सीएम। लेकिन मास्टरस्ट्रोक खेलते हुए भाजपा ने एकनाथ शिंदे को महाराष्ट्र की कमान सौंप दी और अब देवेंद्र फडणवीस शिंदे के नेतृत्व में डिप्टी सीएम की कमान संभालेंगे। महाराष्ट्र में हिन्दुत्व की नई पटकथा लिखते हुए भाजपा ने उद्धव ठाकरे को बड़ा संदेश दिया है। एकनाथ शिंदे प्रदेश के नए सीएम बन चुके हैं। शिंदे खुद को सच्चा शिवसैनिक बताकर बाला साहेब की विरासत को आगे बढ़ाने की बात भी कह चुके हैं। यही नहीं शिंदे ने अपनी ट्विटर डीपी बदलकर उद्धव ठाकरे को सीधी चुनौती दे डाली है।

### देवेंद्र फडणवीस के 'त्याग' की नड्डा ने की तारीफ



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देवेंद्र फडणवीस की तारीफ करते हुए कहा कि एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस जी को बधाई। ये सिद्ध हो गया कि बीजेपी के मन में कभी मुख्यमंत्री पद की लालसा नहीं थी। 2019 के चुनाव में स्पष्ट जनादेश नरेंद्र मोदी एवं देवेंद्र को मिला था। उद्धव ठाकरे ने सीएम पद के लालच में हमारा साथ छोड़कर विपक्ष के साथ सरकार बनाई थी।

### द्रौपदी मुर्मू और यशवंत सिन्हा के नामांकन पत्र सही पाये गये

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति चुनाव के लिए दायर किये गये 115 नामांकन पत्रों में से केवल दो उम्मीदवारों राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की द्रौपदी मुर्मू और विपक्ष के साझा उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के नामांकन पत्र सही पाये गये हैं। राज्यसभा के महासचिव और राष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी पी सी मोदी ने गुरूवार को बताया कि राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन दायर करने की प्रक्रिया 15 जून को शुरू हुई थी और नामांकन के अंतिम दिन 29 जून तक कुल 115 नामांकन पत्र दायर किये गये थे।

# रसोई गैस सिलेंडर कीमत को लेकर राहुल का मोदी पर कड़ा हमला

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रसोई गैस सिलेंडर के दाम में भारी वृद्धि को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कड़ा हमला करते हुए गुरुवार को कहा कि मोदी नकली आंसू बहाने में माहिर हैं और जनता के दुख दर्द से उनका कोई लेना देना नहीं है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उज्ज्वला योजना को लेकर मोदी ने तो भावुक बातें कहीं और जितने आंसू बहाये वे सब नकली थे। उनका कहना था कि सूचना के अधिकार के तहत मिली एक जानकारी के अनुसार सिलेंडर की कीमत बहुत ज्यादा होने के कारण देश में 3.59 करोड़ ग्राहकों ने रसोई गैस सिलेंडर नहीं भरवाया है। रसोई गैस सिलेंडर कीमत आज 1000 से ज्यादा हो चुकी है। गांधी ने फेसबुक पर पोस्ट अपने इस संदेश में कहा, मई 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरुआत हुई। पेट्रोल पंप से लेकर अख़बार तक, इस योजना पर करोड़ों रूपए ख़र्च किये गए फ़िर 10 अगस्त, 2021 को उज्ज्वला 2.0 का लॉन्च कर फ़िर से जनता के टैक्स के पैसों से विज्ञापनों पर करोड़ों उड़ाए गए। फ़िर धीरे-धीरे सिलिंडर के दाम बढ़ाए गए और आज एक सिलेंडर भराने की कीमत 1000 रुपए हो चुकी है। मैंने कहा था कि प्रधानमंत्री ने दो हिंदुस्तान बना दिये हैं, एक अमीरों का और एक ग़रीबों का। उन्होंने कहा, अपनी एक रैली में, चूल्हे पर खाना बनाने वाली मांओं के लिए प्रधानमंत्री जी कुछ 'यादा भावुक हो गए थे लेकिन आज सिर्फ़ एक वर्ष (2021-22) में ही 3.59 करोड़ लोगों को चूल्हा फूंकने पर मजबूर कर दिया है।


# मुख्यमंत्री ने रथयात्रा, डॉक्टर डे और सीए डे की प्रदेशवासियों को दी बधाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेशवासियों को रथयात्रा की बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ से सभी नागरिकों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना की है। बघेल ने रथयात्रा की पूर्वसंध्या पर जारी अपने बधाई संदेश में कहा है कि प्राचीन काल से ही छत्तीसगढ़वासियों की भगवान जगन्नाथ में गहरी आस्था रही है। वही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 'नेशनल डॉक्टर्स डे' के अवसर पर देश और प्रदेश के सभी चिकित्सकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि हर साल महान चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री भारत रत्न डॉ. बिधानचंद्र राय की स्मृति में उनके जन्मदिन एक जुलाई को नेशनल डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाता है। साथ ही मुख्यमंत्री बघेल ने एक जुलाई 'सी.ए. डे' के अवसर पर देश और प्रदेश के सभी चार्टर्ड एकाउंटेंट को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि चार्टर्ड एकाउंटेंट किसी भी देश, प्रदेश के औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं। चार्टर्ड एकाउंटेंट अपनी कुशलता से आर्थिक विकास को मजबूत आधार प्रदान करते हैं।



# 'संजय राउत जी! आपके विधायक अगवा नहीं, भगवा हो गए', नरोत्तम मिश्रा बोले- 40 दिन में 40 विधायक चले गए, यह हनुमान चालीसा का प्रभाव

एजेंसी < भोपाल
www.dailypioneer.com



महाराष्ट्र में मची राजनीतिक उठापटक के बीच मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि हनुमान चालीसा के प्रभाव की वजह से चालीस दिन में चालीस विधायक उद्धव ठाकरे और एमवीए गठबंधन को छोड़कर चले गए। मिश्रा ने कहा, 'मेरा देश बदल रहा है। महाराष्ट्र वह राज्य है, जहां पहली बार हिंदुत्व के नाम पर कोई सरकार गिरी है।' मिश्रा ने संजय राउत को संबोधित करते हुए कहा कि आपके विधायक अगवा नहीं, भगवा हो गए थे। हनुमान चालीसा का ही प्रभाव है कि चालीस दिन में चालीस विधायक उद्धव ठाकरे का साथ छोड़कर चले गए। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस की संगति में जो आता है, वो साफ हो जाता है। उद्धव ठाकरे कांग्रेस के संपर्क में आए तो उनकी पार्टी ही साफहो गई।

## हनुमान चालीसा का उद्धव कनेक्शन

आपको बता दें कि अप्रैल में महाराष्ट्र में निर्दलीय सांसद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा ने मुंबई के बांद्रा में शिवसेना प्रमुख के निजी घर मातोश्री के सामने हनुमान चालीसा के पाठ का ऐलान किया था। जिसके बाद दोनों को 23 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि बाद में मई में उन्हें जमानत पर रिहा किया गया था। जमानत पर रिहा होने के बाद नवनीत राणा ने ठाकरे पर हिंदू और हनुमान चालीसा विरोधी होने का भी आरोप लगाया था।

# योगी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर यूपी वालों को तोहफा, तीन महीने और बढ़ाई गई मुफ्त राशन योजना

वार्ता < लखनऊ
www.dailypioneer.com




उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर प्रदेश वासियों को बड़ा तोहफा दियाहै। सरकार ने मुफ्त राशन योजना को तीन महीने के लिए और आगे बढ़ा दिया है। सरकार के इस फैसले के बाद राज्य के 15 करोड़ लोगों को और तीन महीने के लिए मुफ्त राशन मिलेगा। इससे पहले 26 मार्च को सरकार ने इस योजना को तीन महीने के लिए बढ़ाया जिसे तीन महीने के लिए और आगे बढ़ा दिया गया है। सरकार ने अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने से पहले इसकी घोषणा की है। गौरतलब है कि यूपी वालों को अंत्योदय योजना के तहत योगी सरकार ने जून तक मुफ्त राशन देने का ऐलान किया था। इस योजना के तहत 35 किलो राशन दिया जाता है जिसमें गेहूं, चावल, चीनी, दाल और नमक इत्यादि शामिल है। इस योजना के अलावा यूपी में गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत भी फ्री राशन दिया जाता है। कोरोना काल के बाद से केंद्र सरकार ने भी मुफ्त राशन योजना शुरू की है।

# सीएम शिवराज पर जमकर बरसे कमलनाथ कहा- भाजपा के पास विजन नहीं, टेलीविजन है



**ग्वालियर।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके पास विजन नहीं, टेलीविजन है। इस टेलीविजन से क्या ग्वालियर का विकास होगा। कमलनाथ ने ग्वालियर में अपने प्रवास के दौरान कांग्रेस की महापौर प्रत्याशी शोभा सिकरवार सहित 66 पार्षदों के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को फूलबाग मैदान में संबोधित किया। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि पिछले 57 सालों से निगम में और 18 साल से राज्य में भाजपा की सरकार है। इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। कोई भी काम बिना भ्रष्टाचार के नहीं होता। कमलनाथ ने कहा कि दिसंबर 2018 को जब उन्होंने सत्ता संभाली तो ऐसा प्रदेश सौंपा गया।









# एनएमडीसी आईटीआई भांसी में आयोजित ओपन प्लेसमेंट ड्राइव में हुआ 26 छात्रों का चयन

## मुख्य अतिथि ने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक व मुख्य महाप्रबंधक, बचेली के प्रति आभार प्रकट किया

पायनियर संवाददाता ‹ बचेली
www.dailypioneer.com




हाल ही में इंडो-एमआईएम और स्नाइडर इलेक्ट्रिक, बेंगलुरु द्वारा ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन एनएमडीसी आईटीआई, भांसी में किया गया था, इसमें 38 छात्र सम्मिलित हुए थे जिसमें से 26 छात्रों का चयन हुआ। इस ओपन प्लेसमेंट ड्राइव में फिटर, मोटर मैकेनिक, डीजल मैकेनिक, टर्नर, मशीनिस्ट ट्रेड से उत्तीर्ण विभिन्न आईटीआई के छात्र समिल्लित हुए थे। चयनित छात्रों को 13000 रुपए मासिक वेतन कुल कटौती के पश्चात प्रदान किया जाएगा तथा रहने एवं खाने की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा एवं मौखिक साक्षात्कार के आधार पर हुई, जिसमें 26 उम्मीदवारों का चयन हुआ है। इस कैम्पस ड्राइव में शामिल होने की अधिकतम उम्र 25 वर्ष निर्धारित की गयी थी। इसके अतिरिक्त सभी चयनित छात्रों को 2 साल का मैन्युफैक्चरिंग डिप्लोमा भी प्रदान करवाया जायेगा जो उनके भविष्य में अत्यंत सहायक साबित हो सकता है। एनएमडीसी, बचेली अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्र में अनेक विकासशील योजनाएं चला रही है जिसमें से एनएमडीसी आईटीआई भी एक है, एनएमडीसी आईटीआई आदिवासी समुदाय के छात्र-छात्राओं को तकनिकी शिक्षा प्रदान कर उनके जीवन में महत्वपूर्ण एवं सकारात्मक प्रभाव छोड़ रही है तथा आर्थिक रूप से असमर्थ छात्र-छात्राओं के लिए भी अनेक रोजगार के अवसर प्रदान करती आ रही है।

यहाँ पर यह उल्लेखनीय है कि एनएमडीसी, बचेली एवं आईटीआई, भांसी के कड़े प्रयासों से तथा छात्रों के सराहनीय प्रदर्शन को देखते हुए इंडो-एमआईएम और स्नाइडर इलेक्ट्रिक, बेंगलुरु ने कैंपस प्लेसमेंट में रुची दिखाई व ओपन कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया। इस ड्राइव में आईटीआई, भांसी के साथ प्रदेश के अन्य आईटीआई कॉलेजों के छात्रों ने भी भाग लिया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमहाप्रबंधक (सीएसआर) एनएमडीसी, बचेली थे जिन्होंने कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की पूजा एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि उपमहाप्रबंधक (सीएसआर) एनएमडीसी, बचेली ने अपने वक्तव्य में सफल लोगों के अनेक उदहारण तथा गुरु मंत्र देते हुए उम्मीदवारों को प्रोत्साहित किया एवं इस अवसर का पूरा लाभ उठाने व सकारात्मक सोच रखने पर जोर दिया। साथ ही यह भी कहा कि अगर जीवन में अच्छा पद प्राप्त करना है तो हमे संघर्षशील बनना होगा एवं अपने घरों व अपने क्षेत्रों से बाहर निकल कर रोजगार के अवसर को भी तलाशना होगा। मुख्य अतिथि ने अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सुमित देब जी को धन्यवाद देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में एनएमडीसी, बचेली ने अपने सीएसआर के अंतर्गत आदिवासी व आर्थिक रूप से असमर्थ युवाओं के विकास के लिए कई कौशल विकास योजनायें संचालित कर रहीं है जो कि उनके मार्गदर्शन से ही संभव हो पाया है। तथा एनएमडीसी, बचेली के मुख्य महाप्रबंधक पी. के. मजुमदार का आभार प्रकट करते हुए कहा की उनके निरंतर सहयोग के परिणामस्वरूप यह शिक्षण संसथान नित नई उचाइयां छू रही है। इंडो-एमआईएम और स्नाइडर इलेक्ट्रिक की ओर से अंत में रंजीत सिंह ने कंपनी द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य सुविधाओं, वेतन तथा चयन प्रकिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पी. के. मजुमदार मुख्य महाप्रबंधक एनएमडीसी, बचेली ने सभी चयनित छात्रों को तथा आईटीआई कॉलेज को सफलतापूर्वक ओपन कैंपस ड्राइव का आयोजन करने हेतु शुभकामनाएं व बधाई दी।

# किरंदुल एनएमडीसी परियोजना में चार स्वतंत्र निदेशकों का हुआ दौरा



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com



परियोजना में एनएमडीसी के चार स्वतंत्र निदेशक दल का आगमन हुआ। संजय टण्डन, डॉ. अनिल सदाशिवराव काम्बले, सारिका काम्बले, विशाल बब्बर, संजय सिंह का अतिथि ग्रह में आर. गोविंद राजन, अधिशासी निदेशक एवं विनय कुमार मुख्य महा प्रबंधक (उत्पादन), ने पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया। ए. एस. पार्धसारथी, कम्पनी सचिव एनएमडीसी एवं पंकज कुमार शर्मा, परियोजना प्रबंधक एवं मुख्य महाप्रबंधक जीईसी, रायपुर का भी आगमन हुआ। इस अवसर पर बी. के माधव, उपमहाप्रबंधक (कार्मिक) एव परियोजना के स्वतंत्र निदेशक दल ने परियोजना के सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक कर विकास कार्यों का जायजा लिया। उनके द्वारा खदानों एवं संयंत्रों का मुआयना भी किया गया। निदेशक दल ने पर्यावरण संतुलन हेतु वृक्षारोपण भी किया।

# उदयपुर में हुए जघन्य हत्याकांड के विरोध में सर्व हिन्दू समाज के आव्हान पर किरंदुल स्वस्फूर्त बंद



पायनियर संवाददाता ‹ किरंदुल
www.dailypioneer.com

राजस्थान के उदयपुर में कट्टरपंथियों द्वारा एक गरीब टेलर कन्हैयालाल की नृशंस हत्या से जिससे पूरे देश में सर्व हिन्दू समाज आहत हुआ है एवं अत्यंत आक्रोशित हैं, जिसके बाद से पूरे देश में जगह-जगह नगर बंद कर कट्टरपंथियों के खिलाफ प्रदर्शन एवं हत्यारों को फांसी दिए जाने की मांग की जा रहीं है। इसी परिप्रेक्ष्य में गुरुवार को किरंदुल में सर्व हिन्दू समाज एवं बैलाडीला व्यापारी संघ द्वारा नगर बंद का आव्हान किया गया। जिसमें सभी व्यापारियों द्वारा समर्थन देकर अपने अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखा गया तथा हत्यारों का पुतला दहन किया गया। बैलाडीला व्यापारी संघ के महासचिव रणवीर चौहान ने कहा उदयपुर की घटना को लेकर किरंदुल में एकदिवसीय बंद का आव्हान किया गया। जिसमें सभी व्यापारी भाइयों का सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सर्वसमाज के लोग सम्मिलित हुए।

# सुरडोंगर स्कूल में हर्षोल्लास मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव

पायनियर संवाददाता ‹ केशकाल
www.dailypioneer.com



नगर के सुरडोंगर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर खान एवं विशिष्ट अतिथि शाला समिति के अध्यक्ष फिरोज मेमन, वरिष्ठ पत्रकार कृष्णदत्त उपाध्याय, वरिष्ठ नागरिक बलराम गौर एवं संस्था के प्राचार्य रामगोपाल ठाकुर की उपस्थिति में सरस्वती माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ततपश्चात सभी अतिथियों ने तिलक चंदन लगाकर नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया। साथ ही बच्चों को स्कूली गणवेश, पुस्तक और मिठाई बांट कर बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गयी। आपको बता दें कि शाला प्रवेश उत्सव के तहत तीन चरणों मे यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विगत 16 जून को जिले में शाला स्तर पर प्रवेश उत्सव गया था, ततपश्चात 17 जून से आगामी 1 जुलाई तक प्रत्येक संकुल स्तर पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। वहीं 1 जुलाई को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पालकगण शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों की मौजूदगी में विकासखंडस्तरीय शाला प्रवेश उत्सव हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाना है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर खान ने कहा कि विगत दो वर्षो से कोरोना के प्रकोप के कारण स्कूलों की पढ़ाई काफी प्रभावित हुई है। चूंकि अब स्थिति सामान्य है इसलिए सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने हेतु विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने सभी बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें पूरी लगन से पढ़ाई करते हुए परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल व अपने माता का नाम रौशन करने की बात कही। इस दौरान शाला समिति के पदाधिकारीगण एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। मंच का संचालन व्याख्याता जी.आर वट्टी ने किया।

# जिला प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में रेशम उद्योग को बढ़ावा देकर रोजगार के अवसर एवं आय में वृद्धि की

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



ग्रामीण क्षेत्रों में रेशम उद्योग को बढ़ावा देने एवं ग्रामीणों को रोजगार एवं आय में वृद्धि किये जाने के उददेश्य से वर्ष 2021-22 में जिला प्रशासन के सहयोग से नवीन चयनित परियोजना स्थल शासकीय नरियल परिक्षेत्र पामलवाया विकास खंड बीजापुर में 05 हेक्टेयर क्षेत्र में टसर खाद्य पौधरोपण कार्य हेतु 6.93 लाख रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति 05 हेक्टेयर क्षेत्र में टसर खाद्य साजा/ अर्जूना पौधरोपण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। टसर खाद्य साजा/अर्जूना पौधें जो कि टसर कृमिपालन के कार्य में आते है। पौधरोपण के अंतर्गत कुल 2380 मानव विकास दिवस सृजित हुआ है। जिससे लगभग 50 स्थानीय हितग्राही/श्रमिक लाभान्वित हुए है। आगामी पांच वर्षों में पौधों के कृमिपालन योग्य होने के पश्चात् ग्राम के ही स्थानीय हितग्राहियों को स्व-सहायता समूह के माध्यम से कृमिपालन कार्य कराया जाना है, जिसमें प्रतिवर्ष लगभग 1.50 लाख नग ककून उत्पादन कि संभावना है, जिनका विक्रय पश्चात् मूल्य लगभग 2.25 लाख रुपये है, जिनका सीधा लाभ हितग्राहियों को प्राप्त होगा जिनसे उनके आर्थिक जीवन स्तर एवं आय वृद्धि में सुधार होगा। इसी तरह हितग्राहियों द्वारा उत्पादित ककून का जिले में टसर धागाकरण का कार्य किया जाकर हितग्राहियों को अधिक से अधिक सृजन कर लाभान्वित किया जा सकता है।

# राजीव युवा मितान बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित

- 150 से अधिक राजीव युवा मितान के सदस्य हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



बीजापुर स्थित बासागार परिसर के बैडमिंटन हाल में जिला स्तरीय राजीव युवा मितान का प्रथम बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिले के 150 से अधिक राजीव युवा मितान के सदस्य, अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष शामिल हुऐ जिन्हे विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई प्रशिक्षण में बताया गया कि कब-कब बैठक आयोजित किया जाना है, कौन-कौन से प्रमुख पंजी का संधारण करना है। पंचायत स्तर पर क्या गतिविधियों की आयोजन करना है। राजीव युवा मितान क्लब को सालाना 1 लाख रूपये शासन की तरफसे दी जाएगी। राशि प्रत्येक तिमाही में 25 प्रतिशत की दर से दी जाएगी।

कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने राजीव युवा मितान के प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया, शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने शासन-प्रशासन को आवश्यक सहयोग प्रदान करने, वर्तमान में कोरोना संक्रमण के प्रभाव को देखते हुऐ अपने-अपने पंचायत के लोगों को शतप्रतिशत कोविड टीकाकरण लगवाने हेतु प्रेरित करने एवं वृक्षारोपण के कार्यक्रम को सार्थक बनाने एवं पौधों की सुरक्षा की समझाईश दी गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रवि कुमार साहू, जिला खेल अधिकारी फागेश सिन्हा, उप संचालक समाज कल्याण विभाग गीत कुमार सिन्हा सहित सभी सीईओ जनपद पंचायत एवं अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# लिमदरहा मिडवे में लगे बस्तर आर्ट की नग्न मूर्ति पर युवाओं ने जताई आपत्ति, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ केशकाल
www.dailypioneer.com



केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम खालेमुरवेंड में बने लिमदरहा मिडवे रिसोर्ट में लगे बस्तर आर्ट की मूर्ति को नग्न अवस्था में दर्शाए जाने पर इसे बस्तर की संस्कृति व बस्तर के आदिवासियों का अपमान बताते हुए जनपद सदस्य वीरेंद्र बघेल एवं अन्य आदिवासी युवाओं ने सोशल मीडिया पर स्टेचू का फोटो वीडियो पोस्ट किया था। पोस्ट वायरल होते ही प्रशासन द्वारा रातों-रात उस मूर्ति को वहाँ से हटा दिया गया। प्रशासन की ऐसी गलतियों पर आपत्ति जताते हुए केशकाल के युवाओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर यह मांग किया है कि सार्वजनिक, प्रशासनिक व पर्यटन स्थलों पर बस्तर आर्ट के माध्यम से बस्तर की संस्कृति को अच्छे से प्रस्तुत किया जाए।

बस्तर आर्ट्स के माध्यम से बस्तरिया संस्कृति की छवि धूमिल न करे प्रशासन- वीरेंद्र बघेल, इस विषय पर जनपद सदस्य व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष विरेन्द्र महेश बघेल कहा कि केशकाल के पर्यटन स्थलों की ओर आकर्षित होकर देश भर से पर्यटक यहां घूमने आते हैं। लेकिन लिमदरहा मिडवे में प्रशासन द्वारा बनवाए गए नग्न अवस्था मे मांदरी बजाते हुए व्यक्ति की मूर्ति और इस तरह के अन्य आपत्तिजनक बस्तर आर्ट को देखकर बस्तर की संस्कृति और बस्तरवासियों के प्रति लोगों के मन मे गलत अवधारणा बनती है। शासन प्रशासन को ऐसे चीज़ों पर ध्यान देना चाहिए, अन्यथा आने वाले समय में हम ऐसी गलतियों के विरोध में आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर विरेन्द्र बघेल, विवेक चौबे, डेनिश बघेल, अजय वट्टी, निहाल नेताम, अनिल गुप्ता, गोलू मंडावी, गजेंद्र नेताम, हिमांशु नेताम शान्तु देवनाथ मौजूद रहे।

# दंतेवाड़ा में हिन्दू संगठन का प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ‹ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com



राजस्थान के उदयपुर में मंगलवार को तालिबानी तरीके से कन्हैया की हत्या के बाद से दन्तेवाडा जिले में हिंदू संगठन द्वारा इस घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों को फांसी देने की मांग कर रहे हैं. विरोध प्रदर्शन को लेकर जिले भर के व्यापारियों सहित सामाजिक संस्थाओं ने सहयोग प्रदान किया, इस दौरान हिंदू संगठनों के साथ व्यापारियों ने मार्केट को पूर्ण रूप से बंद रखकर विरोध प्रदर्शन किया. दन्तेवाडा बस स्टैण्ड मे बड़ी संख्या में लोगों ने जमा होकर इस घटना को लेकर विरोध जताया कि मांग किया इस दौरान हिंदू संगठनों ने सरकार पर आरोप लगाकर इस तुष्टिकरण की नीति बताई।

## चैतराम अटामी और भरत लाल मटीयारा की प्रेस कान्फ्रेंस

**दन्तेवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी दन्तेवाडा के जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी एवं केन्द्रीय बीज प्रमाणक बोर्ड के सदस्य भरत लाल मटीयारा ने प्रेस कान्फ्रेन्स किया और कहा युवाओं को सेना में सेवाएं देने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ी योजना की शुरुआत की है। केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई अग्नीपथ योजना के तहत देश के युवाओं को 4 साल तक सेना में नौकरी करने का मौका मिलेगा. योजना के लॉन्च होने के बाद ही दो दिनो मे 84 हजार से ज्यादा युवाओ ने आवेदन भी किया है बीजेपी के केन्द्रीय बोर्ड सदस्य भरत लाल प्रेस वार्ता कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है और कहा कि इस योजना के तहत 10वीं और 12 वीं के छात्र को मौका मिलेगा। यही नहीं, अगर इस नौकरी के दौरान शहिद होने पर शहीदों के परिजनों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

# लूट की घटना में शामिल दो माओवादी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत मुरदण्डा में एमसीपी के दौरान दो माओवादियों को पकड़े। पकड़े गए माओवादी सुक्कू पोटाम पिता सोमलू पोटाम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोरचोली गायतापारा थाना गंगालूर एवं सन्नू पोटाम पिता कोया पोटाम उम्र 22 वर्ष जाति मुरिया निवासी कोरचोली गायतापारा थाना गंगालूर जिला बीजापुर। पकड़े गये माओवादी 04.अग.2021 को थाना गंगालूर क्षेत्र अंतर्गत पुसनार के ग्रामीण के घर में अन्य माओवादी सहयोगी के साथ लूट करने की घटना में शामील थे द्य माओवादी के विरूद्ध थाना गंगालूर में वैधानिक कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय बीजापुर पेश किया गया है ।

## कृषि मंडियों में भार साधक समितियों की नियुक्ति के आदेश जारी

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के सभी 69 कृषि उपज मंडी समितियों में भार साधक अधिकारियों के स्थान पर भार साधक समितियों की नियुक्तियां कर दी गई हैं। प्रत्येक समिति में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष तथा 5 सदस्यों समेत कुल 07 सदस्यों की नियुक्ति की गई है। संचालक, कृषि विपणन, रायपुर द्वारा इन भार साधक समितियों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए हैं। भार साधक अधिकारियों के माध्यम से संचालित हो रहे कार्यों का संचालन अब समितियों के माध्यम से होगा। बीजापुर कृषि उपज मंडी समिति का अध्यक्ष श्री कामेश्वर गौतम को और उपाध्यक्ष नकुल ठाकुर को नियुक्त किया गया है। सदस्य के तौर पर र । सोडी सदस्य, महेश बेलसरिया, मनधर नाग, नंदकिशोर गांधरला और व्यापारी प्रतिनिधी के तौर पर लक्ष्मी नारायण इंशरोज को सदस्य नियुक्त किया गया है।

# योजनाओं का लाभ नहीं, कमार भुजिया करेंगे सहायक आयुक्त की मुख्यमंत्री से शिकायत

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कमार भुंजिया जनजाति के सैकड़ों लोगों के बीच शासन की महत्वपूर्ण योजना का क्रियान्वयन नहीं करने से नाराज लोग अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भेंट मुलाकात कार्यक्रम मैं कमार प्रोजेक्ट सहायक आयुक्त की शिकायत करने की तैयारी शुरू कर दी हैं क्योंकि योजना का लाभ तो दूर की बात है संचालित योजना की जानकारी तक कमार भुंजिया लोगो को नहीं हो पाती फिर भी सहायक आयुक्त सहित तमाम अधिकारियों द्वारा कमार भुंजिया जनजाति लोग समाज की मुख्यधारा से जूड़ने की खोखली दावा कर अपनी अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं तभी हकीकत में आज ही मड़वा झरिया हल्दीकछार सहित आजू बाजू के कमार भुजिया गांव की तस्वीर नहीं बदल पाई है शायद ही वजह की 11 से 14 के बीच गरियाबंद जिला के आम जनता से भेंट मुलाकात







करने के लिए पहूंच रहे भूपेश बघेल कमार भुंजिया जनजाति के लोग अपनी समस्या को लेकर अवगत कराने तैयारी कर रहे है बकायदा इसके लिए कुछ आदिवासी नेताओं ने हस्ताक्षर अभियान भी चलाने की बात कह रहे हैं और सीएम के आने से पहले कमार भुजिया लोगों को एकत्रित कर सहायक आयुक्त के खिलाफ मोर्चा खोलने की चर्चा है यहां बताना लाजमी होगा कि कमार भुजिया जनजाति लोगों के लिए राज्य और केंद्र सरकार 21 से अधिक प्रकार की योजना संचालित कर रही है ताकि यह पिछड़े लोग आर्थिक स्थिति बढ़ाने के साथ-साथ समाज की मुख्यधारा से जुड़ पाए और इसके मद्देनजर सरकार द्वारा हर वर्ष करोड़ों रुपए गरियाबंद जिला के ट्रेवल ब्लॉक में आवंटित किया जाता है लेकिन अफसोस की बात है कि वर्षो से संचालित योजना का लाभ आज तक इन लोगों को शत प्रतिशत नहीं मिल पाया जिसका प्रमुख कारण धरातल में कम और कागज पर अधिक काम बताने को माना जाता है जिसकी जांच पड़ताल तो दूर की बात अधिकारी इन इलाकों में झांकने तक नहीं पहुंचते मतलब खरीपथरा से 15 किलोमीटर दूर जंगल में बसे गांव पर कदम रखने के लिए जिम्मेदार कतराते हैं ऐसे में कमार भुंजिया जनजाति लोगों के विकास की कल्पना किस तरह मुमकिन माना जा सकता है दुर्भाग्य की बात तो यह है कि जंगल के रहवासी कमार भुंजिया आज भी सड़क शिक्षा पानी रोजगार के लिए मोहताज है।

# भाटापारा कृषि उपज मंडी समिति के अध्यक्ष बने सुशील शर्मा

- कृषि मंडियों में भार साधक समितियों की नियुक्ति के आदेश जारी
- अब तक भार साधक अधिकारियों के माध्यम से हो रहा था कामकाज का संचालन

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की सभी 69 कृषि उपज मंडी समितियों में भार साधक अधिकारियों के स्थान पर भार साधक समितियों की नियुक्तियां कर दी गई हैं। प्रत्येक समिति में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष तथा 5 सदस्यों समेत कुल 07 सदस्यों की नियुक्ति की गई है। संचालक, कृषि विपणन, रायपुर द्वारा इन भार साधक समितियों की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए हैं। भार साधक अधिकारियों के माध्यम से संचालित हो रहे कार्यो का संचालन अब समितियों के माध्यम से होगा। इसी के तहत जिले में स्थित 4 कृषि उपज मंडी के लिए समितियों की नियुक्ति जारी कर दी गयी है। कृषि उपज मंडी समिति बलौदाबाजार के लिए भारसाधक समिति के अध्यक्ष तुलसी वर्मा, उपाध्यक्ष, सुकालू राम यदु एवं सदस्य गण के रूप में कृपाराम साहू, लक्ष्मी ध्रुव, सुंदरलाल साहू, विरेन्द्र बहादुर कुर्रे एवं व्यापारी प्रतिनिधि के रूप में सनत कुमार वर्मा की नियुक्ति की गयी है। उसी तरह कृषि उपज मंडी भाटापारा में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बलवंत नारायण वर्मा के स्थान पर व्यक्तियों की समिति को उनके कार्यभार ग्रहण दिनांक से कृषि उपज मंडी समिति भाटापारा के लिए अध्यक्ष सुशील शर्मा, उपाध्यक्ष चित्ररेखा साहू, सदस्यों में अमरनाथ नेताम केशला, केके नायक, अश्विनी बारले पौसरी, तुलाराम यादव निपनिया, नरेन्द्र भूषानियां व्यापारी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। कृषि उपज मंडी कसडोल के लिए बलराम सिंह ठाकुर, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कसडोल के स्थान पर समिति को उनके कार्यभार ग्रहण दिनांक से कृषि उपज मंडी समिति कसडोल के लिए अध्यक्ष महेश शर्मा, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र नायक एवं सदस्य गण के रूप में राजेन्द्र यादव, टीकम बाई साहू, भवानी प्रसाद श्रीवास, सविता पाण्डेय, खगेश पटेल व्यापारी प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इसी तरह कृषि उपज मंडी समिति भटगांव के लिए अध्यक्ष ताराचंद देवांगन उपाध्यक्ष पुरीराम साहू एवं सदस्य गण के लिए गुलाम मुर्तजा खान, परमानंद साहू, मुद्रिका राय, मनटोरी साहू, मुरली मनोहन साहू व्यापारी प्रतिनिधि नियुक्ति किया गया है।

## टेका सेवैय्यकला में जनप्रतिनिधियों ने किया पौधारोपण



पायनियर संवाददाता < पिथौरा
www.dailypioneer.com

पर्यावरण संरक्षित व जागरूकता एवं छत्तीसगढ़ की महती योजना नरवा घुरवा बाड़ी योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा गौठान समितियों में पौधरोपण के तहत ग्राम टेका के गौठान में कॉंग्रेस नेता राजा बग्गा, सरपंच रामप्रसाद साहू द्वारा फलदार पौधा जाम, आम, कटहल, जामुन व छायादार वृक्ष बड़ का पौधरोपण किया गया, जिसमे प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत ज्योति कुमार, स्वरूपा बसंत माधुरी पटेल चंचला पटेल, आबादी बी, रामकुंवर पटेल काजल पटेल, मुन्नीबाई, सूरजबाई बोधनी बाई, लोकेश्वरी, सुकबाई नसीमा बी उपस्तित रही।

## छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने रैली निकाली, ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन विकास खंड भाटापारा द्वारा महंगाई भत्ता 34 प्रतिशत देय तिथि से एवं गृह भाड़ा भत्ता सातवें वेतनमान के अनुरूप देने मांग के लिए आंदोलन के द्वितीय चरण में 29जून को प्रातः 10.30 बजे से सुभाष बाजार में एकत्र होकर सुभाष बाजार से कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भाटापारा तक रैली निकाली गयी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भाटापारा को ज्ञापन सौंपा गया। रैली के पूर्व सभा स्थल पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा सभा को संबोधित करते हुए शासन प्रशासन तक अपनी जायज मांगों को पहुंचाने हुंकार भरी गई। आंदोलन को सफल बनाने हेतु स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग, लोकनिर्माण विभाग, महाविद्यालय, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग, राजस्व



विभाग, नगरपालिका विभाग सहित विभिन्न विभाग के कर्मचारी अधिकारी गण उपस्थित रहे। जिसमें रमेश वर्मा संयोजक विकासखण्ड भाटापारा, प्रकाश तिवारी उपसंयोजक जिला, टीकाराम साहू उपसंयोजक भाटापारा, सरोज बघमार, ओमप्रकाश वैष्णव ब्लाक सचिव, भूषण मरकाम मीडिया प्रभारी, कामरेड प्रकाश जाधव पूर्व जिला अध्यक्ष, प्राचार्य राम नारायण बया, देवलाल बघमार, वीणा साहू, अशोक यदु, नारायण निर्मलकर, अभिषेक वर्मा, आजु राम वर्मा, शैलेंद्र नामदेव, कोदू राम देवांगन, आलोक त्रिवेदी, देवेन्द्र वर्मा, टीका राम साहू, बीएल प्रजापति, ऐशवर्य सिंह, बसंत सोनवानी, प्रफुल्ल रजक, आरपी बांधे, अजय तिवारी, जयलाल कश्यप, अरुण साहू, सुशील वर्मा, सोनचंद ध्रुव, रामप्रताप भोई, शत्रुहन लाल ध्रुव, भुवनलाल साहू, बालकृष्ण राठोर, लोकेश्वर नेताम, डॉ अरविन्द वर्मा, रविन्द्र वर्मा, आनंद साहू, रत्ना साहू, सुनील वर्मा, रामनारायण बया, राधेश्याम नायक, रुद्रदेव वर्मा, चंद्राजी कुर्रे, सुरेन्द साहू, अर्जुन लाल वर्मा, प्रयागध्रुव, सरला नेताम, वंदना बड़ा, ललिता मिश्रा, सुशीला वर्मा, डगेश्वरी वर्मा, मेडम साहू, पदमिनी राजपूत, नीलम कुमारी, प्रमिला वर्मा, लेखराम साहू, बसंत कुमार सोनी, दिनेश कुमार ध्रुव, रजनी धुर्वे, सविता पांडे, महेंद्र कुमार साहू, कमल नारायण, अनामिका झा, जोविता बाश, एम साहू, मधुसूदन देवांगन, सतीश कुमार वर्मा, हेमकुमार साहू, तिलकुवार वर्मा, ईश्वर देवदास आदि अनेकों कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## धर्मेश कुमार साहू ने आरडीए सीईओ का कार्यभार संभाला

**रायपुर।** राज्य शासन के आदेश के बाद भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का अतिरिक्त



कार्यभार ग्रहण किया। इससे पहले उन्होंने रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ से मुलाकात की। कार्यभार ग्रहण करने के बाद साहू ने सभी अधिकारियों का परिचय प्राप्त कर प्राधिकरण के विकास और निर्माण कार्यों की जानकारी ली। वे वर्तमान में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल में आयुक्त हैं। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा 2010 बैच के अधिकारी है। साहू इससे पहले नारायणपुर जिला के कलेक्टर, महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक, संचालक भू-अभिलेख व संचालक शासकीय मुद्रण एवं लेखन रह चुके हैं।

## निधन

### जे.एस. नंद

**पिथौरा।** वरिष्ठ शिक्षक एवं सेवानिवृत्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जे.एस. नंद का बीती रात असामयिक निधन हो गया उनका अंतिम संस्कार उनके



गृह ग्राम गेराभाठा में किया गया जहां अनेक लोगों ने अंतिम विदाई दी वे बसना सांसद प्रतिनिधि अजय अनंत व संजय नंद के पिता थे वह लंबे समय तक रणजीत कृषि हाई स्कूल में भी अपनी सेवाएं दे चुके थे उनके निधन से नगर के लोगों ने शोक प्रकट करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## प्रमिला दीवान को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी बिदाई

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय में सेवारत् प्रमिला दीवान लगभग 31 वर्षो की शासकीय सेवा के पश्चात् आज अवर सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुई । प्रमिला दीवान की सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनके सम्मान में आज विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा ने प्रमिला दीवान को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । उन्होने प्रमिला दीवान के उज्जवल, सुखी एवं दीर्घायु होने की कामना की एवं सचिवालय में उनकी सेवाओं को याद किया । इस अवसर पर सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी दीवान के स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति में भाजपा शहर मंडल ने किया सेवा संकल्प कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता < बागबाहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा के प्रेरणा स्त्रोत डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के पुण्यतिथि 23 जून से जन्मदिवस 6 जुलाई तक स्मृति दिवस के रूप में विविध सेवा एवम् जनभागीदारी के कार्यक्रम किये जा रहे हैं इसी तारतम्य में भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रेम साहू के नेतृत्व में बागबाहरा (शहर) मण्डल में 30 जून को ग्राम पंचायतों के कार्यकताओं द्वारा बूथ स्तर पर पौधरोपण व नगरक्षेत्र के कार्यकताओं व पदाधिकारियों द्वारा फार्च्यून नेत्रहीन स्कूल में अल्का चन्द्राकर की उपस्थिति में फ्ल वितरण किया गया ।



बच्चों को सम्बोधित करते हुए नरेश ने कहा कि कहा कि देश की आजादी के बाद सभी रियासतों का भारत मे विलय होने के बाद भी कश्मीर में देश का संविधान व कानून नहीं चलता था एक देश होने के बाद भी पूरे भारत के अलग प्रधानमंत्री व कश्मीर के अलग प्रधानमंत्री हुआ करते थे व वहाँ का झण्डा भी अलग ही था यहाँ तक कि कश्मीर जाने के लिए भारतीयों को अन्य देशों की भाँति विशेष अनुमति लेनी पड़ती थी। इन्ही सब बातों से क्षुब्ध होकर उन्होंने अपना संवैधानिक पद त्यागकर एक भारत के संकल्प का अभियान छेड़ दिया इसी अभियान पर चलते हुवे जब वे कश्मीर पहुँचे तो उन्हें नज़रबंद कर दिया व कुछ दिन बाद उनकी मृत्यु के सूचना ही बाहर आयी और इस तरह देश की अखण्डता की लौ जलाकर वे परामज्योति में सदा के लिए विलीन हो गये। इस कार्यक्रम में मण्डल महामंत्री हरमीत सिंह बग्गा, जिला उपाध्यक्ष किसानमोर्चा संजय मालवे, भाजयुमो जिलाध्यक्ष जसराज (बाला) चन्द्राकर, संसद प्रतिनिधि रेलवे बोर्ड भोजनाथ ( कल्लू) देवांगन, मीडिया प्रभारी तुलसी यादव, भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष नारायण ताण्डी, रामजी साहू, शिवा साहू व विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

### आत्मानंद स्कूल को और बेहतर बनाने मांगा सुझाव

## पत्रकार-जनता अधिकारियों से रूबरू होकर कलेक्टर प्रभात मलिक ने जानी समस्या, दिए निराकरण के निर्देश

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

जिला में पदस्थ होने के बाद पहली बार कलेक्टर प्रभात मलिक डीएफओ मयंक अग्रवाल के साथ देवभोग के अस्पताल आत्मानंद स्कूल वंनधन केंद्र सहित एसडीएम कार्यालय का ताबड़तोड़ निरीक्षण किया और छोटी बड़ी समस्या से अवगत होकर समय सीमा के भीतर निराकरण करने का आदेश भी दिया गया सबसे पहले प्रभात मलिक अस्पताल की बारीकी से निरीक्षण किया और जर्जर बिल्डिंग जीर्णोधार का एस्टीमेट बनाकर भेजने की बात कही साथ ही अस्पताल परिसर आजू-बाजू साफ सफाई के पुख्ता इंतजाम करने का निर्देश दिया असपताल निरीक्षण पुरा करने के बाद जिलाधीश सीधा





मुख्यालय के आत्मानंद स्कूल पहुंचे और शौचालय से लेकर प्रयोग शाला क्लासरूम स्टाफ रूम सहित पूरे स्कूल परिसर का भ्रमण किया और स्टाफ सेटअप के अनुसार प्राथमिक मिडिल हेड मास्टर को पढ़ाने के लिए कहा गया इस बीच कलेक्टर ने स्कूल और छात्रावास के शौचालय मरम्मत के निर्देश दिए हालंकि इससे पहले कलेक्टर ने आम जनता और स्थानीय पत्रकारों से आत्मानंद स्कूल को और बेहतर बनाने को लेकर सुझाव मांगा और दिए गए सुझाव को अगले सत्र में अम्ल करने की बात कहते वनधन केंद्र की ओर रवाना हो गए जहां पहुंचते ही महिला समूह ने शासन से प्राप्त योजना के लाभ हानि की पूरी जानकारी दिया महुआ इमली जैसे अन्य उपज खरीदी और मुनाफा को लेकर विस्तृत जानकारी लिया इस बीच बुधूपारा सहित आजू-बाजू गांव की पहुंची महिलाओं ने रोजगार नहीं मिलने की बात कही जिस पर कलेक्टर प्रभात मलिक ने स्टाफ को निर्देश देते हुए महिला समूह की लिस्ट प्रदान करने का निर्देश दिया ताकि रोजगार मूलक कार्यों से महिलाओं को जोड़ा जाए और अंतिम में कलेक्टर वनधन केंद्र के आजू बाजू समतलीकरण करने का आदेश दिया।

### पानी बिजली सिलेंडर बिना प्रयोगशाला को सुधारने के निर्देश

आत्मानंद स्कूल संचालित भवन के समीप प्रयोगशाला निर्माण है लेकिन इस प्रयोगशाला मैं पानी बिजली सिलेंडर आर्गन जैसे अन्य की व्यवस्था अब तक नहीं हो पाई है ऐसे हालात में बच्चे किस तरह प्रैक्टिकल पढ़ाई कर सकते हैं इससे अवगत कलेक्टर प्रभात मलिक ने हल्की नाराजगी जाहिर करते हुए आर ई एस एसडीओ को सप्ताह भर के भीतर बिजली फिटिंग करने एवं लैब डिजाइन में सुधार करने का आदेश दिया इसके अलावा पानी टंकी लगाने एवम आत्मानंद स्कूल परिसर में बैठने खेलने की समुचित व्यवस्था करने के लिए कहा गया बकायदा 15 दिन के बाद पुनः देवभोग के आत्मानंद स्कूल अस्पताल सहित अन्य जगहों का निरीक्षण करने की बात भी कहीं गई आत्मानंद स्कूल निरीक्षण के दौरान एसडीएम टीआर देवागन सीईओ एमएल मंडावी तहसीलदार समीर शर्मा बीईओ प्रदीप शर्मा पीओ शिवकुमार नारंग एसडीओ अरुण भार्गव कृषि अधिकारी जेआर नाग सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे

### मीठी बोली के कायल हुए अधिकारी

कलेक्टर प्रभात मलिक ने निरीक्षण के आधे मे ही सीईओ एसडीएम सहित पूरा प्रशासनिक अमला को अपने अपने कार्यालय मैं काम करने के लिए भेज दिया मतलब पहला दौरा रहा जहां अधिकारियों की तामझाम देखने को नहीं मिला इसके अलावा प्रिंसिपल से लेकर अपने अधीनस्थ अधिकारियों को साहब के साथ संबोधित कर कलेक्टर प्रभात मलिक निर्देश देते नजर आए जिसे लेकर प्रशासन गलियारों में कलेक्टर की जमकर तारीफ हो रही है।

## छत्तीसगढ़ उड़ीसा सीमा पर कोविड जांच केन्द्र स्थापित

- सीमा में प्रवेश करने वाले व्यक्ति यों की जांच

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस आर बंजारे के निर्देशन व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी बी कोसरिया के मार्गदर्शन में कोविड-19 महामारी की तेजी से बढ़ रहे केस को ध्यान में रखते हुए शासन के निर्देशानुसार रेहटीखोल बॉर्डर पर स्वास्थ्य टीम तैनात कर दिया गया है जो छत्तीसगढ़ सीमा में प्रवेश करने वाले कोरोना लक्षण वाले व्यक्तियों का कोरोना जांच कर रहे हैं ।स्वास्थ विभाग के मीडिया प्रभारी टी आर धृतलहरे ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि उच्च अधिकारीयों के निर्देशानुसार सभी एसएचसी, पीएचसी व सीएचसी में




प्रतिदिन कोरोना लक्षण वाले मरीजों का निशुल्क कोरोना जांच किया जा रहा है एवम् पॉजिटिव आने पर तत्काल उपचार व कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग किया जा रहा है साथ ही कोविड-19 से बचाव हेतु प्रिकॉशन डोज व स्कूल के बच्चों के टीकाकरण करने हेतु स्वास्थ्य के अधिकारी कर्मचारी अन्य विभाग से समन्वय बनाकर सभी को प्रतिरक्षित करने में जुटे हुए हैं आज बॉर्डर में ड्युटी रत स्वास्थ्य कर्मचारी पुरूषोत्तम पटेल ने बताया कि कोरोना जांच में पुलिस प्रशासन का पुरा सहयोग मिल रहा है।

# न्यायालय के आदेश की अवहेलना जेसीबी से उखाड़ा गया सड़क

■ मेहिनी पैलेस के पीछे स्थित अवैध सड़क संरचना को उखाडा गया

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



उच्च न्यायालय आदेश अवमानना कर अवैध सडक निर्माण करने वाले के खिलाफ नगर पालिका व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए मोहनी पैलेस के पीछे निर्मित अवैध सड़क संरचना मार्ग को जे.सी.बी. के माध्यम से उखाड़ दिया गया।

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रं. 24 में स्थित भूमि खसरा नं. 860 के हिस्से में भूमि के स्वामियों द्वारा माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा आगामी आदेश तक यथा स्थिति बनाये रखने के आदेश के उपरांत भी श्रीमती ज्योति जैन पति रूपेश जैन एवं अन्य के द्वारा मुरूम रास्ता के उपर गिट्टी मिश्रित सामाग्री से रास्ता बना दिया गया था इस संबंध में श्रीमती ज्योति जैन पति रूपेश जैन, श्रीमती राजलक्ष्मी जैन, मांगीलाल जैन पिता रामलाल जैन वार्ड क्रं. 26 नवीन बाजार कवर्धा को मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा पत्र क्रं. 1492 दिनांक 16.06.2022 के तहत पत्र प्रेषित कर विवादित स्थल में सडक डब्ल्यूबीम का निर्माण किया गया है जो खसरा नं. 860 के हिस्से में पूर्व प्राप्त स्थल का नजरी नक्शा अनुसार खसरा क्रं. 860 आपके नाम पर होना बताया जा रहा है पत्र में यह भी लेख करते हुए कहा कि उक्त प्रकरण क्रं. 2334/2020 विचाराधीन है जिस पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आगामी आदेश तक यथास्थिति बनाये रखने के आदेश जारी किये गये है परंतु आपके द्वारा उक्त खसरे पर सडक डब्ल्यूबीएम का निर्माण किया गया है जो माननीय उच्च न्यायालय के आदेश की अवमानना है सूचना प्राप्ति के बाद उक्त सड़क डब्ल्यूबीएम निर्माण को हटाने को कहा था लेकिन माननीय न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन किये जाने के कारण तहसीलदार की उपस्थिति में नगर पालिका व राजस्व टीम ने उक्त मार्ग की सडक डब्ल्यूबीएम संरचना को हटाया गया।

इस कार्यवाही में राजस्व विभाग से तहसीलदार मोरध्वज साहू, उपअभियंता विरेन्द्र नवघरे, पटवारी सहायक राजस्व निरीक्षक, बदी राम साहू, मनीष सिंह ठाकुर, जीवन लाल शर्मा, हुलास ठाकुर देवकुमार साहू, घनश्याम सिंह ठाकुर, लालाराम निषाद, प्रदीप सिंह ठाकुर, मदनलाल पाली, सहित अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### कार्यवाही अभी जारी रहेगा

मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा ने बताया कि कवर्धा शहर के विभिन्न वार्डो में भूखण्डों पर अवैध प्लाटिंग की मंशा से मार्ग संरचना तैयार किया जा रहा है अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही अभी लगातार जारी रहेगा। अभी बिलासपुर रायपुर बायपास मार्ग में रेडियंस हॉस्पिटल के सामने अवैध प्लाटिंग के बाद तैयार ही रहे सड़क और अवैध संरचनाओं को जेसीबी से उखाड़ा गया। इसी तरह शहरी क्षेत्रों के अनेक हिस्सों में अवैध प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा है सभी को सूचित कर अवैध मार्ग संरचना को हटाने हेतु नोटिस प्रेषित किया गया है समय-सीमा के भीतर अवैध संरचना नही हटाया गया उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जावेगी।

# दो सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलनः कर्मचारियों के प्रदर्शन से कार्यालय में पसरा सन्नाटा, आयुक्त ने प्लेसमेंट से लिया काम

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com

राज्य कर्मचारी फेडरेशन के आव्हान पर नगर पालिक निगम रिसाली के कर्मचारी बुधवार को धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। इस दौरान कार्यालय में सन्नाटा पसरा रहा। आयुक्त आशीष देवांगन कार्यालय पहुंचे और प्लेसमेंट कर्मचारियों से रूटिन का कार्य कराया।

दो सूत्रीय मांग को लेकर निगम कर्मचारी सुबह 10 बजे से मुख्य गेट पर जमा हो गए थे। इस दौरान उन्होंने मांग क्यो जायज है इस पर नुक्कड़ सभा भी की। कर्मचारियों ने मांग पूरा करने नारे भी लगाए। कर्मचारियों का कहना था कि सुविधाएं उपलब्ध करना है, लेकिन उन्हे वाजिब हक नहीं मिल रहा है। प्रदर्शनकारियों में स्वायत्तशासी शासकीय कर्मचारी संघ रिसाली के अध्यक्ष गोपाल सिन्हा, उपाध्यक्ष बृजेन्द्र परिहार, पूर्व अध्यक्ष जगरनाथ कुशवाहा के अलावा नलनिश मिश्रा, विवेकरंगनाथ, किरण वर्मा, अखिलेश वर्मा, कमलेश, टेकराम आदि उपस्थित थे।



### निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

आवश्यक पेंडिग फाइलों का निराकरण करने के बाद आयुक्त विजिट पर निकल गए। इस दौरान उन्होंने निगम क्षेत्र में चलने वाले कार्यो का निरीक्षण किया और संबंधित एजेंसी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### कर्मचारियों की मांग

- केन्द्र के समान छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों को 34 प्रतिशत डीए दिया जाए।
- 7वें वेतमान के तहत गृह भाड़ा भत्ता दिया जाए।

### कार्य नहीं हुआ बाधित

आंदोलन का असर रिसाली निगम क्षेत्र के दैनिक कार्य जैसे साफ सफाई व जल प्रदाय बाधित नहीं हुआ। कार्य की जिम्मेदारी एक दिन पूर्व ही प्लेसमेंट के तहत कार्य करने वाले कर्मचारियों को दे दी गई थी। आयुक्त ने सुबह मॉर्निंग विजिट के तहत दैनिक होने वाले कार्यो का निरीक्षण किया।

# श्री नारायणा हॉस्पिटल में होंगे '50 निशुल्क ऑर्थोपेडिक ऑपरेशन' एवं 'स्पाइनल तथा ऑर्थोप्लास्टी कॉन्फ्रेंस'

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ऑर्थोपेडिक के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ ही नहीं वरन मध्य भारत में अब तक की सबसे बड़ी एवं अनूठी पहल का शुभारंभ, 1 जुलाई 2022 को देवेंद्र नगर स्थित 'श्री नारायणा हॉस्पिटल' में होने जा रहा है, जिसमें 50 जरूरतमंद मरीजों के आर्थोपेडिक, स्पाइन तथा ज्वाइंट रिप्लेसमेंट आपरेशन पूर्णतया निशुल्क होंगे, उनका रहना खाना-पीना और मेडिसिन आदि सभी सुविधाएँ पूर्णतः निशुल्क होंगी, जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए एक अनूठी उपलब्धि होगी, जिसमें देश के जाने माने एवं विख्यात ऑर्थोपेडिक स्पाइन एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन अपनी सेवाएं देने उपस्थित होंगे,इस आयोजन का शुभारंभ हमारे प्रांत के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी' के कर कमलों द्वारा होगा, इसके साथ ही इसी दिन यहाँ पर 1,2 एवं 3 जुलाई को मध्य भारत की सबसे बड़ी 'स्पाइन एवं ऑर्थोप्लास्टी कॉन्फ्रेंस' का शुभारंभ भी होने जा रहा है जिसमें उपस्थित सर्जन 1 एवं 2 जुलाई की विशेष ओपीडी में निशुल्क परामर्श एवं सर्जरी हेतु अपनी सेवाएं देंगे इस निशुल्क ऑर्थोपेडिक कैंप में,टोटल नी रिप्लेसमेंट, टोटल हिप रिप्लेसमेंट, शोल्डर रिप्लेसमेंट सर्जरी, नी एवं शोल्डर आर्थ्रोस्कॉपी, एसीएल रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी, स्पाइनल सर्जरी, ज्वाइन्ट फ्यूशन, एंकल रिपेयर एवं सभी प्रकार के फेक्चरों की सर्जरी तथा बच्चों एवं किशोरों में हड्डियों से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन जैसे जटिल स्कोलियोसिस एवं रीढ़ की हड्डी के विकार, नए या पुराने फैक्चर, हड्डियों के कैंसर ( ओस्टियोसारकोमा), जन्मजात एवं वंशानुगत हड्डी रोगों के विकारों की सर्जरी, हिप(DDH) का डिस्प्लेशिया, फुट क्लब एवं सेरेब्रल पाल्सी(CP) आदि के ऑपरेशन पूर्णता निशुल्क होंगे।

# डिजिटल उद्यमिता के जरिए भारत में आदिवासी समुदायों का उत्थान

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत में आदिवासी और स्वदेशी समुदायों के प्रतिनिधित्व में विभिन्न प्रतिभाओं और समृद्ध संस्कृति से प्रेरित होकर हम जनजातीय मामलों के मंत्रालय के साथ अपनी साझेदारी को बढ़ाकर गोइंग ऑनलाइन एज़ लीडर्स (जीओएएल) प्रोग्राम के दूसरे चरण को लॉन्च करेंगे। जीओएएल (गोल 2.0) देश के जनजातीय समुदाय से जुड़े 10 लाख युवाओं और महिलाओं को डिजिटल रूप से कौशल से लैस करेगा। यह प्रोग्राम उन्हें एक-दूसरे से जोड़ेगा और सामाजिक रूप से हाशिए पर खड़े नौजवानों के लिए एक पुल का काम करेगा। इसके लिए उन्हें तकनीक की मदद से उन्हें कई अवसर मिलेंगे, जिसे किसी भी अन्य तरीके से हासिल नहीं किया जा सकता था। इस कार्यक्रम में कई लोग उपस्थित हुए -

जनजातीय मामलों के लिए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, जनजनतीय मामलों के मंत्रालय में सचिव अनिल कुमार झा, आईआईपीए के महानिदेशक एस. एन. त्रिपाठी, जनजनतीय मामलों के मंत्रालय में संयुक्त सचिव नवलजीत कपूर, देश भर में जनजातीय समुदायों के युवक और उद्यमी जनजातीय मामलों के मंत्रालय की माननीय राज्य मंत्री रेणुका सरुता जी और जनजातीय मामलों के मंत्रालय माननीय राज्य मंत्री श्री विश्वेश्वर टुडु जी ने काफी मजबूती से इस कार्यक्रम का समर्थन किया है।

## Gillette का नया कैम्पेन #EngineeringChange भारतीय युवाओं को अपनी शिक्षा की असली सामर्थ्य खोजने के लिए प्रेरित कर रहा है

**रायपुर।** इंडिया, 2022: Gillette इंडिया अपने फ्लैगशिप अभियान Ó#ShavingStereotypes के साथ हमारी क्षमताओं को सीमित कर देने वाली सामाजिक धारणाओं पर मननशील टिप्पणियां करने की अपनी विरासत को आगे बढ़ा रहा है। शेविंग स्टीरियोटाईप्स कैम्पेन का नया संस्करण #EngineeringChange भारतीय युवाओं से आग्रह करता है कि वो आत्मविश्लेषण कर पुनः विचार करें कि शिक्षा किस प्रकार उनके जीवन में परिवर्तन लाने के दायरे से आगे बढ़कर एक नवपरिवर्तन की नींव रख सकती है। 'द बेस्ट ए मैन कैन बी' की प्रेरणा देने के अपने वैश्विक मिशन के साथ यह फिल्म उस रूढ़िवादी दृष्टिकोण का चित्रण करती है, जो लोग अपनी शिक्षा और डिग्री के प्रति रखते हैं।

# आज से प्लास्टिक बैन, दुर्ग निगम ने प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने दुकानदारों और नागरिकों से की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत 01 जुलाई से प्लास्टिक पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा। सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान से हर कोई वाकिफ है। इसको देखते हुए निगम ने 1 जुलाई से प्लास्टिक पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं, व्यापारिक संगठनों, आम नागरिकों, खरीदारों, फुटकर विक्रेताओं से अपील की है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय न करें। 01 जुलाई से दुर्ग निगम द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक को लेकर सख्ती की जाएगी, सिंगल यूज प्लास्टिक रखने एवं इसके उपयोग पर कार्रवाई की जाएगी।

दुर्ग शहर को प्लास्टिक से मुक्त शहर बनाने के तर्ज पर कार्य किया जाएगा और इस पर हर संभव कार्य किया जाएगा। प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की दिशा में आम नागरिकों एवं व्यापारिक संगठनों तथा फुटकर विक्रेताओं आदि को मिलकर सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक का बहिष्कार करना होगा।

उल्लेखनीय है कि जगह-जगह पॉलिथीन बिखरे होने की वजह से यह नालियों में पानी को जाम कर देता है, जल स्त्रोतों को प्रदूषित करता है, डीकंपोज न होने के कारण काफी वर्षों तक यह धरती को किसी न किसी रूप में नुकसान पहुंचाता है, पशु भी पॉलिथीन का सेवन कर मृत्यु की ओर आगे बढ़ रहे हैं, शहर की सुंदरता में बिखरे हुए पॉलिथीन से दाग लगता है। इन्हीं सब कारणों से सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक पर 1 जुलाई से कड़ाई की जाएगी। जब्ती के साथ ही जुर्माना की भी कार्यवाही होगी।

# ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर ब्लॉक के समस्त कर्मचारी अधिकारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा उनकी प्रमुख मांगों में प्रदेश के शासकीय सेवकों को केंद्र समान लंबित 34त्न महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता स्वीकार करने संबंधी मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को दिया गया । इस अवसर पर चंद्रहास पात्र संयोजक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन सरायपाली किशोर कुमार रथ अध्यक्ष छत्तीसगढ़ शिक्षक संघभोजराज पटेल अध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघलव कुमार पटेल अध्यक्ष संयुक्त शिक्षक संघसतीश स्वरूप पटेल अध्यक्ष संकुल समन्वयक संघएनके कोसरिया अध्यक्ष लिपिक संघमनोज राय अध्यक्ष सहायक शिक्षक फेडरेशन व स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग , राजस्व विभाग के कर्मचारीयों सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# न्युवोको विस्टास ने उत्तर भारत में अपना स्थान मजबूत किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्व में अग्रणी सीमेंट कंपनीए न्युवोको विस्टास कॉप ॅलिमिटेड ने अपने प्रीमियम सीमेंट पोटर्फोलियो की शुरुआत के साथ उत्तर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। उत्तरी क्षेत्र में राजस्व विशेष रूप से हरियाणाए पश्चिमी यूपीए पंजाबए दिल्ली और मध्य प्रदेश में व्यापार चैनल और मजबूत डीलर नेटवर्क के सात ब्रांड. बिल्डिंग पर केंद्रित है। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिएए न्युवोको विस्टास कॉप ॅलिमिटेड ने हरियाणा के भिवानी में अपने मौजूदा प्लांट में 1.2 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता के साथ एक ग्राइंडिंग यूनिट स्थापित करने की योजना बनाई है। यह उत्तर क्षेत्र में कंपनी के विस्तार की दिशा में पहला कदम है। यह ग्राइंडिंग यूनिट क्षेत्र में होने वाले क्लिंकर उत्पादन के उपयोग में सहायता करेगी। न्युवोको का उत्पाद पोटर्फोलियो ऑर्डिनरी पोटलैंड सीमेंट ओपीसी पोटलैंड स्लैग सीमेंट पीएससी पोटलैंड पॉजोलाना सीमेंट पीपीसी और पोटलैंड कम्पोजिट सीमेंट ;पीसीसी के साथ अपने ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करता है जो कि बीआईएस मानकों और प्रीमियम कच्चे माल की गुणवत्ता पर आधारित इंडस्ट्री में सवर्श्रेष्ठ हैं।

## अमेज़न बिज़नेस ने लॉन्च किया नया एंड्रॉयड और आईओएस ऐप

**रायपुर।** अमेजन बिजनेस ने एक नया एंड्रॉयड और आईओएस ऐप लॉन्च करने की घोषणा की है इस ऐप को विशेष रूप से बिजनेस ग्राहकों के खरीद अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है नए और एक्सक्लूसिव ऐप के लॉन्च के साथ, ग्राहक अब अपने कारोबार को चलाने के लिए जरूरी सप्लाई ऑर्डर करने के लिए डेस्कटॉप/लैपटॉप की बजाय स्मार्टफोन की मदद से आसानी से चलते-फिरते बिजनेस एक्सक्लूसिव फीचर्स तक आसानी से पहुंच सकते हैं अमेजन बिजनेस ऐप को लॉन्च करने से पहले, व्यावसायिक ग्राहकों को अमेजन ऐप से अपने पर्सनल अकाउंट से लॉगआउट करना होगा और अपने मोबाइल से व्यावसायिक खरीदारी के लिए अपने अमेजन बिजनेस खाते से लॉगिन करना होगा इसके अतिरिक्त बिजनेस से जुड़े काम जैसे बिजनेस अकाउंट-ओन्ली लॉगिन यूजर्स को जोड़ने के लिए बिजनेस सेटिंग्स तक 1-क्लिक एक्सेस जीएसटीआईएन डिटेल्स को प्रबंधित करना साझा भुगतान सेट करना और ऑर्डर स्वीकृत करना, केवल डेस्कटॉप/लैपटॉप पर किया जा सकता है और अमेज़न इंडिया ऐप के माध्यम से एक्सेस नहीं किया जा सकता है नए लॉन्च किए गए ऐप ने इस परेशानी को दूर कर दिया है और अब यह ऐप बिजनेस ग्राहकों की विशेष जरूरतों को पूरा करता है।

# छग सरकार की लोकप्रियता से प्रभावित होकर कई ग्रामों के निवासी कांग्रेस में हुए शामिल, कैबिनेट मंत्री मो. अकबर ने रायपुर निवास में गमछा पहनाकर किया स्वागत

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में विकास की गंगा बह रही है। सभी जिलों में विकास के कार्यों का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नागरिकों की मांग पर विकास के कार्य तत्काल स्वीकृत हो रहे हैं। कांग्रेस सरकार के कार्यों व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर की सक्रियता से प्रभावित होकर कबीरधाम जिले के कई ग्रामों के लगभग 75 ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। मंत्री अकबर ने कांग्रेस प्रवेश करने वाले नागरिकों का तिरंगा गमछा पहनाकर कांग्रेस परिवार में स्वागत किया व उन्हें बधाई दी।

कांग्रेस पार्टी के सेक्टर प्रभारी सुधीर दुबे के नेतृत्व में कवर्धा ब्लाक के ग्राम कान्हाभैरा के सरपंच रामप्रसाद चन्द्रवंशी, ग्राम बटुराकछार के उपसरपंच रमन साहू सहित इन दोनों ग्रामों के कई लोगों ने राजधानी शंकर नगर रायपुर स्थित कैबिनेट मंत्री, मोहम्मद अकबर के निवास कार्यालय पहुंचकर कांग्रेस पार्टी के प्रति आस्था व्यक्त की। उन्होंने कहां कि वे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जनहितकारी शासन एवं विकास के प्रति मोहम्मद अकबर की ललक से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश करना चाहते है। कैबिनेट मंत्री ने इन लोगों की इच्छा का सम्मान करते हुए इन्हें कांग्रेस प्रवेश कराया। कांग्रेस प्रवेश करने वालों के नाम इस प्रकार हैः- ग्राम कान्हाभैरा- रामप्रसाद चन्द्रवंशी सरपंच, संतोष चन्द्रवंशी, दुर्गेश चन्द्रवंशी, नरेश राम, छोटू राम, दीनूराम, ग्राम बटुराकछार - रमन साहू उपसरपंच, नारद यादव एवं नरेश निषाद। इस अवसर पर मणिकांत त्रिपाठी उपस्थित थे। जिला पंचायत सदस्य तुका राम चन्द्रवंशी, मनोज वर्मा मुकेश चन्द्रवंशी, डोगेन्द्र वर्मा, रूपेन्द्र मानिकपुरी, ब्रिजेश चन्द्रवंशी के संयुक्त नेतृत्व में बोड़ला ब्लाक के कई ग्रामों के निवासी कैबिनेट मंत्री के निवास कार्यालय पहुंचे। समूह में आए ग्रामवासियों ने भूपेश बघेल सरकार के कार्यो एवं कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर की सक्रियता से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल होकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने ग्रामवासियों की भावना का सम्मान कर इनका कांग्रेस प्रवेश कराया। उन्होंने सभी लोगों को तिरंगा गमछा पहनाकर उनका स्वागत किया।

### कांग्रेस प्रवेश करने वालों के नाम

ग्राम नेउरगांव कला- मनीष चन्द्रवंशी, सत्यम पटेल, गोकुल, कृष्णा ओमकार, सुरेश, निलेश, ज्ञानेन्द्र चन्द्रवंशी, रिकु चन्द्रवंशी, दुर्गेश चन्द्रवंशी सुरेन्द्र चन्द्रवंशी, दुर्गेश शिवचरण चन्द्रवंशी, संजय चन्द्रवंशी। ग्राम कुसुमघटा- अमित साहू, अशोक यादव, राजेश, प्रभु, यशवंत साहू, सूरज साहू, सुनील जायसवाल, विनोद यादव, खुबचंद, भोजराम साहू, लाला यादव, कन्हैया साहू, राजेन्द्र, बैसाखू, विसर्जन यादव, मनोज दास, दयानंद, शिवकुमार निषाद, दीपक चन्द्रवंशी, विनोद साहू, दुर्गेश साहू, अजीत साहू, कुमेश साहू, दिनेश दास, डाकेश्वर साहू, भगवानी साहू, सुरेश साहू। ग्राम खुरमुन्दा- पिताम्बर धुर्वे, दानी, शत्रुहन, प्रमोद यादव, गोविंद यादव, किशन जायसवाल, अनिल, राम निषाद, युगल किशोर, खेलू नेताम। ग्राम बोड़ला- अरूण यादव, ब्रिजेश चतुर्वेदी, संजय। ग्राम मानिकपुर- दुजराम यादव, ग्राम दलदली जंगल- दुजराम यादव, ग्राम नेउरगांव खुर्द- मनीष यादव, ग्राम सिंघनपुरी- अमरदास बंजारे, ग्राम दशरंगपुर- राहुल टोण्डे एवं ग्राम पलानसरी राजुप्रसाद लहरे शामिल हुए।

# 11 से 23 जुलाई तक जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में मनाया जाएगा वजन त्यौहार

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय पोषण अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में ''वजन त्यौहार 11 जुलाई से 23 जुलाई 2022 का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान संपूर्ण जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों द्वारा लगभग 80 हजार बच्चों के वजन एवं उंचाई का माप किया जाएगा। आयोजन प्रक्रिया अंतर्गत केन्द्रवार निरीक्षण केन्द्र दल का गठन किया जाएगा। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संयोजक के रूप में कार्य करते हुए स्थानीय मितानीन, पंच, स्थानीय शाला शिक्षक, अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक ग्राम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से पालको को आमंत्रित कर निर्धारित तिथि में वजन कराने एवं पोषण स्तर की जानकारी दी जाएगी। वजन लेने का कार्यक्रम कलस्टर स्तर पर किया जायेगा।

### वजन त्यौहार आयोजन के मुख्य उद्देश्य

महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्री आनंद तिवारी ने बताया कि कुपोषण के प्रति समुदाय को जागरूक करना, प्रत्येक परिवार को उनके बच्चों को चिन्हित कर कुपोषण की सही स्थिति का पता लगाना, कुपोषण की सही स्थिति को जानकर प्रत्येक बच्चें की जानकारी सॉफ्टवेयर में दर्ज कर राज्य में कुपोषित बच्चों की स्थिति का डाटाबेस तैयार करना। राज्य के प्रत्येक केन्द्र, ग्राम पंचायत, विकासखंड में कुपोषण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए कुपोषण कम करने की कार्ययोजना तैयार किया जाना। क्षेत्र विशेष, वर्ग विशेष में कुपोषण की पहचान करना जिससे यह भी स्पष्ट हो सके कि किन स्थानों पर और किन कारणों से कुपोषण अधिक है ताकि उनके लिए विशिष्ठ कार्ययोजना बनाई जा सके। कुपोषण की रोकथाम के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु बेसलाईन सर्वे एवं लक्षित बच्चों का चिन्हांकन करना।

संपादकीय

# जी-7 बैठक प्रभावी कदम आवश्यक

**यूक्रेन** पर रूस के बर्बर हमले के खिलाफ जी-7 समूह को तेज व प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जानसन ने रूस पर युद्ध अपराधों का आरोप उचित ही लगाया है। उनकी प्रतिक्रिया एक घटना के बाद आई है जिसमें यूक्रेन में एक भीड़ भरे शापिंग माल पर मिसाइल हमले के बाद 18 लोग मारे गए तथा 59 से अधिक घायल हो गए। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन की 'क्रूरता और जंगलीपन' की निन्दा की। सोमवार को जारी संयुक्त बयान में जी7 नेताओं ने 'यूक्रेन के साथ एकजुटता' पर जोर देते हुए 'यूक्रेन की जनता व सरकार द्वारा अपने देश की संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के प्रति अडिग प्रतिबद्धता' की पुष्टि की जो 'शांतिपूर्ण, समृद्ध व लोकतांत्रिक भविष्य के लिए संघर्ष कर रही' है। इससे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की का उत्साह बढ़ेगा जो ज्यादा बड़े व ज्यादा शक्तिशाली रूस के खिलाफ वीरता से युद्ध कर रहे हैं। घेरेबंद पूर्वी यूरोपीय देश के लिए अमेरिका-नीत पश्चिम का समर्थन प्रशंसनीय रहा है  जिन्होंने अपने वित्तीय प्रभुत्व को हथियार में बदला तथा उसका प्रयोग मास्को के खिलाफ किया। इसके साथ ही नवीनतम हथियारों व उपकरणों के माध्यम से यूक्रेन को हथियारबंद करने की सहायता भी प्रशंसनीय है। लेकिन यही बात उसकी प्रभावशीलता के बारे में नहीं कही जा सकती है। रूस के खिलाफ कई महीने से जारी विकलांगकारी प्रतिबंधों के बावजूद उसकी युद्धक क्षमता अभी मजबूत है। एक शताब्दी से अधिक समय बाद रूस 100 मिलियन डालर से अधिक भुगतान नहीं कर सका है। इसका कारण यह नहीं है, लेकिन उसे कर्जदाताओं को भुगतान की अनुमति नहीं है। इसका असर मास्को के बजाय उसके कर्जदाताओं पर पड़ेगा और निश्चित रूप से पुतिन इससे इतने मजबूर नहीं होंगे कि युद्ध समाप्त करने की घोषणा कर दें।

जी7 नेता क्रेमलिन पर दबाव डालने के अन्य तरीके भी अपना रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया है कि रूसी ऊर्जा के आयात पर वैश्विक सीमा निर्धारित करने के बारे में विचार किया जा रहा है ताकि मास्को की यूक्रेन युद्ध को वित्तपोषित करने की क्षमता प्रभावित हो। रायटर्स की एक खबर के अनुसार वे वैश्विक खाद्य सुरक्षा में सहायता के लिए भी 5 बिलियन डालर का योगदान देंगे। लेकिन वे अपनी इस भूमिका से इनकार नहीं कर सकते हैं जिसके चलते पुतिन इस सीमा तक समृद्ध व दुःसाहसी हुए कि यूक्रेन पर हमले की हिम्मत कर सकें, भले ही यह भूमिका परोक्ष रही हो। पर्यावरण एक्टिविस्टों के आंदोलनों से अमीर देश इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने फासिल ईंधनों का प्रयोग नियंत्रित करने के लिए अपने देशों में उसका उत्पादन हतोत्साहित किया। उदाहरणार्थ, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के नेतृत्व में अमेरिका ऊर्जा का शुद्ध आयातक बन गया, जबकि उनके पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप ने ऊर्जा स्वतंत्रता सुनिश्चित की थी। इसका कारण यह है कि बाइडेन की डेमोक्रेटिक पार्टी उग्र वामपंथी समूहों से लगातार प्रभावित रही। पिछले साल बाइडेन ने रूस को यूरोप में भी तेल बेचने की अनुमति दी। कहने का यह अर्थ नहीं कि  पर्यावरण सरोकारों को अनदेखा किया जाए, लेकिन यह कार्रवाई जल्दबाजी के बजाय सुनियोजित रूप से होनी चाहिए। विकसित देश यह समझ नहीं पा रहे हैं कि हालांकि, जलवायु परिवर्तन के कारण दुनिया एक शताब्दी में नष्ट हो सकती है, वहीं नाभिकीय युद्ध से यह काम एक ही दिन में हो सकता है, जिसकी संभावना है। एक छोटे से देश का आत्मसमर्पण न होने से गुस्सा पुलित युद्ध के विस्तार का फैसला कर सकते हैं। इसके विनाशकारी परिणाम न केवल यूक्रेन और यूरोप, बल्कि सारी दुनिया के लिए हो सकते हैं। जी7 को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि रूस के खिलाफ उसकी कार्रवाइयां न केवल प्रभावी हों, बल्कि इनसे युद्ध का विस्तार भी नहीं होना चाहिए।

# संकुचित सोच से प्रभावित निजीकरण प्रक्रिया

## सरकार द्वारा ईंधन मूल्यों पर नियंत्रण की इच्छा के कारण बीपीसीएल की रणनीतिक बिक्री में बाधा आई है। जब तक यह सोच नहीं बदलती तब तक किसी भी लोक उपक्रम का निजीकरण संभव नहीं हो पाएगा।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)




पेट्रोलियम उत्पादों की रिफाइनिंग व मार्केटिंग के क्षेत्र में कार्यरत केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-पीएसयू भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-बीपीसीएल में सरकार ने लगभग तीन साल पहले अपना 53.29 प्रतिशत का पूरा हिस्सा बेचने का निर्णय किया था, लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ। इसके कारण सरकार ने बिक्री पर विराम लगाने का फैसला किया। इस कदम के पीछे क्या कारण हो सकते हैं? 2021-22 के बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निजीकरण के प्रति व्यापक दृष्टिकोण अपनाने का फैसला किया था जिसका अर्थ पीएसयू में अपना अधिकांश हिस्सा बेच कर उसे निजी उद्यम में बदलना था। इसके लिए केन्द्रीय पीएसयू को मोटेतौर से दो श्रेणियों-रणनीतिक व गैर-रणनीतिक में बांटा गया था। रणनीतिक क्षेत्रों को चार उप-समूहों में बांटा गया था जिनमें नाभिकीय ऊर्जा, अंतरिक्ष एवं रक्षा, परिवहन व दूरसंचार तथा बिजली, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खनिज तथा बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवायें शामिल थीं। गैर-रणनीतिक क्षेत्रों में अन्य सभी क्षेत्र आते हैं जिनमें होटल व पर्यटन सेवायें, औद्योगिक व उपभोक्ता उत्पाद, व्यापार व मार्केटिंग शामिल हैं। योजना के अनुसार सरकार का इरादा गैर-रणनीतिक क्षेत्र में सभी उद्यमों का निजीकरण था। इसके साथ ही इस श्रेणी में सभी नुकसान वाले उद्यमों को बंद करने का फैसला भी शामिल था। रणनीतिक क्षेत्र के सीपीएसयू में उसका एक शर्त के साथ निजीकरण करना था कि सार्वजनिक क्षेत्र में उसके कम से कम एक या अधिकतम चार उद्यमों को बनाए रखना था।

बीपीसीएल उप-समूह 'ऊर्जा, पेट्रोलियम, कोयला व अन्य खनिज' में आता था। इसे देश की ऊर्जा सुरक्षा बनाए रखने के दृष्टिकोण से अत्यधिक महत्वपूर्ण माना जाता था। अतः सरकार संभवतः इसे ऊर्जा सुरक्षा के संदर्भ में बनाए रखना चाहती थी। लेकिन यह 2019-20 में बीपीसीएल निजीकरण फैसले के विपरीत था जिसे 2021-22 में बजट घोषणा के बहुत पहले लिया गया था। शायद यह नीति में पूर्वगामी प्रभाव से परिवर्तन था। इसका दूसरा प्रमुख कारण अनुमतियों व लाल फीताशाही की लंबी व जटिल प्रक्रिया थी। अनुमति की पुरानी प्रक्रियाओं में नीति आयोग ने रणनीतिक विनिवेश के लिए उन कंपनियों की पहचान की थी जिन पर बिक्री पर सचिवों की प्रमुख समिति-सीजीडी को विचार करना था। यह अपने आप में बहुत लंबी प्रक्रिया थी। इसके पश्चात इसे अनुमति के लिए वैकल्पिक व्यवस्था-एएम में जाना होता था जो वित्त तथा सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रियों समेत मंत्रियों का एक समूह था। एएम की अनुमति के बाद बिक्री व सार्वजनिक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग-दीपम को एक प्रस्ताव बनाना होता था जिस पर आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति-सीसीईए को सैद्धान्तिक सहमति देनी होती थी।

संक्षेप में कहा जाए तो इस प्रकार रणनीतिक बिक्री में 12 चरण थे जिनके कारण प्रक्रिया शुरू होने में स्वाभाविक रूप से विलम्ब होता था। इस कारण जब सरकार बाजार में प्रवेश करती थी तब स्थितियों का अनुकूल होना जरूरी नहीं था। बीपीसीएल जैसे मामलों में चुनौती और बड़ी थी क्योंकि खरीदारों का बहुत अमीर होना जरूरी था। उदाहरण के लिए, 2019-20 में रणनीतिक निवेशक को 60,000 करोड़ रुपये निवेश करने की जरूरत थी। उस वर्ष बाजार परिवेश सकारात्मक था क्योंकि कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मूल्य लगभग 70 डालर प्रति बैरल के आसपास थे। यदि सरकार चाहती तो उसे पूरा हिस्सा खरीदने के लिए आवश्यक धनराशि जमा करने वाले रणनीतिक निवेशक मिल जाते। लेकिन नौकरशाह इसके लिए तैयार नहीं थे। लेकिन 2020-21 में कोविड वैश्विक महामारी के कारण वैश्विक स्तर पर मांग लगभग समाप्त हो गई थी और कच्चे तेल की औसत कीमतें लगभग 40 डालर प्रति बैरल पहुंच गईं, जबकि अप्रैल 2020 में तो ये सबसे निचले स्त 20 डालर प्रति बैरल पहुंच गईं। इस कारण बाजार का परिवेश भयानक रूप से नकारात्मक हो गया था। इसके साथ ही पूरी सरकारी मशीनरी वैश्विक महामारी के परिणामों से निपटने में अत्यधिक व्यस्त थी जिसका लक्ष्य लोगों का जीवन व उनकी आजीविका बचाना था।

2021-22 में मूल्यों में सुधार आया और वे 70 डालर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गए। इससे अधिकांश समय तक बाजार के परिवेश में महत्वपूर्ण सुधार आया। लेकिन अधिकारी फिर तैयार नहीं थे जिसके कारण बिक्री को 2022-23 तक टाल दिया गया। वर्तमान वित्त वर्ष में यूक्रेन युद्ध, अमेरिका व यूरोपीय संघ द्वारा रूस के खिलाफ लगाए आर्थिक प्रतिबंधों तथा इसके कारण तेल व गैस की सप्लाई में बाधा से कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। कच्चे तेल की कीमत 120 डालर प्रति बैरल है जो 140 डालर प्रति बैरल तक जा चुकी है। इसके साथ ही तेल कपंनियों की कीमतों में भी भारी वृद्धि हुई। यह समय बिक्री के लिए बहुत अच्छा था, पर ऐसा नहीं हो सका। सरकार ने बीपीसीएल की बिक्री ऐसे मोड़ पर स्थगित रखने का निर्णय किया है जब बाजार की स्थितियां सकारात्मक हैं तथा इसके लिए सभी आवश्यक प्रक्रियायें पूरी की जा चुकी हैं। यह निर्णय थोड़ा आश्चर्यजनक लगता है। यह पहेली समझने के लिए निम्न बातों पर विचार किया जा सकता है।

सिद्धान्त रूप से पेट्रोल व डीजल की कीमतों को क्रमशः जून, 2010 तथा नवंबर, 2014 में नियंत्रण से मुक्त कर दिया गया। तेल कंपनियों को एक फार्मूले के आधार पर अपने खुदरा मूल्य तय करने की स्वतंत्रता दी गई जिसमें उनके संबंधित इंपोर्ट पैरिटी प्राइस-आईपीपी व एक्सपोर्ट पैरिटी प्राइस-ईपीपी को 80:20 में रखना था। लेकिन व्यावहारिक रूप से पेट्रोलियम उत्पादों की खुदरा कीमतों पर राजनीतिक नियंत्रण अभी बना हुआ है। सरकार ऐसा इसलिए कर सकती है कि उसकी तीन तेल मार्केटिंग केन्द्रीय पीएसयू-इंडियन आयल कार्पोरेशन लिमिटेड-आईओसीएल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड-एचपीसीएल व बीपीसीएल का घरेलू ईंधन खुदरा नेटवर्क पर लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा बना हुआ है। हालांकि, तकनीकी रूप से एचपीसीएल तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम-ओएनजीसी की सहायक कंपनी है, लेकिन ओएनजीसी स्वयं एक केन्द्रीय पीएसयू है। ओएनजीसी-एचपीसीएल, आईओसीएल व बीपीसीएल के प्रबंधनों को उनके स्वामियों से प्रत्यक्ष निर्देश मिलते हैं कि वे इच्छित स्तर पर कीमतें बनाए रखें, यानी यह स्तर राजनेताओं की इच्छा पर निर्भर करता है। अक्सर इसका बाजार द्वारा निर्धारित मूल्य से कोई संबंध नहीं होता है। उदाहरणार्थ, दिल्ली में पेट्रोल की पंप पर कीमत 97 रुपये प्रति लीटर है जिसका संबंध कच्चे तेल की 90 डालर प्रति बैरल कीमत से है, जबकि भारत के लिए इसका वर्तमान समय में मूल्य 115 डालर प्रति बैरल है।

यदि ये उद्यम वास्तव में उपरोक्त फार्मूले के आधार पर कीमतें तय करने के लिए स्वतंत्र होते तो पंप पर इसकी कीमत 110 रुपये प्रति लीटर होती। इस पृष्ठभूमि में देखें तो यदि इन तेल पीएसयू का एक हिस्सा निजी हाथों में चला जाए जो लगभग 25 प्रतिशत खुदरा बिक्री का जिम्मेदार है तो ईंधन की कीमतें तय करने की सरकार की क्षमता में काफी कमी आएगी। वर्तमान परिदृश्य में जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतें ऊंची बने रहने की आशा है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ईंधनों की खुदरा कीमतों में बेलगाम वृद्धि की अनुमति नहीं दे सकते हैं। यह बात खासकर आने वाले समय में कई राज्यों में विधानसभा चुनावों को देखते हुए महत्वपूर्ण है। वे ईंधन की कीमतों पर अपना प्रभाव बनाए रखना चाहेंगे। इसी कारण बीपीसीएल की बिक्री का निर्णय ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। लेकिन तटस्थ दृष्टिकोण से देखें तो यह कदम समझदारी भरा नहीं है।

पहले ही खुदरा कीमतों पर कृत्रिम नियंत्रण के कारण निजी फर्मों, जैसे आरआईएल व नायरा इनर्जी से ईंधन सप्लाई में भारी कमी आई है। वे एचपीसीएल, आईओसीएल व बीपीसीएल द्वारा तय कीमतों का मुकाबला नहीं कर सकती हैं। यहां तक कि सरकारी कंपनियां भी एक बिंदु से अधिक नुकसान झेलने की स्थिति में नहीं हैं जिसका नतीजा देर-सवेर सप्लाई में कमी के रूप में सामने आएगा। इसके साथ ही इसका असर भविष्य में रणनीतिक बिक्री के समय बीपीसीएल की कीमत पर भी पड़ेगा। रणनीतिक बिक्री में एक बड़ी बाधा अवस्थापना का हमेशा के लिए ड्राइवर सीट पर बने रहने की इच्छा है। जब तक यह सोच नहीं बदलती है, तब तक बीपीसीएल या किसी अन्य पीएसयू का निजीकरण संभव नहीं होगा। यदि बिक्री होती है तो भी ऐसी स्थिति में उसका अच्छा मूल्य नहीं मिलेगा।

# 'ईज़ आफ लिविंग' के लिए बहुत कुछ करना होगा

> स्थानीय स्तर पर सभी प्रणालियों की समझ और संचालन के संदर्भ की बुनियादी इकाई की पहचान करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है।



**विनयशील गौतम**
(लेखक जाने-माने प्रबंध परामर्शदाता हैं)

जीवन निरंतर गतिशील मोड में है। गतिशील प्रवाह में अधिक महत्वपूर्ण तत्वों में, भौतिक और संज्ञानात्मक प्रणाली है। शरीर के अंदर और बाहर आवधिक परिवर्तन परिवर्तन के स्पष्ट संकेतक हैं। साथ ही, बौद्धिक और भावनात्मक प्रणालियों में परिवर्तन होता है। जैसा कि होता है, अधिकांश समुदायों के पास इस परिवर्तन के माध्यम से लोगों को पारगमन में सहायता करने के लिए बहुत कम या कोई औपचारिक प्रणाली नहीं होती है।

इस प्रकार, अपने स्वयं के विकास में एक व्यक्ति की भूमिका वास्तविकता से निपटने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह वे अनौपचारिक प्रक्रियाओं के माध्यम से और उस वातावरण से सीखते हैं जिसमें वे अंतर्निहित हैं। स्कूलों और कॉलेजों के माध्यम से औपचारिक शिक्षा और संदर्भ से अनौपचारिक शिक्षा और पर्यावरण परस्पर एक दूसरे का समर्थन कैसे करते हैं, इसका अध्ययन करने में यह एक महत्वपूर्ण तत्व है।

इस प्रकार, यह वह सीखना है जो जीवन जीने की क्रिया का एक बहुत ही महत्वपूर्ण गुण बन जाता है। शारीरिक, बौद्धिक और भावनात्मक रूप से जो परिवर्तन होते हैं, वे जीवित रहने की कला के लिए महत्वपूर्ण हैं। यह प्रक्रिया अन्य सुविधाओं में अंतर्निहित है।

कोई बड़ा होकर शादी कर लेता है। बच्चे विवाह से पैदा होते हैं और संदर्भ की इकाई बदल जाती है। बाकी सब की तरह, यह भी एक गुज़रता हुआ दौर है; बच्चे बड़े हो जाते हैं और माता-पिता फिर से दो की इकाई बन जाते हैं। यह सब एक गतिशील सामाजिक वातावरण में उलझा हुआ है। बाहरी शासन प्रणाली विकसित होती है। यह



नागरिक समाज के निर्माण में दो महत्वपूर्ण प्रश्न उठाता है। एक है संसाधनों तक पहुंच और दूसरा है विकास के अवसर। यदि बहुत अधिक गतिमान भाग हों तो जीवन यापन की चुनौती बड़ी हो जाती है।

जीने की चुनौती जीवन की सुगमता का सुपरसेट है। जीवन की सुगमता अन्य बातों के अलावा, रूपों और स्वरूपों, स्क्रीनिंग और सत्यापन के बारे में है। जीवन की चुनौती ऊर्जा, पानी और सुरक्षा जैसे इनपुट की उपलब्धता के कार्य से संबंधित है। इस सब में, स्वास्थ्य सेवा का कार्य मौलिक है। एक बार जीवन जीने की चुनौती और जीवन की सुगमता के बीच इस अंतर को पहचान लिया जाता है, प्रगति सरल हो जाती है और इसलिए उच्च स्तर के समाधान के लिए उत्तरदायी होती है। उपरोक्त दोनों मुद्दों, चुनौती और जीवन की सुगमता, को संदर्भ की इकाई को समझे बिना नहीं संभाला जा सकता है। संदर्भ की इकाई अक्सर अपरिभाषित होती है। यह समुदाय से समुदाय में भिन्न हो सकता है। कचरा संग्रहण के मूल कार्य पर विचार करें।

यह इतना बुनियादी है कि ज्यादातर लोग इसे हल्के में लेते हैं। यह एक अति सरलीकरण है। नई दिल्ली की एक अपमार्केट कॉलोनी में, एक दशक से थोड़ा अधिक समय पहले, यह पाया गया कि सीवरेज पाइप पानी के पाइप के समानांतर रखी गई थी और मानसून के दौरान, सीवरेज पाइप में प्रवाह से पानी के पाइप में प्रवाह का संदूषण हुआ। . बीमारी बह गई। फिर उचित कचरा संग्रहण शुरू किया गया। एक था कचरे का पृथक्करण, बायोमास प्रकार और गैर-बायोडिग्रेडेबल प्रकार के बीच। अलग-अलग कूड़े के निस्तारण की संस्तुति की गई। यह प्रथा अभी तक विकसित शहरों की कई कॉलोनियों में जड़ जमा चुकी है।

इस मान्यता को साथ-साथ चलना होगा कि किस एजेंसी से किस प्रकार के कचरे के संग्रहण के स्तर का आरोप लगाया जाता है। दृष्टांत कई हो सकते हैं। समाधान को संदर्भ की इकाई की मान्यता के साथ करना होगा- कचरा संग्रहण के लिए एजेंसी कैसे तय की जाती है? ऊर्जा, मानो, बिजली का उचित वितरण सुनिश्चित करने के लिए कौन जिम्मेदार होगा? पानी की आपूर्ति कैसे सुनिश्चित होगी? सीधे शब्दों में कहें, तो स्थानीय स्तर पर सभी प्रणालियों की समझ और संचालन के संदर्भ की बुनियादी इकाई की पहचान करने पर ध्यान देने की आवश्यकता है, जितना कि किसी अन्य स्तर पर। कुछ काम शुरू हो गया है, और भी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

## फरमाया



**हमें** कभी आपातकाल का वह खतरनाक समय नहीं भूलना चाहिए जिससे हम बाहर निकले हैं। इतिहास के हर चरण से सीखना महत्वपूर्ण है।

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**सरकार** व रुपये के बीच प्रतियोगिता है कि किसकी कीमत ज्यादा तेजी से गिरती है। सुशासन के प्रति ध्यान दिया जाना चाहिए।

**- राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**राष्ट्रपति** चुनाव में समर्थन के लिए मैं भाजपा में अपने पूर्व सहयोगियों से संपर्क करूंगा।

**- यशवंत सिन्हा**
संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## जेनरिक दवाएं

**केंद्र** सरकार ने आमजन को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के लिये जन औषधि केंद्रों की स्थापना किया था। जिससे लोगों को महंगी दवाओं से निजात मिले। लेकिन सरकारी अस्पतालों में बाहर से ब्रांडेड महंगी दवाये लिखी जाती थी।जब इस मामले को मीडिया ने उठाया तो उप्र के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस मामले का संज्ञान लिया। अपर मुख्य सचिव  स्वास्थ्य ने सभी चिकित्सको को जेनरिक दवाएं लिखने का आदेश जारी किया। जन औषधि केंद्रों पर दवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश जारी किया। स्वास्थ्य मंत्र ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार सबको सस्ती दवाएं और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिये संकल्पित है। डॉक्टरों को पहले भी इस बात के निर्देश दिए गए थे कि वे दवा के साथ साल्ट का भी नाम लिखे। इस आदेश का सख्ती से पालन करने के लिये डीएम और मण्डलायुक्तों को निर्देश दिया गया। अस्पतालों में बैठे सीएमएस और सीएमओ की जिम्मेदारी है कि वे सरकार के आदेश का पालन करे। लेकिन हर जगह लापरवाही स्वास्थ्य विभाग में देखने को मिल रही है। मुझे नही  लगता मंडलायुक्त कभी अस्पताल देखने जाएंगे। सरकार अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करे। गड़बड़ी होने पर उन्हें सीधे पदावनत कर दिया जाए।

**- कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

## देशहित में है अग्निपथ

**आज** अग्निपथ योजना का जिस तरह से कांग्रेस द्वारा विरोध किया जा रहा है तब हम कांग्रेसियों से पूछना चाहते हैं कि आपने जब से बीजेपी की सरकार आई है उसका सिवा विरोध के कुछ भी  काम नहीं किया है। आज भारत सरकार देश की खुशहाली के लिए एक के बाद एक कई तरह की योजनाएं ला रही है जिससे नौजवानों को काम मिल सके ऐसी योजना का कांग्रेस द्वारा विरोध करना अनुचित बात है। क्योंकि सरकार की इन योजनाओं का जनता द्वारा स्वागत भी किया जा रहा है स्टार्टअप के जरिए देश में कई हजार नौजवानों को आज काम मिल चुका है इसी तरह से कोरोना काल के चलते काफी समय से सेना की भर्ती में रुकी हुई थी सब काफी सोच विचार कर सरकार ने इस क्षेत्र में अग्निपथ योजना लाई है जिसे सेना के तीनों अंगों ने भी स्वीकृति देकर इसका स्वागत किया है।आज तीनों सेना के अध्यक्षों ने भी नौजवानों से इसमें भाग लेने की अपील भी की है। तब इस योजना स्वागत किया जाना चाहिए इस योजना में नौजवानों के लिए 4 साल काम करने का अवसर दिया गया है इसमें वेतन भी भरपूर है आज स्वयं नौजवान इसमें भाग ले रहे हैं।

**- मनमोहन राजावत**, शाजापुर

## वीभत्स घटना

**उदयपुर** की इस वीभत्स घटना को हत्या नहीं बल्कि आतंकी घटना कहना होगा क्योंकि जिस तरह से कन्हैया लाल की गर्दन रेती गयी और इसके बाद हंसते हुए रिआज़ अख्तरी और गौस मोहम्मद ने जिस तरह का वीडियो बनाया वह काफी आतंकी संघटनों के अतीत में हुए इस तरह की घटनाओं से मिलता जुलता है।  यह शर्मनाक है की कन्हैया लाल ने अपनी हत्या से कुछ ही दिन पहले पुलिस में जाकर अपनी जान के खतरे को लेकर अर्जी दी थी और अपने पड़ोसी का साफ़ साफ़ जिक्र किया था और किस तरह से उनकी दूकान की रेकी की जा रही है,  और उनकी हत्या कभी भी हो सकती है। इस सब के बावजूद पुलिस ने इसका संज्ञान न लेते हुए कन्हैया लाल का नो कोई सुरक्षा प्रदान की बल्कि नाजिम के भाई को सुरक्षा प्रदान कर दी। इससे राजस्थान पुलिस के इरादों पर भी बड़ा प्रश्नचिन्ह उठता है। वैसे नेशनल इन्वेस्टिगेटिंग एजेंसी ने इस मामले को अपने हाथ में ले लिया है और हमें आशा करेंगे  की इस घटना की तह तक जांच होनी चाहिए और इन दोनों को मृत्यु दंड अवश्य मिलना चाहिए।

**- बाल गोविंद**, सेक्टर 44, नोएडा

धरती के भगवान को सलाम

# कहानी ऐसे डॉक्टर दंपत्ति की जो सेवा परमो धर्म के सूत्र वाक्य पर निरंतर दे रहे हैं अपनी सेवा

## डॉ. पति हुए कोरोना संक्रमित फिर भी, बावजूद जारी रखी अपनी सेवाएं

रवि भूतड़ा < बालोद
www.dailypioneer.com



(डॉक्टर्स डे स्पेशल)

भगवान के बाद धरती पर अगर किसी को भगवान का दर्जा दिया जाता है तो वह हैं डॉक्टर। कोरोना काल में जहां हर आम से लेकर खास इंसान घरों में कैद थे। कोरोना से बचाव का प्रयास कर रहा थे। वही डॉक्टर खुद कोरोना के खतरे को झेलते हुए भी दूसरों की जिंदगी को बचाने की जद्दोजहद में जुटे हुए थे। संक्रमण काल में डॉक्टर्स जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे लोगों का न केवल इलाज कर रहे थे। बल्कि उन लोगों को नया जीवन भी दे रहे थे। आज डॉक्टर्स डे पर पायनियर भी ऐसे डॉक्टरों को सलाम कर रहा है। जिन्होंने अपना जीवन जोखिम में डालकर लोगों की सेवा की। जिले में भी एक ऐसे डॉक्टर दंपत्ति है, जो विगत कई वर्षों से दिन रात एक कर अपनी सेवाएं निरंतर दे रहे है। हम बात कर रहे है, डॉक्टर संजीव ग्लैड और डॉक्टर रश्मि ग्लैड की। जो रिश्ते में पति-पत्नी है। डॉ. संजीव ग्लैड वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी है। साथ ही वे टीवी, एनसीडी, हेल्थ एन्ड वेल्थ सेंटर, महामारी नियंत्रण, कोविड नोडल सहित विभिन्न पदों की जिम्मेदारी भी संभाल रहे है। वही रश्मि ग्लैड अर्जुन्दा पीएससी में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी पर पदस्थ हैं। डॉ. संजीव और उनकी पत्नी डॉ. रश्मि भी उन वॉरियर्स में से एक है। जिन्होंने महामारी काल में अपने जीवन को खतरे में डालकर दूसरों की सेवा की। पायनियर से बातचीत में डॉक्टर ग्लैड दंपत्ति ने कोरोनाकाल से जुड़ी घटना, अपने जीवन के अनुभव और इस पेशे को चुनने को साझा किया।

### कोरोनाकाल का दौर बहुत चैलेंजेस था: डॉ. रश्मि ग्लैड

डॉ. रश्मि बताती है कि वे 19 वर्षों से इस पेशे में हैं। उन्हें प्रेरणा उनके मामा-मामी से मिली, जो कि सरकारी डॉक्टर थे। बचपन से हम देखते थे कि किस इमोशन से वे पेसेंट की सेवा करते हैं और मरीज भी उन्हें खुशी से सम्मान देते थे। रश्मि आगे बताती है कि शुरू से ही इच्छा थी ग्रामीण इलाकों में अपनी सेवा दे, चूंकि बहुत से ऐसे गरीब मरीज होते है, जिनका कोई सहारा नही होता।ग्राम घोटिया में पहली पोस्टिंग के दौरान काफी कठिनाईयों का भी सामना करना पड़ा। क्योंकि काफी इंटीरियर था। मन में एक विश्वास था कि मैं यहां कार्य कर लुंगी। दो कमरे का घर लेकर मैंने 8 साल वहां अपनी सेवा दी है। उस समय न ही मोबाइल की सुविधा थी और न ही टीवी हुआ करता था। रश्मि आगे बताती है कि ड्यूटी के दौरान परिवार से दूर रहना पड़ता है, ड्यूटी से ऑफ होने के बाद समय निकाल लेते है। लेकिन कोरोनाकाल में यह सम्भव नही हो पाता था। कोरोनाकाल का दौर बहुत चैलेंजेस था। देशभर के लोगों से उसे देखा है। हम जब उस समय फील्ड पर जाते थे फिर उसके बाद घर लौटना होता था, तो एक डर से लगा रहता था। लेकिन सेवा को ही धर्म मानकर कोविड के दौरान पूरी गाईडलाईन का पालन कर सेवाएं दी हैं। और इस बात की बेहद खुशी है।

### एक बार हुआ था कोविड पॉजिटिव: डॉ. संजीव ग्लैड

वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव ग्लैड बताते है कि उन्हें डॉक्टर बनने की प्रेरणा उनके माता पिता से मिली, जो कि भिलाई इस्पात सयंत्र हॉस्पिटल में नर्सिंग सुप्रीटेंडेंट थे। इस पेशे में लगभग मुझे 20 साल हो गए हैं। माता-पिता की मरीजो के लिए सेवा को देखते हुए मैंने इस डॉक्टरी के पेशे को चुना हैं। डॉ. संजीव ने आगे बताया कि कोविड का समय काफी कठिन था। सभी सेंटरों का विजिट करना, फिर घर लौटना। बहुत चुनौतियां थी। लेकिन खुशी इस बात की है उस दौर में सभी के साथ मिलकर हमने बहुत अच्छा काम किया। डॉ. संजीव बताते है कि उस दौरान एक बार वे पॉजिटिव भी आए थे। तब खुद को होम आइसोलेट कर लिया था। सुरक्षा के मद्देनजर मेरी पत्नी ने भी खुद को होम आइसोलेट किया था। लेकिन जब मैंने जैसे ही ठीक हुआ, तो मैने तत्काल ड्यूटी ज्वाइन की।

# भीमकन्हार में डायरिया का प्रकोप पानी पीने से बीमार पड़े ग्रामीण

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भीमकन्हार में उल्टी दस्त की शिकायत मिलने पर मामले को गंभीरता से लिया और त्वरित रूप से कार्यवाही करते हुए स्वास्थ्य विभाग को समुचित उपचार के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम भीमकन्हार में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला एवं विकासखंड टीम के अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा ग्राम भीमकन्हार पहुंचकर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम में उल्टी-दस्त से 7 व्यक्ति प्रभावित हुए हैं, जिसमें से 3 व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार दिया गया जिनकी स्थिति सामान्य है। उनमें से 4 व्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडीलोहारा में उपचार दिया गया जिनमें से 3 व्यक्तियों को मेडिकल कॉलेज राजनांदगॉव रेफर किया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि सभी ग्रामवासियों को पानी उबालकर पीने, खाद्य पदार्थो को ढककर रखने की सलाह दी गई तथा पीने के पानी में क्लोरीन की गोली का उपयोग करने की सलाह दी गई तथा 07 दिवस तक संस्थाओं के माध्यम से विशेष निगरानी हेतु निर्देशित किया गया। आपको बता दे कि ग्राम भीमकन्हार में डायरिया का प्रकोप देखने मिला हैं। जहां पानी पीने से ग्रामीण बीमार पड़ गए हैं।

3 ग्रामीणों का अछोली में और 3 लोगों को गंभीर हालत में डौंडीलोहारा पीएससी रेफर किया गया हैं। वही गांव में स्वास्थ्य विभाग शिविर लगाकर अन्य बाकि ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करने में जुटा हैं। बताया जा रहा है कि बोर का पानी पीने की वजह से ग्रामीण बीमार हुए हैं। वही बताया जा रहा है कि गलियों में मौजूद कीचड़ का पानी बोरो एवं नलों में मिलने की वजह से और उसके बाद पानी का सेवन करने से लोग बीमार पड़े हैं। यह आशंका जताई जा रही हैं। बहरहाल ग्रामीणों को पानी को उबालकर पीने की सलाह दी जा रही है साथ ओआरएस घोल भी पिलाई जा रही हैं।

# जिले में परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजन की हुई शुरुआत

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा 2022 आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 27 जुन से 10 जुलाई 2022 तक लक्ष्य दंपत्ति संपर्क पखवाड़ा एवं 11 से 24 जुलाई 2022 तक जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसके मण्डल एवं सिविल सर्जन एवं जिला नोडल अधिकारी (परिवार कल्याण) डॉ. एसएस देवदास द्वारा पखवाड़ा रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ें का आयोजन करने का मुख्य उद्धेश्य परिवार नियोजन सेवाओं का लाभार्थियों तक पहुचना एवं प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं का प्रधान न केवल आवांछित गर्भधारण को रोकने के लिए अधिक महत्वपूर्ण रखता है। बल्कि सभी माता एवं शिशु स्वास्थ्य कल्याण के लिए भी आवश्यक है। महिला एवं पुरूष नसबंदी को बढ़ावा देना हैं। इस हेतु पुरूष एवं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा व्यक्तिगत चर्चा एंव परामर्श द्वारा नसबंदी के लाभ को आम जनता तक प्रचारित किया जा रहा है एंव इसके लिए मोर मितान मोर संगवारी' एवं 'सास बहू सम्मेलन' कार्यक्रम समस्त विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों मे आयोजित किया जावेगा। जिससे आम जनता को एवं हितग्राही को नसबंदी संबंधी जानकारी दिया जायेगा।उक्त कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी (मातृ.स्वा.) डॉ. गीता मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मेरिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. भूमिका वर्मा, जिला सलाहकार डॉ. हेमेश्वर जोशी, जिला सलाहकार अरविन्द्र मिश्रा, भूपेश देवांगन, रविसोनबरसा, तोषण कुमार खरे, प्रिंयका पाल, धनेश कुमार, सुर्यकांत, रोहित शर्मा, हेमंन्त सोनवानी, आदि उपस्थित रहें।

# जोगी के बाद अब मैं 'सतनाम सेवक' बनकर सतनामी समाज की सेवा में अपना जीवन न्यौछावर करूंगा: अमित जोगी

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे जिला अनुसुचित विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन भोरमदेव परिसर में किया गया। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेशाध्यक्ष अमित जोगी ने कहा कि परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास जी के स्वर्ण विचार मनखे मनखे एक समान में ही सुखी और समृद्ध जीवन का सार है। सतनाम केवल एक धार्मिक, व्यवहारिक या सामाजिक शिक्षा तक सिमित नहीं है बल्कि मेरा ऐसा मानना है कि सतनाम एक मॉडल ऑफ़ गवर्नेंस है। मानव मानव में समानता का पाठ, नशा मुक्त समाज, भेदभाव विहीन समाज ये सब ऐसी सामाजिक व्यवस्थायें हैं जो पूरे विश्व में आर्थिक उन्नति का एक नया अध्याय लिख सकती है। इसलिए मैं कहता हूँ कि सतनाम में पूरे विश्व की दशा और दिशा बदलने की शक्ति है। लेकिन कुछ लोग नहीं चाहते कि सतनाम शक्ति आगे बढ़े और इसलिए ये इस हमारी शक्ति को कम करने में लगे हैं। अमित जोगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में इसके पूर्व ऐसी सरकार थी जिसने लुभाने का काम किया और ठगा अब तो ऐसी सरकार है जो सीधे भुलाने और दबाने का काम कर रही है। ये सरकार केवल एक जाति विशेष को आगे बढ़ाकर उसे छत्तीसगढ़वाद का झूठा नाम दे रही है। सतनामी समाज के लोगों के विरुद्ध प्रायोजित प्रताड़ना की शिकायतें पूरे प्रदेश से लगातार आ रही है। ये सरकार क्या सोचती है, 40 लाख अनुयायियों की आवाज़ को दबा देगी। छत्तीसगढ़, परम पूज्य बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि है, कर्म भूमि है, उनका कण कण इस माटी में बसा है और जो माटी में है उसको मिटा नहीं सकते।

अमित जोगी ने कहा कि स्वर्गीय अजीत जोगी जी और सतनाम समाज का रिश्ता गुरु और सेवक का रहा है। सतनामी समाज ने अपने सेवक, अजीत जोगी को इतना प्यार दिया जितना एक माँ अपने बच्चे को देती है। और जोगी जी ने भी जीवनभर सतनामी समाज की निस्वार्थ भाव से सेवा की। माननीय जोगी जी के बाद अब मैं सतनाम सेवक बनकर सतनामी समाज की सेवा में अपना जीवन न्यौछावर करूँगा।

# निर्मला इंग्लिश मिडियम स्कूल में हुआ छात्र संघ का गठन



पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

नगर के निर्मला इंग्लिश मीडियम स्कूल में छात्र संघ का गठन हुआ। विद्यालय में सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्य म का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात पदाधिकारियों के नाम की घोषणा कर सीनियर विंग एवं जूनियर विंग के छात्र संघ का गठन किया गया। स्कूल प्रबंधन ने विभिन्न दायित्वों पर छात्रों की नियुक्ति की है। जिसमें सीनियर विंग से हेड बॉय पद पर देवरत, हेड गर्ल कृति नायक, एजुकेशन मिनिस्टर जय पटेल, जेनिस जोसफ, कल्चरल मिनिस्टर अभिनव महतो, कुमारी रानी, डिसिप्लिन मिनिस्टर अरिहंत जैन, गगनप्रीत कौर, स्पोर्ट्स मिनिस्टर मयंक ठाकुर, सृष्टि झा, से टरी अजितेश पारकर, ज्वाइंट से ट्री सृष्टि जैन, ब्लू हाउस लीडर प्रत्यूष भास्कर सिद्धि सॉरी रेड हाउस लीडर उदय कुरील, जिया आहूजा ग्रीन हाउस लीडर शिबू अब्राहम, विनिता चौधरी ,येलो हाउस लीडर तेजस देशमुख शेरिल स्टीफन को नियुक्त किया गया। साथ ही जूनियर विंग से हेड बॉय पद पर वेदांत तिवारी हेड गर्ल धानी मोरयानी, एजुकेशन मिनिस्टर स्वराज गुप्ता, मान्या जैन, मुस्कान मिश्रा, स्पोर्ट्स मिनिस्टर वंश रामटेके, सृष्टि मेंढे,ब्लू हाउस लीडर समकित जैन, अरीबा शेख, वंशिका सिन्हा, ग्रीन हाउस लीडर प्रयाग मंडावी, काव्या दासानी,येलो हाउस लीडर जतिन टेमरे, मिशील एन्थोनी को नियुक्त किया गया।

# पुलिस ने नशा मुक्ति के खिलाफ अभियान चलाकर लोगों को किया जागरुक

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, अति.पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले में थाना/ चौकी प्रभारियों के द्वारा नशा मुक्ति के खिलाफ अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है इस अभियान तहत दिनांक 28.जून को थाना दाढी, नवागढ एवं चौकी देवकर स्टाफ उप निरीक्षक टी. आर. कोसिमा, सउनि सुभाष सिंह, प्रधान आरक्षक मोहन साहू, यागेश्वर देशमुख एवं अन्य स्टाफ के द्वारा दाढी के चौक चौराहो, ग्राम बचेडी के ग्रामीणो एवं नवागढ में आमजनो को बताया कि बीडी, सिगरेट,शराब, गांजा जैसे नशा शारीरिक समस्याओं के साथ ही आर्थिक और सामाजिक स्तर पर भी नुकसान का कारण बनता है। लोगों को नशा नहीं करने का संकल्प व इसके दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। नशे से ग्रसित व्यक्ति तनाव में रहता है और उसे मानसिक परेशानियां घेर लेती है, इसके अलावा उसे स्वास्थ्य परेशानियां भी होती है और नशे में अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है। क्योकि ऐसे ही व्यक्ति अपराधों को बढावा देता है। इसलिए हमें नशे से दुर रहना चाहिए। गुडाखु, तंबाकु, गुटका के लगातार सेवन से मुह धीरे-धीरे कम खुलने लगता है जो कि कैंसर का कारण बनता है किसी भी प्रकार का नशा को छोडने के लिए व्यक्ति को दृढ संकल्पित होने की आवश्यकता है। इसके लिए युवाओं को आगे आकर समाज में जागरूकता लाने की आवश्यकता है ताकि समाज में सामाजिक मधुरता बना रहे। साथ ही बेमेतरा पुलिस द्वारा मादक पदार्थो की तस्करी करने वालो पर कडी नजर रखी जा रही है।

# शासकीय महाविद्यालय में विभिन्न समस्याओं को लेकर एबीवीपी ने प्रहलाद वर्मा को सौंपा ज्ञापन



**उतई।** शासकीय महाविद्यालय उतई में विभिन्न समस्याओं को लेकर एबीवीपी के छात्र नेताओं ने कॉलेज के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रहलाद वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कॉलेज में सभी नियमित छात्र एवं छात्राओं का आई कार्ड बनाने, कॉलेज अचार संहिता नियम लेखन, सायकल स्टैंड में तार जाली घेरा, थाना नर्सरी में छात्रों का जाना प्रतिबंध करना, महाविद्यालय परिसर में साफ सफाई की उचित व्यवस्था, कॉलेज को दो पाली में लगाने, कॉलेज में सभी छात्रों के लिए डेस कोड प्रमुख मांग है। जनभागीदारी अध्यक्ष प्रहलाद वर्मा ने अश्वशन दिया की जल्द ही इस मांग पर चर्चा कर समस्या का निराकरण किया जायेगा।

# नवाचारी शिक्षिका निभारानी उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com




शिक्षा विभाग दुर्ग के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनोरा में दुर्ग विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दुर्ग विकासखण्ड के सभी स्कूलों के बच्चों का स्वागत किया गया साथ ही क्षेत्र के उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया की व्याख्याता निभारानी मधु को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छग शासन के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू एवं जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। शिक्षिका निभारानी मधु ने कोरोंनाकाल में बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ने प्रेरित किया, जरूरतमंद छात्रों को मोबाइल सहित अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान किया एवं कोरोनाकल में शिक्षा के वैकल्पिक व्यवस्था में अधिक बेहतर एवं कुशल बनाने हेतु इनके नवाचारी प्रयासों के कारण यह सम्मान प्रदान किया गया है। शिक्षिका निभारानी ने अपने सम्मान के लिए स्कूल के प्राचार्य, स्टॉफ एवं शौर्य युवा संगठन, सभी सम्मानकर्ताओं सहित सहयोगियों का धन्यवाद किया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरिड़या प्राचार्य अनिल गुप्ता, शौर्य संगठन के अध्यक्ष फलेंद्र पटेल, आदित्य भारद्वाज, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति सहित ग्राम के गणमान्य लोगों ने इस उपलब्धि हेतु शुभकामनाएं प्रेषित किया।

# रथ यात्रा नवीन बाजार से निकलेगी भगवान जगन्नाथ की सवारी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर में जगन्नाथ महोत्सव समिति के बैनर तले आज 1 जुलाई को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी इसके पहले भगवान जगन्नाथ बद्री विशाल एवं माता सुभद्रा की आचार्य जी के द्वारा पूजा अर्चना एवं आरती किया जाएगा जगन्नाथ महोत्सव समिति के सदस्यों के द्वारा रथयात्रा निकालने के लिए बहुत पहले से तैयारी शुरू कर दी गई थी इसके लिए रथ की मरम्मत के साथ रथ को सजाने संवारने का भी काम पूर्ण किया जा चुका है यहां हर साल रथ भगवान की रथ यात्रा बड़ी धूमधम श्रद्धा भक्ति एवं आस्था के साथ निकाली जाती है किंतु बीते 2 साल पहले देश में कोविड-19 संक्रमण के चलते रथ यात्रा को स्थगित कर दिया गया था किंतु इस साल फिर से जगन्नाथ महोत्सव उत्सव समिति के सदस्यों के द्वारा भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा की तैयारी शुरू कर दिया गया है

### नगर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरती है रथ यात्रा

जिला मुख्यालय में अभी तक के रथ यात्रा की शुरुआत नवीन बाजार से होती आई है जहां से रथयात्रा नयापारा गौरव पथ बस्ती चौक घड़ी चौक परशुराम चौक जय स्तंभ चौक पियर्स चौक होते हुए नेशनल हाईवे रोड से गायत्री मंदिर तथा पुनः वापस प्रताप चौक होते हुए राम मंदिर में पहुंचकर समापन होता रहा है रथ यात्रा के दौरान भक्त ों को चना मूंग का प्रसाद वितरण किया जाता है रथ यात्रा प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि से ही प्रारंभ होता है जिस इस यात्रा को खींचने के लिए बेमेतरा नगर वासियों से हैं क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण भी भारी संख्या में उपस्थित रहते हैं ।

## सुरक्षा के मापदंडों का पालन नहीं, बीएसपी में आये दिन श्रमिकों को गंवानी पड़ रही जान

# बीएसपी प्रबंधन श्रमिकों सुरक्षा की पूरी तरह कर रही अनदेखी

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



विगत दिनों भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला और प्रदेश खदान प्रभारी, बालोद जिला प्रभारी एस एन पांडेय का दो दिवसीय बालोद जिले का प्रवास हुआ। जिसमें पहले दिन क्षेत्रीय संगठन मंत्री और बालोद जिला प्रभारी ने खदान मजदूर संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ की बैठक संघ कार्यालय भवन राजहरा में की जिसमें राजहरा खदान के नियमित कर्मचारी शामिल हुए इस बैठक में बहुत से मुद्दों पर चर्चा हुई किन्तु सबसे महत्वपूर्ण विषय जो कर्मचारियों के बीच से आया वह था सुरक्षा का मुद्दा कर्मचारियों ने बताया कि आज बीएसपी प्रबंधन अपना सारा ध्यान उत्पादन को कैसे बढ़ाना है उसमें लगा रही है किंतु प्रबंधन द्वारा सुरक्षा की पूरी तरह से अनदेखी की जा रही है जिसका परिणाम सबके सामने है आये दिन दुर्घटना हो रही है। जिस पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने कहा कि संघ उत्पादन का विरोधी नहीं है किंतु उत्पादन के साथ कर्मचारियों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए, कर्मचारियों के जान को दांव पर लगा कर अगर प्रबंधन सिर्फ उत्पादन करना चाहता है तो संघ कड़े कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। सुरक्षा के मापदंडों का पालन नहीं होने के कारण बीएसपी में आये दिन दुर्घटना में श्रमिकों को अपनी जान गंवानी पड़ रही है और इसके लिए पूरी तरह बीएसपी प्रबंधन जिम्मेदार है। बैठक में संगठन मंत्री ने कहा कि ऐसी जानकारी मिली है कि राजहरा खदान में केन्द्र सरकार और उसके अधीन डी जी एम एस के द्वारा बनाए गए नियमों का पालन नहीं किया जाता है जोकि काफी चिंताजनक है संघ इसके लिए दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो इसके लिए केंद्र सरकार और डी जी एम एस को लिखित शिकायत करेगी। दूसरे दिन क्षेत्रीय संगठन मंत्री और बालोद जिला प्रभारी के साथ संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बीएसपी अस्पताल राजहरा का निरीक्षण किया जिसमें प्रतिनिधिमंडल के साथ अस्पताल के प्रमुख डॉ. मनोज डहरवाल भी साथ में थे। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने डा. मनोज डहरवाल के साथ पूरे अस्पताल निरीक्षण किया जिसमें कुछ बातें सामने आई है कि इस अस्पताल में रोजाना लगभग 130 मरीज रोज अपना ईलाज कराने आते हैं दवाईयों की कमी होना यहां आम बात है और लैब में भी नियमित स्टाफ की भर्ती नहीं की जा रही है लैब कर्मचारियों की भर्ती संविदा पर किया जा रहा है कोई तीन माह के लिए कोई एक साल के लिए रखा गया है राजहरा अस्पताल में 06 एमबीबीएस डाक्टर उपलब्ध है और एक अस्पताल प्रमुख डॉ मनोज डहरवाल मेडिसिन स्पेशलिस्ट है हार्ट के मरीजों के लिए राजहरा अस्पताल में किसी भी तरह की कोई सुविधा नहीं है जो कि बहुत ही चिंताजनक बात है संघ की मांग है कि हृदय रोगियों के विशेषज्ञ डाक्टरों की नियुक्ति की जाए और सभी सुविधाएं यहां उपलब्ध कराया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने एक बात पर भी गौर किया कि पहले अलग अलग कमरों में डाक्टरों द्वारा मरीजों का ईलाज किया जाता था और महिलाओं को भी अपनी व्यक्तिगत समस्याओं के रखने में आसानी होती थी, किन्तु आज की स्थिति में एक कमरे में सभी मरीजों का ईलाज किया जाता है जो कहीं से भी सही नहीं है।

## बेमेतरा की तुलसी साहू के चार गोल के बदौलत छत्तीसगढ़ को मिला कांस्य पदक



**बेमेतरा।** शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भोपाल में खेले जा रहे सिविल सर्विसेज वोमेंश नेशनल हॉकी टूर्नामेंट में बेमेतरा की शिक्षिका तुलसी साहू के चार गोल के बदौलत छत्तीसगढ़ सिविल सर्विसेज महिला हाकी टीम नें हार्डलाइनर मैच में मध्य प्रदेश को 12-0 से पराजित कर कांस्य पदक पर कब्जा किया। तुलसी साहू शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बार गांव बेरला बेरला में सहायक शिक्षिका एलबी के पद पर पदस्थ है। छत्तीसगढ़ का टीम और शिक्षिका साहू की इस उपलब्धि पर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पूर्व प्रवक्त ा विद्याभूषण दुबे जिला संयोजक अश्विनी बेनर्जी,शाला के प्राचार्य तीक्ष्ण कुमार साहू, शिक्षक कविता मिश्रा, डीजी रानी साहू, पूर्णिमा साहू, देवधर देवांगन, श्यामसुंदर साहू, हिमाचल प्रसाद साहू, संजय बंछोर, भीष्म देव साहू, हरीश साहू, महेश बांधे, अंकित यादव, दौलत राम साहू और भिष्म साहू आदि ने बधाई दी है।

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियमावली) के नियम 3(1) के अधीन। आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल)/(पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित उक्त नियमावली के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से भुगतान की तिथि तक आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। कर्जदार(रों), मांग सूचना की तिथि तक बकाया राशि तथा ऋण की वापसी के लिए अर्पित प्रतिभूति का विवरण निम्नानुसार है :–

| कर्जदार (रों)/ गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि | प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| श्री विनय कुमार गुप्ता, श्रीमती शिब्रा गुप्ता (प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10076249 एवं आईएल 17164160) | 28–06–2022 प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 10076249 रू. 1,56,879/– (रूपए एक लाख छप्पन हजार आठ सौ उनासी मात्र) प्रॉस्पेक्ट नंबर आईएल 17164160 रू. 10,41,561/– (रूपए दस लाख इकतालीस हजार पांच सौ इकसठ मात्र) | सम्पत्ति के समस्त अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 45, ब्लॉक–डी, क्षेत्रफल परिमाप 1250 वर्ग फीट, खसरा नंबर 709 का भाग, पीएच नंबर 81/2, आरएनएम मंदिर हासौद, तहसील आरंग, अरण्य रियल एस्टेट्स प्रा. लि., जिला रायपुर, रायपुर–492001, छत्तीसगढ़, भारत |

यदि उक्त कर्जदार आईआईएफएल एचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, आईआईएफएल एचएफएल द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ की जाएगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें शाखा कार्यालय : आईआईएफएल एचएफएल प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेन्सी के सामने, रायपुर, छत्तीसगढ़–492001/अथवा कार्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नंबर 98, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम, हरियाणा।

स्थान : रायपुर, तिथि : 01–07–2022 हस्ता./–, प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड

# उदयपुर की घटना के विरोध में इस्लामिक जेहादी का पुतला दहन

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा ने प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू के नेतृत्व में एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले व जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक की उपस्थिति में उदयपुर की घटना के विरोध में इस्लामिक जेहादी का पुतला दहन किया। आतंकवाद का पुतला बचाने आयी पुलिस से युवामोर्चा कार्यकर्ताओं की जोरदार झड़प भी हुई।

ज्ञातव्य है कि भाजपा के पूर्व प्रवक्ता नूपुर शर्मा के बयान पर सोशल मीडिया में टिप्पणी करने वाले टेलर मास्टर कन्हैयालाल की उसके दुकान में घुसकर इस्लामिक जेहादियों ने गला रेतकर हत्या कर दी थी। इसके विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने जिला भाजपा कार्यालय से इस्लामिक जेहादी के पुतले का जुलूस निकाला। नारा बाजी करते हुए परशुरामजी चैक पुराना बस स्टैंड पहुँच कर पुतला दहन किया गया। पुतला में आग लगने के बाद पुलिस ने आतंकवाद का पुतला छिनने की कोशिश की। इस पर भड़के युवामोर्चा के कार्यकर्ताओं से पुलिस की जोरदार झड़प हुई। इसके बाद पुलिस से पुतला वापस लाकर पुनः जलाया गया। इस अवसर पर विधायक पुन्नूलाल मोहले,प्रदेश युवामोर्चा अध्यक्ष अमित साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक, पूर्व विधायक तोखन साहू, जिला युवा मोर्चा प्रभारी उमेश घोरमोड़े, सह प्रभारी निशा चैबे, विपिन साहू, जिलाध्यक्ष तरुण खाण्डेकर, जिला महामंत्री अमितेश आर्य, माधव तिवारी, शीलू साहू,हेमा सोनी, सौरभ बाजपेयी, प्रवीण सोनी, करण सिंह, यश गुप्ता, अनुराग सिंह, मिथिलेश केशरवानी, संदीप ठाकुर, धनराज सिंह, राजहंस तंबोली, अरविंद राजपूत आदि उपस्थित रहे।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर सेवा समिति आज मनायेंगी रथयात्रा

**सक्ती।** शक्ति शहर में पहली बार श्री राधाकृष्ण मंदिर सेवा समिति द्वारा 1 जुलाई दिन- शुक्रवार को रथयात्रा के पुनीत दिवस पर रथ यात्रा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, तथा श्री राधाकृष्ण मंदिर शक्ति से दोपहर 3:00 बजे यह रथयात्रा का उत्सव प्रारंभ होगा, जो कि सोसायटी चौक, कोरबा बस स्टैंड, बुधवारी बाजार, गुरुद्वारा मार्ग, श्री राम मंदिर मार्ग, हटरी चौक,नवधा चौक, अग्रसेन चौक, बाराद्वार रोड, होते हुए मां भीमेश्वरी देवी बेरी वाला मंदिर पहुंचेगी,तथा यात्रा मार्ग में भी जगह- जगह नागरिक बंधुओं द्वारा इस यात्रा का स्वागत किया जाएगा।

रथ यात्रा उत्सव कार्यक्रम के आयोजक श्री राधा कृष्ण मंदिर शक्ति के सदस्यों ने बताया कि रथ यात्रा ढोल-बाजे के साथ प्रारंभ होगी एवं इस यात्रा में भगवान जगन्नाथ जी, सुभद्रा जी एवं बलदेव जी भी रहेंगे तथा आयोजक संस्था ने सभी शहर वासियों को इस रथयात्रा के कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाने एवं इसका स्वागत करने की भी अपील की है.

# 4 बाल श्रमिक बच्चों से काम न कराने माता-पिता को दी गई समझाइश

पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com



महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार चाइल्ड लाइन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से आस्था समिति क्रियान्वित चाइल्ड लाइन 1098 परियोजना एवं जिला बाल संरक्षण इकाई टीम के द्वारा 04 बाल श्रमिक बच्चे काम कर रहे थे, उनको काम ना कराने के लिए उनके माता पिता को समझाइश दिया गया।

बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए बच्चे एवं उनके परिजनों को प्रेरित किया गया ! टीम ने बताया कि बाल श्रम प्रतिषेध एवं विनिमय अधिनियम 1986 एवं संशोधन अधिनियम 2016 के तहत 14 से 18 वर्ष तक के बच्चों से बाल श्रम कराना कानून अपराध की श्रेणी में आता है, जिसके अंतर्गत 20000 हजार रूपए से 50000 हजार रूपए तक जुर्माना एवं 06 माह से 03 वर्ष तक की सजा या इनमे से दोनों नियोजक के ऊपर कार्यवाही हो सकता है। चाईल्ड लाईन टीम ने बताया कि चाइल्ड लाइन 24 घंटा फोन एवं आउटरिच सेवा है ,उन बच्चों के लिए जिन्हें देखरेख एवं संरक्षण की जरूरत है । किसी बच्चों को आश्रय की जरूरत व कोई बच्चों को पीट रहा हो, गुमशुदा, लापता शोषित, बाल श्रम, बाल विवाह हो रहा है, कोई बच्चा नशा कर रहे हो तो चाइल्ड लाइन 1098 में फोन करके उन बच्चों की मदद कर सकते हैं। उमाशंकर कश्यप केन्द्र समन्वयक चाईल्ड लाईन, टीम मेम्बर लक्ष्मी नारायण सोनवानी, संजय बघेल एवं जिला बाल संरक्षण इकाई टीम की उपस्थिति रहे!

# सीएसपी दीपक मिश्रा ने बदमाशों को आपराधिक प्रवृत्तियां छोड़ देने की दी हिदायत

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना के दिशा निर्देशन पर मंगलवार को पुलिस नियंत्रण कक्ष में शहर के थाना कोतवाली, चक्रधरनगर एवं चौकी जूटमिल क्षेत्र के निगरानी, गुंडा एवं आदतन बदमाशों को थाना प्रभारियों द्वारा हाजिर कराया गया ।

पुलिस अधीक्षक द्वारा नगर पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा को स्वयं क्षेत्र के बदमाशों की समीक्षा कर निष्क्रिय बदमाशों के नाम सूची से हटाने तथा सक्रिय बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का निर्देश दिया गया था। बदमाशों की परेड नियत कर नगर पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा द्वारा बदमाशों को जानने वाले पुलिस अधिकारियों को भी कंट्रोल रूम बुलाया गया था। मौके पर एक-एक बदमाशों की फाइलों की समीक्षा कर उनके वर्तमान अपराधिक गतिविधियों के संबंध में थाना, चौकी प्रभारियों से जानकारी लिया गया। समीक्षा में 10 ऐसे निगरानी बदमाश पाए गए जो पिछले कई वर्षों से निष्क्रिय हैं, सामान्य जीवन यापन कर रहे हैं।

## ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने फांसी लगाकर दी जान

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर नवविवाहिता के फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के मामले में पुलिस ने मामले की जांच उपरांत मृतिका के सास, डेढ साल पर आत्महत्या के लिये उत्प्रेरित करने का अपराध दर्ज कर लिया है। मामला घरघोडा थाना क्षेत्र की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना घरघोड़ा अन्तर्गत वार्ड क्र. 04 में रहने वाली शकुन पति सुरेन्द्र लहरे उम्र 24 वर्ष ने 24 जून की दोपहर अपने घर अंदर मियार में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। घटना की सूचना पर थाना घरघोड़ा से तत्काल पुलिस मौके पर पहुंचा । मृतिका के नवविवाहिता होने से कार्यपालिक दण्डाधिकारी द्वारा शव जांच पंचनामा कार्यवाही किया गया। मर्ग जांच में मृतिका के मायके पक्ष के लोगों का कथन लिया गया जिसमें वे बताये कि शकुन का घरघोड़ा के सुरेन्द्र लहरे के साथ प्रेम संबंध होने से शकुन वर्ष 2016 में सुरेन्द्र लहरे पिता तोषराम लहरे निवासी वार्ड क्र. 04 घरघोड़ा से प्रेम विवाह कर घरघोड़ा आ गई थी और अपना वैवाहिक जीवन यापन कर रही थी। दोनों के दाम्पत्य जीवन से 02 लड़का हैं।

# बड़े भाई की हत्या करने वाला आरोपी को चंद घंटे में जांजगीर पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



जांजगीर थाना अंतर्गत ग्राम पिसौद में दो भाईयों के मध्य संपत्ति विवाद के कारण एक भाई की हत्या होने की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल जांजगीर पुलिस मौके पर पहुंचकर देखा की मृतक दिलेराम साहू का शव पड़ा हुआ था। शव का पंचनामा कार्यवाही उपरांत थाना जांजगीर में धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि मृतक दिलेराम साहू एवं उसका छोटा भाई दिलहरण साहू के मध्य कई वर्षो से संपत्ति संबंधी विवाद चला आ रहा था। घटना दिनांक को मृतक दिलेराम साहू सुबह अपने बाड़ी के शौचालय में बरसात का पानी न जाये उसकी ब्यवस्था बना रहा था। जिस पर आरोपी दिलहरण साहू ने आपत्ति व्यक्त करते हुए मना किया जिससे दोनों भाईयों के मध्य आपसी वाद-विवाद और लड़ाई-झगड़ा होने लगा विवाद इतना बढ़ गया कि छोटा भाई दिलहरण साहू द्वारा कृषि कार्य में उपयोग होने वाले औजार करउवा से अपने भाई दिलेराम साहू के सिर में मारकर हत्या कर दी। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आरोपी दिलहरण साहू को घेराबंदी कर दिनांक 29 जून को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहाँ से न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया. आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक उमेश साहू, उनि अवनीश श्रीवास, सउनि रामप्रसाद बघेल, आर. दिलीप सिंह एवं सुनील साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## आत्मा सिंह क्षत्रिय को कृषि उपज मंडी का बनाया गया अध्यक्ष



**मुंगेली**. मुंगेली जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय को कृषि उपज मंडी का अध्यक्ष बनाया गया । उनके नाम की घोषणा के बाद जहां उनके सर्मथको में खुशी का माहौल छा गया वही अन्य जिलो से भी उनके शुभचिंतको द्वारा बधाई मिलने लगी । आत्मा सिंह क्षत्रिय को बधाई देने वालो में बिलासपुर जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण चैहान, सहकारी बैक अध्यक्ष प्रमोद नायक,बिल्हा से राजेन्द्र शुक्ला मुंगेली जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सागर सिंह बैस आईटी सेल प्रदेशउपाध्यक्ष सागर सोलंकी, संजय जायसवाल अक्षय लहरे ने बधाई दी है वही अपनी इस नई जिम्मेदारी पर आत्मा सिंह क्षत्रिय ने मुख्यमंत्री भूपेश बधेल, कृषि मंत्री रविन्द्र चैबे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रदेश प्रभारी पी एल पुनिया प्रदेश प्रभारी, खनिज निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन रामगोपाल अग्रवाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष एवं केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ट्रैक्टर पलटने से एक की मौत, एक अन्य घायल

**रायगढ़**. खेत में बुआई करके घर लौट रहे ट्रैक्टर सवार की ट्रैक्टर पलटने की घटना में मौत हो गई वहीं एक अन्य के घायल हो जाने के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के सारंगढ़ में रहने वाले रूपेन्द्र जाटवर 38 साल एवं एक अन्य बुलाई करने खेत गया हुआ था, जहां खेत से लौटते समय मेड के पास उनकी तेज गति ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे टेक्क्टर में सवार रूपेन्द्र जाटवर की उपचार के दौरान मौत हो गई वहीं एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

# कन्नौजिया राठौर समाज का निर्वाचन पोरथा में सम्पन्न, कन्हैया अध्यक्ष एवं महेन्द्र राठौर महासचिव निर्वाचित

- **आईएएस सत्यनारायण राठौर एवम डीएसपी सुखनंदन राठौर सहित 175 कार्यकारिणी सदस्य भी रहे मौजूद**

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



कन्नौजिया राठौर समाज का निर्वाचन ग्राम पोरथा के सामाजिक भवन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी गनपत लाल राठौर एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी के द्वारा मतदान से सम्पन्न कराया गया, जिसमें 175 कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया, केन्द्रीय अध्यक्ष पद के लिए तीन उम्मीदवारों एवं महासचिव पद के लिए तीन उम्मीद्वारों अपना-अपना भाग्य आजमाया केन्द्रीय अध्यक्ष पद के लिए 50 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त कर कन्हैया राठौर अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए, महासचिव पद के लिए महेन्द्र राठौर चुन लिये गये परिक्षेत्रिय अध्यक्ष के पद पर सिवनी परिक्षेत्र से निर्विरोध आशिष राठौर चुने गये, पोरथा परिक्षेत्र से अनिल राठौर नवगवां परिक्षेत्र से नंदकिशोर एवं दुरपा परिक्षेत्र से हेमचंद राठौर एवं कोरबा परिक्षेत्र से नंदकिशोर साव अध्यक्ष चुने गये अंकेक्षक पद पर लता राठौर एवं गोंविद राठौर निर्वाचित हुए,निर्वाचन अधिकारी ने शांति पूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराकर परिणाम की घोषणा की एवं सभी सामाजिक बंधुओं का आभार माना।

इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष कन्हैया राठौर ने अपने उद्बबोधन में सभी सामाजिक बंधुओं को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्क्ष सहयोग के लिए धन्यवाद दिया एवं सामाजिक उत्थान एवं विकास एवं संगठन को बनाये रखने के लिए सभी से सहयोग की आंकाक्षा व्यक्त की,श्री राठौर ने कहा की मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। प्रत्येक मुनष्य जब जन्म लेता है तो उसके साथ में जाति एवं धर्म साथ आता है, जिस जाति में जन्म लेता है उसी जाति का कुछ नियम एवं कायदे होते है। जिसको पालन करना उस व्यक्ति का कर्तव्य होता है। हमारे समाज के कुछ नियम कायदे है जिसे हमें पालन करना चाहिये।

मुझे आशा एवं विश्वास है कि सभी सामजिक बंधु हमारे सामाजिक नियमों का पालन करेंगे। इस अवसर पर समाज के पूर्व केन्द्रीय अध्यक्ष मनहरण राठौर, चुणामणी राठौर, पूर्व महासचिव अर्जुन सिंह राठौर, राम प्रसाद राठौर, राजेन्द्र राठौर, पूर्व पार अध्यक्ष संजय राठौर, श्याम राठौर, भूनेश्वर राठौर, प्रमोद राठौर, महेश राठौर, रामकुमार राठौर, जवाहर राठौर, सुखीराम राठौर, सीताराम राठौर, महादेव साव, बिरीछ राठौर के साथ सत्यनारायण राठौर (आईएएस) सुखनंदन राठौर, डीएसपी, खेम राठौर, ओमप्रकाश राठौर, देवेन्द्र कुमार, लता राठौर, बिलासपुर, कोरबा से छतलाल राठौर, सुरेश राठौर, तांत्रिक राठौर, चेतन राठौर, बाबूलाल राठौर, उर्मिला राठौर, गेंदराम राठौर, विजय राठौर, रायपुर से रेशम राठौर ओमप्रकाश राठौर, चांपा से अक्षय राठौर, सुरेश राठौर, गौतम राठौर, रामाधार राठौर, राजेश राठौर, गोपी राठौर, सेवन राठौर, बृहस्पति राठौर, रथ बाई राठौर, उमा राठौर, राजेन्द्र राठौर, नरेन्द्र राठौर, बेनीराम, बिट्टु राठौर, शिवकुमार, रामनारायण राठौर, सक्ती से कन्हैया लाल राठौर, नवधा राठौर कामता राठौर सहित रायगढ़ छाल, खरसियां बरपाली, एनटीपीसी, बाल्को, एसईसीएल, दुर्ग, भिलाई से लगभग 700 सामाजिक सदस्यों उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन निर्वाचन अधिकारी के द्वारा किया गया.

## कलेक्टर गौरव कुमार का बालोद स्थानांतरण होने पर दी गई विदाई



पायनियर संवाददाता मुंगेली
www.dailypioneer.com

कलेक्ट गौरव कुमार सिंह मुंगेली से स्थानांतरण जिला बालोद हो गया जिसका विदाई देने कलेक्टर निवास पहुचकर न. पा. अध्यक्ष गुरु हेमेंद्र गोश्वामी, पार्षद संजय सिंह,पार्षद राहुल कुर्रे, पार्षद श्रीनिवास सिंह, पार्षद संजय चंदेल, एल्डरमेन कौशल सिंह क्षत्रिय, युवा नेता रिंकू खान सभी मुलाकात कर बुके और मिठाई भेंट कर विदाई दिए ।

# सुन्दरेली की अभिलाषा सोनहर को बनाया गया कृषि उपज मंडी शक्ति की भारसाधक समिति का उपाध्यक्ष

- **संचालक कृषि बीज एवं विपणन छत्तीसगढ़ शासन ने की कृषि उपज मंडी समिति में नई भारसाधक समिति में सदस्यो की नियुक्ति**

पायनियर संवाददाता सक्ति
www.dailypioneer.com



कार्यालय संचालक कृषि बीज एवं विपणन छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा 29 जून 2022 को अपने पत्र क्रमांक -2169 के माध्यम से कृषि उपज मंडी समिति में नई भार साधक समिति का गठन किया गया है, जिसमें अध्यक्ष के पद पर रूपनारायण साहू, उपाध्यक्ष के पद पर शक्ति विकासखंड के ग्राम सुंदरेली की अभिलाषा अमृत सोनहर, सदस्य के रूप में साधेश्वर कुमार गबेल जाजंग,जागेश्वर सिंह राज देवरमाल, रेशम पटेल, धनेश्वर जायसवाल एवं व्यापारी प्रतिनिधि के रूप में सुरेश राठौर की नियुक्ति की गई है,तथा उपरोक्त आदेश कृषि विपणन बोर्ड छत्तीसगढ़ के संचालक भुवनेश यादव की ओर से जारी किया गया है कृषि उपज मंडी सकती कि भारसाधक समिति में उपाध्यक्ष बनाए जाने पर श्रीमती अभिलाषा अमृत सोनहर को लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं, तथा श्रीमती अभिलाषा सोनहर जनपद पंचायत सक्ती के पूर्व उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता अमृतलाल सोनहर की धर्मपत्नी है, एवं श्रीमती अभिलाषा सोनहर की नियुक्ति पर पूरे ग्राम वासियों सहित क्षेत्र वासियों ने भी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके कुशल नेतृत्व में कृषि उपज मंडी शक्ति के माध्यम से किसानों को लाभ मिलने की बात कही है, तो वही श्रीमती अभिलाषा सोनहर ने भी कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन एवं सम्मानित जनप्रतिनिधियों द्वारा जिस विश्वास के साथ उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है,वे पूरी सक्रियता के साथ इसका निर्वहन करेंगी एवं छत्तीसगढ़ की कांग्रेसनीत भूपेश बघेल सरकार की किसान हित की योजनाओं का लाभ किसानों को समय पर मिल सके साथ ही शक्ति विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत के प्रति भी उन्होंने आभार व्यक्त किया है,एवम कांग्रेस पार्टी के सभी वरिष्ठ जनों का भी आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने सजगता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की बात कही है।

# एक किलोमीटर के अंदर दस बोरवेल खुले दे रहे बड़ी घटना को न्योता

- **कही पिहरीद की तरह मासुम बच्चों के लिए घातक न बन जाये दसो खुले बोरवेल**

पायनियर संवाददाता नवीन सराफ/जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जिले के बम्हनीडीह ब्लाक मुख्यालय मे एक किलोमीटर के अंदर दस बोरवेल खुले पडे है जो बडी घटना की ओर इशारा कर रहे है आप को बता दे कि अभी जांजगीर-चांपा जिले के मालखरौदा ब्लाक के पिहरीद मे हुई घटना को लोग भुल नही पाये है और पिहरीद मे हुई बडी घटना की ओर बम्हनीडीह से बरगडी की ओर जाने वाली सड़क के किनारे करीब एक किलोमीटर की अंतराल में दस बोरवेल खुले पडे है जो पिहरीद मे हुई बडी घटना की ओर इशारा कर रहे है और इन खुले बोरवेल को बंद करने वाला कोई नही है

**मुख्यमंत्री ने पिहरीद मे हुई घटना के बाद खुले बोरवेल को बंद करने का तत्काल दिया था आदेश**

जांजगीर-चांपा जिले के मालखरौदा ब्लाक के पिहरीद मे जो घटना राहुल साहू के साथ हुई वह घटना किसी और बच्चों के साथ न हो इसके लिए छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने तत्काल प्रदेश में जितने भी बोरवेल खुले है उन्हे बंद करने का आदेश दिया था पर मुख्यमंत्री के आदेश का बम्हनीडीह मे पालन नही हुआ है और आज भी दस बोरवेल खुले पडे है जो बडी दुर्घटना को न्योता दे रहे हैं और इन बोरवेल को बंद करने वाला कोई भी जिम्मेदार नही है जिससे कभी भी बड़ी घटना घट सकती है





**कौन है इन खुले बोरवेल का जिम्मेदार**

इस तरह से बोरवेल को खुला छोडने वाला आखिर कौन है जो बोरवेल को खुला छोड़ दिया है जिससे कभी भी बड़ी घटना घट सकती है क्या बोरवेल खोदने वाला इस खुले बोरवेल का जिम्मेदार है या बोरवेल को खुदवाने वाला है अब देखना होगा की शासन प्रशासन किसके खिलाफ कार्यवाही करती है।

**बिलासपुर संभाग के आई जी ने कही है कार्यवाही की बात**

जांजगीर-चांपा जिले के मालखरौदा ब्लाक के पिहरीद में हुई घटना के बाद बिलासपुर रेंज के आईजी ने खुले बोरवेल रखने वालो के खिलाफ कार्यवाही की बात कही है और इसकी सूचना देने की बात कही है

**स्कूल के सामने खुले पडे है बोरवेल**

पायनियर के ब्यूरो चीफ ने बम्हनीडीह मे खुले बोरवेल की पड़ताल की तो बम्हनीडीह बरगढी मार्ग पर एक किलोमीटर के दायरे में दस बोरवेल खुले मिले और कुछ बोरवेल तो छोटे छोटे बच्चों के स्कूल के सामने ही है जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है हाल ही मे छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले के मालखरौदा ब्लाक के पिहरीद मे हुई घटना के बाद मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले से भी खुले बोरवेल में बच्चे की गिरने की बात सामने आ चुकी है हाला की छतरपुर में बच्चा 25 फिट अंदर खुले बोरवेल में गिरा हूआ था जिसे रेस्क्यू टीम ने बच्चे को बाहन निकाल लिया है.

**पिहरीद की घटना के बाद भी लोगों ने नही ली है सिख**

पिहरीद गांव के खुले बोरवेल में गिरे राहुल साहू की घटना ने पुरे देश को हिला के रख दिया था वही राहुल को खुले बोरवेल से बाहर निकालने मे शासन प्रशासन की टिमो को 105 घंटे की कडी मस्कत लगी थी पर इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी लोगो ने इस घटना से कोई सीख नही ली है और अपने खेत मे बोरवेल को खुला छोड़ दिया है ।

# 17 महीने में जशपुर जिले के 16 हजार मरीजों को संजीवनी 108 एम्बुलेंस सेवा ने पहुंचाया अस्पताल

## हजारों की जान बचाने में मददगार हुई संजीवनी एम्बुलेंस सेवा, नि:शुल्क मिला लाभ

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुर
www.dailypioneer.com

पायनियर खास




सड़क हादसे में घायल मरीजों, बीमार व्यक्ति और सर्पदंश से घायल के साथ ही अन्य किसी शारीरिक समस्याओं से पीड़ित मरीजों को निःशुल्क नजदीकी अस्पताल पहुंचाने में सरकार की संजीवनी 108 एम्बुलेंस सेवा का खास सहयोग लोगों को मिल रहा है। फोन से 108 डायल करते ही चंद मिनटों में घटना स्थल और लोगों के घरों तक पहुंचकर मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने में 108 एम्बुलेंस सेवा के कर्मचारी भी निष्ठा के साथ मेहनत कर रहे हैं। यही वजह है कि बीते 17 महीने में जशपुर जिले में 16 हजार मरीजों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने का प्रयास किया गया है। त्वरित सेवा मिलने की वजह से संजीवनी एम्बुलेंस 108 की सेवा पर लोगों का भरोसा पहले से और अधिक बढ़ गया है। समय पर एम्बुलेंस मिल जाने से गंभीर रूप से घायल मरीजों की भी जान बचाने में मदद मिल रही है।

**सड़क हादसे के 1953 मरीज**

108 एम्बुलेंस सेवा के जिला प्रभारी शिवसंत कुमार ने बताया कि वर्ष 2021 के जनवरी महीने से मई 2022 तक जिले में 108 एम्बुलेंस की मदद से सड़क हादसे में घायल 1953 केस में मरीजों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाकर उन्हें त्वरित इलाज दिलाने में मदद की गई है। सड़क हादसे में समय पर अस्पताल पहुंचना सबसे अधिक आवश्यक होता है।

**1108 गर्भतवी को सेवा**

एम्बुलेंस 108 सेवा की मदद से जिले में 17 महीने में कुल 1108 गर्भवती मरीजों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाने की त्वरित सेवा दी गई है। गर्भवती महिलओं को अस्पताल पहुंचाने को लेकर दिक्कतें आए दिन जिले के पहाड़ी क्षेत्रों से आती रहती थी जिसे संजीवनी 108 एम्बुलेंस के आ जाने के बाद से दूर होने लगी है। हालांकि कुछ पहुंचविहीन क्षेत्रों में दिक्कतें अब भी बनी हुई है जिसे सड़क निर्माण के साथ ही दूर किया जा सकता है।

**प्वॉइजन के 499 मरीज**

अलग-अलग कारणों से जहर का सेवन कर लेने वाले जिले के 499 मरीजों को बीते 17 महीने में नजदीक स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाया गया है। अवसाद और घरेलू विवाद की वजहों से जहर का सेवन करने वाले मरीजों को भी त्वरित सेवा देकर उनकी जान बचाने में 108 सेवा की ओर से बड़ी मदद पहुंचाई गई है।

**आत्महत्या के 17 मरीज**

सड़क हादसे में घायल मरीज, गर्भवती महिलाएं और जहर का सेवन कर बीमार होने वाले मरीजों के साथ ही फांसी लगाकर आत्महत्या करने वाले 17 मरीजों को भी नजदीक अस्पताल पहुंचाकर जीवन बचाने की प्रयास किया गया है।

> जय अम्बे कंपनी की ओर से 108 संजीवनी एम्बुलेंस का सफल संचालन किया जा रहा है। हमारी कोशिश है कि हम मरीजों को बेहतर सेवा दे सकें।
>
> **शिवसंत,** जिला प्रभारी 108 एम्बुलेंस

# होनहार छात्रों को अब नहीं होना पड़ेगा शिक्षा से वंचित सांझा चूल्हा की टीम मदद करने आई सामने

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



यूं तो रायगढ़ जिले की पहचान पूरे प्रदेश में दानवीर की नगरी के रूप में की जाती है और यहां के रहवासी भी दानवीरता की परंपरा का अच्छे से निर्वहन करते हुए सदा ही नेक कार्य कर अपनी अलग छाप छोड़ जाते हैं। ऐसी ही एक समिति है रायगढ़ जिले में सांझा चूल्हा जो समय-समय पर नेक कार्य करते हुए गरीब असहाय लोगों की मदद करने हर पल तत्पर रहती है। इसी क्रम में अब सांझा चूल्हा की टीम ने शिक्षा के क्षेत्र में आर्थिक स्थिति कमजोर होनें की वजह से शिक्षा से वंचित रहने वाले होनहार छात्रों को पढ़ाने का जिम्मा उठाया है जिसकी एक बार फिर से शहर में प्रशंसा होनें लगी है। रायगढ़ जिले में एक सामाजिक संस्था सांझा चूल्हा की टीम अब आर्थिक अभाव में उच्च शिक्षा ग्रहण नही कर पाने वाले युवाओं को सहायता देकर उनकी मदद करने में जुट गई है। यह वही सांझा चूल्हा की टीम है जो कोविड संक्रमण काल में अपनी जान जोखिम में डालकर लगातार कई माह तक कोविड पाजिटिव लोगों को घर-घर पका हुआ भोजन एवं जरूरतमंदों तक सूखा अनाज पहुंचाकर उनकी मदद कर रही थी, जिसे पूरे प्रदेश में सराहा गया था।

सांझा चूल्हा की टीम अब समाज में रहने वाले कुछ ऐसे परिवार के बच्चों की मदद कर रहे हैं जो मेडिकल, इंजीनियिर, सीए के अलावा अन्य उच्च शिक्षा में भाग लेना चाहते तो हैं परंतु घर की आर्थिक स्थिति ठीक नही हो पाने की वजह से इस शिक्षा वंचित रह जाते हैं। सांझा चूल्हा की टीम अब आर्थिक मदद के जरिये ऐसे गरीब परिवारों के युवाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिये भेज रही है और उनके परिवार वालों के बच्चे को उनकी मन के अनुरूप पढ़ाई करने के लिये सहयोग दे रहे हैं। सांझा चूल्हा टीम के अध्यक्ष सुशील रामदास का कहना है कि कोविड संक्रमण काल में किये गए कार्यो के बाद उनकी मंशा थी कि युवाओं को उच्च शिक्षा के माध्यम से उनके पैंरो में खडे होनें के लिये मदद करें उनमें वो युवा शामिल है जो पढाई में तेज हैं लेकिन घर में आर्थिक स्थिति ठीक नही होनें के चलते पढ़ाई नही कर पाते थे। इस टीम के बाकी सदस्य भी इसकी शुरूआत अग्रवाल समाज के माध्यम से ही शुरू कर रहे हैं ताकि बच्चों को इसका लाभ मिल सके।

# अमरू दास चंद्रा डाक विभाग से हुए सेवानिवृत्त



**जैजैपुर** पोस्ट ऑफिस में लंबे समय तक सेवा देने वाले अमरू दास चंद्रा बीपीएम का आज सेवानिवृत्त हुआ जहां पर अमरू दास चंद्रा स्वच्छ एवं किसी प्रकार की दाग डाक एवं तार विभाग में नहीं रहे। बीपीएम अमरू दास चंद्रा का सेवानिवृत्ति के बारे में जानकारी जैजैपुर के एस पी एम पंकज सिंह ने तो चंद्रा भाव विभोर हो गए अशु की धारा उनकी आंख से बहने लगी। इस कार्यक्रम में नरेश कुमार राठौर मेल ओवरसियर शक्ति भी मौजूद रहे डाक अधिकष शक्ति के द्वारा यह बताया गया कि उन्होंने 65 साल तक डाक विभाग में सेवा किया और उनकी उज्जवल भविष्य एवं स्वास्थ्य की कामनाएं की। जहां पर सूत्रों ने बताया कि डाक विभाग द्वारा 65 वर्ष सेवा होने के बाद भी डाक विभाग के कर्मचारी को शासन से किसी प्रकार की पेंशन नहीं देती यह दुखद बात है ,जबकि अन्य विभागों में पेशन योजना लागू किया गया है इस तरह से अमरू दास चंद्रा बीपीएम 65 वर्ष सेवा करने के बाद आज सेवानिवृत्ति हो गए जहां पर सब पोस्ट ऑफिस के डाक विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे उनकी उज्जवल भविष्य की मंगल कामना किए।

# बिलासपुर में कोयला व्यापारी के यहां इनकम टैक्स का छापा



**बिलासपुर।** आयकर अधिकारियों की टीम ने छत्तीसगढ़ के अनेक व्यापारिक संस्थानों में छापा मारा है। बिलासपुर ,रायपुर कोरबा रायगढ़,महासमुंद आदि शहरों में आयकर विभाग की अलग अलग टीमों ने एक साथ छापा मारा। बिलासपुर में कोयला व्यापारी हेमंत जायसवाल के मंगला स्थित निवास अमलताश में छापे की कार्रवाई के दौरान सशस्त्र पुलिस तैनात है और घर के अंदर किसी को भी आने जाने नही दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार कोरबा निवासी कोल व्यापारी हेमंत जायसवाल और संजय जायसवाल के मंगला स्थित अमलतास कालोनी में गुरुवार को दिल्ली से आए इनकम टैक्स के अधिकारी घर में जांच कर रहे है। इससे पहले कोरबा के दुरपा रोड स्थित घर पर सुबह इनकम टैक्स का छापा पड़ा। आये अधिकारी दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। जायसवाल के घर में किसी को भी आने की इजाजत नहीं दी जा रही है। घर के चारों ओर सशस्त्र पुलिस बल के जवान तैनात कर दिए गए हैं। सूत्र बता रहे हैं कि हेमंत जायसवाल के घर पड़े इस छापे को पिछले दिनों कोयले की सबसे बड़ी चोरी के मामले से जोड़कर देखा जा रहा है।

# चिटफंड के दो फरार आरोपी गिरफ्तार उज्जैन व रामपुर में पकड़ाए आरोपी

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com

चिटफंड के फरार आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी के क्रम में घरघोड़ा पुलिस द्वारा वर्ष 2017 के चिटफंड मामले के फरार आरोपी को केन्द्रीय जेल उज्जैन से तथा चक्रधरनगर पुलिस वर्ष 2016 के अपराध चिटफंड मामले के फरार आरोपी को जिला जेल रायपुर से प्रोडक्शन वारंट पर रायगढ़ लाया गया, जिनसे कम्पनी के चल अचल सम्पत्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार घरघोड़ा थाने के मामले में प्रार्थी लाल बाबु गुप्ता निवासी नवापारा घरघोडा की शिकायत पर संचालक सुस्क इंडिया प्रा.लि. चिटफंड कंपनी के विरूद्ध प्रार्थी एवं अन्य निवेशको से मासिक किस्त 601 के हिसाब से कुल 58800 जमा कराकर अवधि पुर्ण होने पर रूपये को वापस मांगने पर पैसा को देने से इंकार कर दिये और कंपनी बंद कर फरार हो गये थे, रिपोर्ट पर धारा 420,467,468 भा.द.वि. 6,10 छ.ग. निवेशको के हितो का संरक्षण अधिनियम पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी राज कुमार कोसे को 27 मार्च 2017 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। अन्य आरोपी नरेन्द्र लोधी, दिनेश सैनी, सुनील का पता तलाश किया गया जो फरार रहने से एवं पता नही चलने से धारा 173(8) जाफौ के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार आरोपी राज कुमार कोसे के विरूद्ध अभियोग पत्र क्रमांक 55/2017 11 जून तैयार कर 13 जून को न्यायालय पेश किया गया था। प्रकरण के फरार आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था, इस दौरान आरोपी दिनेश सैनी पिता नंद किशोर लोधी जाति लोधी निवासी वार्ड क्र. 03 नई आबादी मक्सी थाना मक्सी जिला साजापुर (म.प्र.) के वर्तमान में आरक्षी केन्द्र प्रकोष्ट ईकाई उज्जैन के अपराध क्रमांक 27/15 प्रकरण क्रमांक 2806 धारा 409,420,120बी भादवि में 09 मार्च 2021 से सेंट्रल जेल उज्जैन म.प्र. में निरूद्ध होने की जानकारी मिली। जिस पर पुलिस अधीक्षक से दिगर प्रांत जाने की अनुमति लेकर उप निरीक्षक एडमोन खेस, थाना घरघोड़ा के नेत्तव में टीम मध्य प्रदेश रवाना किया गया।

# अग्निपथ को लेकर कांग्रेस युवाओं को गुमराह कर रही जबकि यह देश हित में है: सवन्नी

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




केंद्र सरकार द्वारा सेना में भर्ती के लिए बनाई योजना अग्निपथ और अग्निवीर के खिलाफ कांग्रेस नेताओ द्वारा पूरे देश में चलाए जा रहे अभियान को प्रदेश भाजपा महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी ने देश और युवाओं को बरगलाने वाला बताया है। अग्नि पथ को लेकर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए भाजपा ने भी राष्ट्रीय स्तर पर अग्निपथ से युवाओं को होने वाले लाभ को बताने और और कांग्रेस का चिठ्ठा खोलने तमाम जिला मुख्यालयों में प्रेस कान्फ्रेस करने की रणनीति पर काम शुरू किया है इसी के तहत बिलासपुर जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा के प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी ने भी पत्रकारों के समक्ष अग्नि पथ के फायदे बताए और कांग्रेस के विरोध को झूठा तथा युवाओं को दिग्भ्रमित करने वाला कहा। सवन्नी ने अग्निपथ योजना को पूरी तरह से देश और और युवाओं के हित में बताया और कांग्रेस के विधायक और नेताओं द्वारा अनर्गल टिप्पणी की कड़ी निदा करते हुए कहा कि कांग्रेस देश को गुमराह कर रही है ।युवाओं को भड़का रही है जबकि अग्निपथ के युवाओ को चार साल बाद बारह लाख मिलेंगे राज्य और केंद्र में नौकरी में प्राथमिकता मिलेगी, 25 प्रतिशत युवाओं को सेना में जगह मिलेगी अब तक 60 हजार युवाओं ने अग्निपथ योजना में आवेदन किया है। उन्होंने कहा नेहरू से राहुल तक कांग्रेस ने सेना को कमजोर करने की कोशिश की है। अग्निपथ योजना से युवाओं के भविष्य संवरेंगे, कांग्रेस युवाओं को भड़का कर शांति व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का काम कर रही है। कांग्रेस नेताओं का बीजेपी कार्यालय में हमला करने का बयान देना बेहद निंदनीय है इसकी जितनी आलोचना की जाए कम है।

# बिलासपुर शहर का विस्तार और विकास पूर्व मंत्री स्व. बीआर यादव की देन है: पांडेय

पायनियर संवाददाता ◀ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



ज़िला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) द्वारा गुरुवार को पूर्व मंत्री स्व बी आर यादव की जयंती बृहस्पति बाजार में मनाई गई और उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया।

इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि शहर का विस्तार और विकास स्व यादव जी की देन है, शहर को कस्बाई संस्कृति से महानगर की ओर बढ़ाने वाले यादव जी ही थे ,शहर ट्यूब लाइट की टिमटिमाती रोशनी में रात गुजरता था उसे,हाई मास्क हेलोजन लाइट से सारा शहर जगमगाने वाले यादव जी ही थे ,छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर ,शिक्षा और सामाजिक समरसता को जीवंत रखने वाले यादव जी ही थे । महापौर रामशरण यादव ने कहा कि स्व बीआर यादव जी मेरे राजनीतिक गुरु थे ,राजनीति की बारीकी उन्ही के कार्यशैली से सीखा ,यादव जी अत्यंत ही सहनशील, सहज ,और नम्र व्यक्ति थे,पक्ष-विपक्ष के किसी भी व्यक्ति का काम सहर्ष करते थे ,बिलासपुर के विकास में गुरुघासीदास विश्वविद्यालय, एसईसीएल मुख्यालय, रेलवे ज़ोन मुख्यालय,इंदिरा सेतु,सरकंडा पूल, व्यापार विहार जैसे बड़ी बड़ी योजनाओ को मूर्तरूप दिए, रावतनाचा महोत्सव के संयोजक काली चरण यादव ,राकेश शर्मा ने कहा कि स्व यादव जी राजनीतिज्ञ होने के साथ साथ संस्कृति के पोषक थे ,उन्होंने रावतनाचा को महोत्सव का स्वरूप देकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर छत्तीसगढ़ की कला को स्थापित किये ,वही रावतनाचा के माध्यम से समाज को एक सूत्र में पिरोया , कार्यक्रम में आभार कृष्ण कुमार यादव ,संचालन ज़फ़र अली ने किया, कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, महापौर रामशरण यादव, ज़फ़र अली, कालीचरण यादव,कृष्ण कुमार यादव, राकेश शर्मा,शेखर मुदलियार, विनोद शर्मा, त्रिभुवन कश्यप,राजेश शुक्ला, जुगल किशोर गोयल, विनोद साहू,मोती ठारवानी,अर्जुन सिंह, सीमा घृतेश, स्वर्णा शुक्ला ,प्रियंका यादव,अज़रा खान,सूर्यमणि तिवारी, दिनेश सीरिया,सुभाष ठाकुर,काशी रात्रे,शुभ लक्ष्मी,सिंह, आदित्य यादव,दिनेश सूर्यवंशी,ब्रजेश साहू, शमशेर ,अतहर खान बंटी सोंथालिया,गणेश रजक, आदि बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर की छात्रा स्मार्ट इंडिया हैकाथन प्रतियोगिता के लिए चयनित

पायनियर संवाददाता ◀ जशपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर स्मार्ट इंडिया हेकथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में दैनिक जीवन से संबंधित छः समस्याओं के वैज्ञानिक समाधान के लिए सुझाव व विचार आमंत्रित किए गए थे। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जशपुर नगर की छात्रा कुमारी ईशा तिर्की, सहयोगी शिवानी साहू, कुमकुम भगत का मॉडल एवम थेशिस चयनित हुआ है। इस थेशिस में छात्राओं ने अनरिन्यूबल एनर्जी एवम वाटर वेस्टेज को बचाने के लिए फिजिक्स के एक सिद्धांत का सहारा लिया, जिसमें इलेक्ट्रिसिटी के सर्किट रूल को फॉलो किया गया है, रूल ऐसा है, इलेक्ट्रिसिटी के बहुत सारे पाथ में से हमेशा इलेक्ट्रिसिटी शॉर्टेस्ट पाथ में गमन करता है। इलेक्ट्रिसिटी के इसी नेचर के आधार पर ही छात्राओं ने दैनिक जीवन की एक समस्या हम दैनिक जीवन में पानी टंकी को भरने के लिए मोटर पंप का उपयोग करते हैं, लेकिन अक्सर होता है की हम पानी भरने के पश्चात मोटर स्विच ऑफकरना भूल जाते हैं जिससे पानी अनावश्यक ही बहता रहता है। ओवर फ्लो के कारण बिजली का खपत भी होते रहता है। इस समस्या का समाधान इस प्रकार अपने मॉडल में बताया की हम एक स्मार्ट वाटर टैंक का निर्माण करेंगे ।यह एक साधारण टंकी जैसा ही होगा लेकिन इसमें कुछ मशीनरी कीट लगाएंगे जिससे पानी टैंक पूरा भरने के पश्चात ऑटोमैटिक ही यह मोटर पंप ऑफ हो जाएगा,जो ऊपर वर्णित फिजिक्स के सिद्धांत पर आधारित है। इससे पानी और बिजली दोनों की बचत होगी। इस प्रतियोगिता में मिडिल स्कूल एवम हाई स्कूल के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था जिसमें विभिन्न नवाचार पर मॉडल एवम विचार दिए जाने थे। इस प्रतियोगिता में कुल 11 विषयों पर थेशीस एवम विचार मंगाए गए थे। विधा इस प्रकार हैं, नवीनीकरण ऊर्जा, ब्लॉक एवम साइबर सुरक्षा, स्मार्ट एजुकेशन, आपदा प्रबंधन,स्मार्ट ऑटोमेशन, हेरिटेज एवम कल्चर, हेल्थ टीच, कृषि ,खाद्य और ग्रामीण विकास, स्मार्ट व्हीकल, ट्रांसपोर्टेशन एवम लॉजिस्टिक्स, रोबोटिक्स एवम ड्रोन, क्लीन एंड ग्रीन एनर्जी, टूरिज्म, खिलौना, एवम अन्य विविध।

# आबकारी आरक्षकों के तबादले के खिलाफयाचिका, प्रमुख सचिव कमिश्नर आबकारी को नोटिस

**बिलासपुर।** आबकारी विभाग के आरक्षकों के तबादले पर हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव, अवर सचिव और कमिश्नर आबकारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। विभाग ने बिलासपुर ,दुर्ग सरगुजा और बस्तर संभाग में आबकारी आरक्षको का स्थानांतरण आदेश 24 जून 2022 को जारी किया था। इसमें बिलासपुर से 71 कर्मचारी शामिल थे। इनमें 22 आरक्षको का बिलासपुर जिले से बाहर ,3 आरक्षकों का जिले के उड़नदस्ता से अन्य जिले में ,छह का जिले से बाहर, जांजगीर-चांपा जिले के 17 आबकारी आरक्षकों का जिले से बाहर, कोरबा के 9 आरक्षकों का जिले से बाहर और रायगढ़ के 14 आरक्षकों को जिले से बाहर स्थानांतरित किया गया। दुर्ग डिवीजन के 31 में से दुर्ग के 11 आरक्षकों को दुर्ग जिले से बाहर, राजनांदगांव के 10 को राजनांदगांव जिले से बाहर, बेमेतरा के 3 को बेमेतरा जिले से बाहर, कबीरधाम के दो को कबीरधाम जिले के बाहर, बालोद के 5 को बालोद जिले से बाहर, बेमेतरा के तीन को बेमेतरा जिले से बाहर स्थानांतरित किया। बस्तर संभाग से 41, सरगुजा संभाग से 48, जशपुर के 6 को जिले से बाहर इस तरह 191 आरक्षकों का ट्रांसफर किया गया। उपरोक्त सभी ट्रांसफर आर्डर को राजेंद्र दवे ने हाईकोर्ट के समक्ष अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी ,संदीप सिंह और नरेंद्र मेहेर माध्यम से चुनौती दी है । याचिका में बताया गया कि वर्तमान में प्रचलित राज्य शासन द्वारा 27 जून 2019 को जारी स्थानांतरण नीति के पद खंड 2.13 में उल्लेख है कि तृतीय श्रेणी कर्मचारियों के मामले में अधिकतम 10% और आपसी सहमति से स्वयं के व्यय पर करवाए गए स्थानांतरण की गणना उक्त सीमा में नहीं की जावेगी।

# महिला समूह के वसूली रकम को कंपनी में जमा न कर 10 लाख की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

## मामले में फरार अन्य आरोपी की पता तलाश जारी

पायनियर संवाददाता ◀ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



आरोपी ललित सिदार को दिनांक 28 जून को भेजा गया न्यायिक अभिरक्षा में प्रार्थी रूपेश साहू कलस्टर मैनेजर स्पंदना स्फूर्ति फाईनेंस कंपनी प्राईवेट लिमिटेड कंपनी शाखा चंद्रपुर द्वारा ग्राहक से पैसा लेकर कंपनी में जमा न कर गबन करने संबंधी शिकायत पत्र दिया गया था जिसकी जांच में उसके कंपनी में तैनात कर्मचारी ललित सिदार एवं अन्य के द्वारा ग्राहकों से रकम लेकर रकम को कंपनी में जमा न कर अपने स्वार्थ के लिए उपयोग में लाकर लगभग 10 लाख रूपये गबन करना पाया गया। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध चंद्रपुर थाना में धारा 420,409 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी घटना को अंजाम देने के बाद से फरार चल रहा था जिसकी लगातार पता तलाश की जा रही थी। विवेचना के दौरान आरोपी ललित सिदार के सराईपाली में रहने के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल चंद्रपुर पुलिस ने टीम सराईपाली भेजी गई जहॉ आरोपी ललित सिदार को गिरफ्तार कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म करना स्वीकार करने एवं अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी ललित सिदार निवासी अंबेडकर नगर सराईपाली जिला महासमुंद को दिनांक 28. जून को न्यायालय पेश किया गया जहॉ से न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने एवं विवेचना कार्यवाही में निरीक्षक सतरूपा तारम, उनि लक्ष्मण खुंटे, आर. शिव यादव, उमाशंकर सिदार एवं सैनिक मनताज सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नेतनागर में जूटमिल पुलिस की कार्रवाई, खेत पर शराब बनाते मिले आरोपी से 18 लीटर महुआ शराब जब्त



**रायगढ़।** खेत में अवैध शराब बनाने की सूचना पर जूटमिल चैकी पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए मौके से 18 लीटर महुआ शराब जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस चैकी जूटमिल प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस को मिली सूचना पर सुबह जूटमिल पुलिस की टीम द्वारा सुनियोजित तरीके से शराब रेड कार्रवाई किया गया। पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई थी कि नेतनागर निवासी सुदामा साव गांव के खेत टिकरा मे महुआ शराब बनाता हैं खेत के पास स्थित बोर के पीछे महुआ शराब को छिपाकर रखा है। मौके पर पुलिस की घेराबंदी को देखकर संदेही सुदामा साव भागने लगा जिसे घेराबंदी कर स्टाफ पकड़े। आरोपी के मेमोरंडम पर हाथ भट्ठी का बना हुआ महुआ शराब करीब 18 लीटर कीमत करीब 3600- रूपये का मौके पर जप्त किया गया है। पुलिस टीम को बोर के पास 10 अलग-अलग प्लास्टिक बोरी में सड़ा हुआ महुआ पास मिला प्रत्येक बोरी का वजन करीब 40 किलोग्राम था जो जप्ती योग्य नहीं होने से मौके पर पंचनामा तैयार गवाहो के समक्ष नष्टीकरण किया गया। आरोपी सुदामा साव पिता घरऊ साव उम्र 34 वर्ष निवासी नेतनागर पर जूटमिल में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवई कर रिमांड पर भेजा गया है।

**न्यायालय तहसीलदार जशपुर जिला जशपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं......... /अ-21/2021-22

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व संबंधित ग्रामीण जनता ग्राम **बालाछापर, प.ह.नं.-06** के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेसर्स अभय कन्ट्रक्शन जशपुर द्वारा शासकीय कार्यों के निमार्ण हेतु इंडियन ऑयल कार. लिमि. रायपुर द्वारा तहसील जशपुर अन्तर्गत ग्राम- बालाछापर स्थित भूमि खसरा नं. 82/4 रकबा 0.405 हे. में उपभोक्ता पम्प हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु इस कार्यालय को प्राप्त है।

उपरोक्त मामले की सुनवाई इस न्यायालय में दिनाँक 06.07.2022 को नियत किया गया है। इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो वे अपना लिखित आपत्ति स्वतः अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनाँक 21.06.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार
जशपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**वार्ड का नाम - राजीव गांधी वार्ड**
**वार्ड क्र. 05, वर्ष 2021-22**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **29.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 217/ 30.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 252/05, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - राधारानी रोलिंग मिल प्रा. लि. सुनील केडिया, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- हनुमंत रि. रोलर्स 1. निखिल अग्रवाल S/o गजानंद अग्रवाल 2. सुनिल कुमार अग्रवाल S/o नंद किशोर.

मुहर

**आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव**

**कार्यालय, नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**वार्ड का नाम - दानवीर भामाशाह**
**वार्ड क्र. 3, वर्ष 2021-22**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है निम्नानुसार भवन/भूमि/जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में कॉलम 3 अनुसार अधिभोगी के नाम से दर्ज है, कॉलम 4 में दर्ज अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा वंशानुक्रम/बिक्रीनामा के आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **29.07.2022** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम, बिरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**नामांतरण प्र.क्र. एवं दिनांक** - 216/ 30.06.2022, **निगम अभिलेख (संपतिकर मांग पंजी) में दर्ज** - 71/3, **निगम अभिलेख में अभिलिखित वर्तमान अधिभोगी का नाम** - ईश्वरी प्रसाद S/o श्री समारू, **प्रस्तावित अधिभोगी का नाम**- रामेश्वर साहू S/o श्री लाल ईश्वरी साहू.

मुहर

**आयुक्त
नगर पालिक निगम,
बीरगांव**

# डॉक्टर, ईश्वर का दूसरा रूप कैसे : वनांचल से आया इसका वजनदार जवाब

**डॉक्टर्स डे पर विशेष**

## छुईखदान बीएमओ डॉ. मनीष बघेल ने साझा किया चुनौतीपूर्ण सेवा का अनुभव

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



डॉक्टर को ईश्वर का दूसरा रूप क्यों कहा जाए या उनका धन्यवाद क्यों किया जाए, इस सवाल का जिले के वनांचल क्षेत्र से ऐसा जवाब आया है, जिसे जानकर कोई भी निसंदेह यही कहेगा कि-डॉक्टर हों तो ऐसे। चिकित्सक पेशा के सेवा और समर्पण भाव का यह प्रेरक उदाहरण आदिवासी बाहुल्य छुईखदान विकासखंड का है, जहां के बीएमओ ने रात के अंधेरे और बाढ़ के हालात जैसी चुनौतियों को भी सहजता से हराकर गांव तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई है।

हर साल एक जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। डॉक्टर-डे से आशय विशेषकर समाज-समुदाय के प्रति डॉक्टर की निर्मल सेवा से जुड़े योगदान को याद करने से है। कोविड संक्रमणकाल में भी वैसे तो संपूर्ण शासन, जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने जी-जान से जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, लेकिन डॉक्टर्स ने जो भूमिका निभाई है, वह मरीजों के जीवन की रक्षा में सबसे अहम माना जा रहा है। ऐसे ही बहुत से चिकित्सक हैं जिन्होंने कई विपरित परिस्थितियों में भी पूरे समर्पण भाव के साथ मरीजों की सेवा की है। इसी क्रम में राजनांदगांव जिले के छुईखदान विकासखंड के खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. मनीष बघेल के सेवाभाव की बात सामने आई है।

### वनांचल में मिली संघर्ष की सीख : बीएमओ

चुनौतीपूर्ण सेवा का जिक्र करने पर डॉ. मनीष बघेल ने लगभग चार साल पुरानी बात दोहराई, यह बात तब की है जब उन्हें चिकित्सक के पेशे से जुड़े बमुश्किल दो ही साल हुए थे। फील्ड वर्क का अनुभव नया था। उन्होंने बताया: ब्लाक मुख्यालय से लगभग 22 किलोमीटर दूर वनांचल के झिरिया गांव में बरसात के मौसम में मलेरिया जांच शिविर लगाया गया था। गांव के रास्ते में एक पुल भी है जिसकी वजह से विशेषकर भारी बारिश की स्थिति में चारपहिया वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाता, इसीलिए पूरी टीम दोपहिया वाहनों से झिरिया गांव पहुंची थी। गांव में शिविर के दौरान ही बारिश शुरू गई, लेकिन फिर भी जांच शिविर सुचारु ढंग से संपन्न किया गया। इसके बाद शाम लगभग 6 बजे स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव से मुख्यालय लौट रही थी, तभी पुल के पास पहुंचने पर पता लगा कि पुल तो पानी से लबालब हो गया है। ऐसे में पुल को पार करना जोखिमभरा और खतरनाक हो गया। टीम के रास्ते में फंसी होने की जानकारी होने पर 70-80 ग्रामीण भी मौके पर आए। ग्रामीणों ने टीम को जंगल के रास्ते से होकर मुख्यालय पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन इस बार जंगल के रास्ते में ही एक नदी मिल गई। नदी में भी बाढ़ की ही स्थिति थी, लेकिन यहां पर किसी ने भी हिम्मत नहीं हारी। स्थिति यह रही कि गांव के चार लोगों ने मिलकर स्वास्थ्य विभाग की टीम के एक सदस्य को नदी पार कराई। ऐसे ही एक-एक कर सभी ने नदी पार की और सकुशल छुईखदान पहुंचने में सफलता हासिल हुई। डॉ. मनीष बघेल ने बताया: उन परिस्थितियों को हम कभी नहीं भूल पाएंगे, क्योंकि झिरिया गांव के ग्रामीणों की उदारता के परिणाम स्वरूप हमें सेवा के लिए संघर्ष की अनमोल सीख भी मिली है।

### बरसात की वह रात अच्छे से याद है : पुनऊ

ग्रामीण पुनऊ राम साहू ने बताया: बरसात की वह रात मुझे भी अच्छे से याद है। गांव के अन्य साथियों के साथ मिलकर स्वास्थ्य विभाग की टीम को हमने नदी पार कराई थी। टीम की मदद हमने यही सोचकर की थी कि, बाधाओं को लांघकर जब डॉक्टर हमारी सेवा के लिए तत्पर रहते हैं तो विपरित परिस्थिति में उनके सहयोग के लिए भला हम क्यों पीछे हटें। उनकी सुरक्षा के लिए हमें भी यथासंभव हमेशा तैयार रहना चाहिए।

# ग्राम चिलगुड़ा में हुआ कुपोषण मुक्ति अभियान व निजात कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर के महज 8 किमी की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत चिलगुड़ा में पुलिस और मां बम्बलेश्वरी फेडरेशन के संयुक्त तत्वाधान में कुपोषण मुक्ति अभियान व निजात कार्यक्रम का आयोजन विगत दिवस किया गया। जहाँ पर बिहान योजना के कार्यों का विस्तृत चर्चा किया गया साथ ही निज़ात कार्यक्रम के तहत अवैध नशे के खिलाफ जानकारी दिया गया। आर्थिक सशक्तिकरण और नशामुक्ति के लिए लोगों को जागरूक किया गया।

ग़ौरतलब हो कि ग्राम चिल्गुड़ा, पेंड्रवानी, बरबसपुर सहित अन्य ग्रामों की सैकड़ों महिलाएं अपने महिला समूह साथ कार्यक्रम में सहभागिता ली। कार्यक्रम में मां बम्बलेश्वरी फ़ेडरेशन संघ की सचिव मधुलिका रामटेके ने अपने उद्बोधन में महिला कमांडो की टीम को पुनर्गठित करने का आह्वान किया। थाना प्रभारी राजेश देवदास ने पुलिस द्वारा चलाये जा रहे निज़ात कार्यक्रम के बारे में प्रकाश डालते हुए सभी तरह के नशे से दूर रहने की बात की है। साथ ही महिलाओं से अपील किया कि पुलिस द्वारा चलाये जा रहे निज़ात कार्यक्रम का हिस्सा बने। जिससे हर एक गांवों को नशामुक्त बनाया जा सके। इसी तरह पद्मश्री फुलबासन बाई यादव ने महिला सशक्तिकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी राजेश देवदास, पद्मश्री फुलबासन बाई यादव, मधुलिका रामटेके सहित अन्य पदाधिकारी, महिला समूह की महिलाएं व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# संजू चंदेल कृषि उपज मंडी गंडई के अध्यक्ष मनोनीत

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com



ग्राम पथर्रा के आश्रित ग्राम छिराहीडीह निवासी राज घराने से संबंध रखने वाले संजू चंदेल को गंडई कृषि उपज मंडी का अध्यक्ष बनाया गया है। संजू चंदेल कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में गिने जाते है। वे लगभग 5 से अधिक बार क्षेत्र क्रमांक 11 व 12 में लगातार वरिष्ठ जनपद सदस्य रह चुके है।वर्तमान में कोंगीयाकला सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष भी है। उनकी पत्नी सुधा चंदेल वर्तमान में जनपद सदस्य और सभापति भी है।

चंदेल के यहाँ मंत्रियों का आना जाना लगा रहता है,वे कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे के करीबी है। अब तक गंडई कृषि उपज मंडी में भार साधक अधिकारी के माध्यम से हो रहा कार्य अब समिति करेगी इसके लिए कृषि विपरण रायपुर के संचालक भुवनेश यादव ने 29 जून 2022 को आदेश जारी किया है। भारसाधक अधिकारी कुंजबिहारी कोठारी कृषि अधिकारी के माध्यम से संचालित हो रहे थे इन कार्यो का संचालन अब समिति के माध्यम से होगा। गंडई कृषि उपज मंडी समिति में कार्यसाधक समिति में संजू चंदेल अध्यक्ष, जानकी मेरावी उपाध्यक्ष, किशुन मिर्चे सदस्य, फारुख मेमन सदस्य, शत्रुहन चंदेल सदस्य, प्रियंका जंघेल सदस्य और रामानंद साहू को सदस्य मनोनीत किया गया है। चंदेल को अध्यक्ष बनाये जाने पर गंडई सहित अंचल के कार्यकर्ता एवं किसानों में हर्ष का माहौल है।

# सांप्रदायिक घटना से भाजयुमो में आक्रोश, आतंकवाद के साथ ही मुख्यमंत्री गहलोत का पुतला फूंका

- उदयपुर हत्याकांड पर भाजयुमो का विरोध प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



जिला भाजपा के निर्देशानुसार भाजयुमो उत्तर एवं दक्षिण मंडल के संयुक्त तत्वाधान में उदयपुर हत्याकांड के विरोध में आतंकवाद, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का मानव मंदिर चौक में पुतला दहन किया गया। भाजयुमो नेताओं ने कन्हैया लाल की हत्या का पूरजोर विरोध करते हुए इस घटना की भर्त्सना की।

उत्तर व दक्षिण मंडल अध्यक्ष सज्जन सिंह ठाकुर व प्रखर श्रीवास्तव ने कहा कि इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है। तालिबानी कारस्तानी का भाजयुमो ने विरोध किया है । गुरुवार को इसे लेकर ही आतंकवाद और इस घटना के लिए जिम्मेदार राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पुतला दहन किया गया है। उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार में कानून व्यवस्था की लचरता ही इस घटना का बड़ा कारण है। किसी भी राज्य की सुरक्षा व कानून व्यवस्था राज्य सरकार का विषय होता है घटना से पूर्व कन्हैया लाल द्वारा वहां की पुलिस को जान के खतरे की जानकारी दी गई थी फिर भी इसे अनदेखा किया गया।

जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि, सांप्रदायिकता को लेकर यह तालिबानी मानसिकता भारत में स्वीकार्य नहीं है। कन्हैया लाल की मौत के जिम्मेदार राजस्थान की पुलिस, वहां की कानून व्यवस्था और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की है। जादूगर अपने करतबों से ही जनता को लुभाने में व्यस्त हैं, जबकि वहां पल रही कट्टर सांप्रदायिक मानसिकता को अनदेखा किया गया। इसका ही नतीजा है कि, आज देश एक बड़े तनाव के दौर से गुज़र रहा है। उन्होंने कहा कि, अगर मुख्यमंत्री में थोड़ी भी नैतिकता बची है तो उन्होंने न सिर्फ अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए बल्कि राजनीति से सन्यास ले लेना चाहिए। दोषियों को जल्द से जल्द से फांसी की सजा दी जानी चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान मंडल भाजपा अध्यक्षद्वय तरूण लहरवानी, अतुल रायजादा, नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, जिला भाजपा पिछडा मोर्चा के अध्यक्ष शिव वर्मा, पार्षद पारस वर्मा, विजय रॉय, मणी भास्कर गुप्ता, हकीम खान, हर्ष रामटेके, गोलू गुप्ता, अशोकादित्य श्रीवास्तव, , आलोक श्रोती, सुमित भाटिया,गोलू सूर्यवंशी, अशोक निर्मलकर, देवाशीष झा, आशीष डोंगरे, विवेक शर्मा, पिंटू वर्मा, ज्ञानेश गुप्ता, शिवम यादव, जय शर्मा, चेतन यादव, कमलेश प्रजापति,अंकित खंडेलवाल सूरज नायक, सुमीत आजमानी, आशीष जैन, प्रहलाद सिन्हा, कमलेश लहरे, आदित्य पराते, साहिल गोलछा, रवि साहू , अभिषेक पाण्डेय, सुवितेश श्रीवास्तव, प्रवीण शुक्ला, नितेश नायक, दीपक त्रपिाठी, टिकश्वर सिंह, विजेंद्र प्रताप, आशु डहरिया, अभिषेक यादव, मनोज साहू, जैकी सोनकर, रवि राजपूत, आदित्य साहू, अमितेष झा, नीरज शर्मा, अमन जायसवाल, हिमांशु पात्रे, करण बग्गा, लक्ष्मण यादव, अनुराग श्रीवास्तव, संस्कार झा, नरेंद्र यादव, अभिषेक सेन, भूपेश साहू, रोहित सिन्हा, अर्जुन सिंह, राजू वर्मा, अशोक सिन्हा, प्रज्जवल गुप्ता, भूपेश पराते, राहुल यादव सहित अन्य भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दुकान विवाद : नपं सीएमओ निलंबित अध्यक्ष तक पहुंची कार्रवाई की आंच



**राजनांदगांव/छुरिया।** नगर पंचायत छुरिया में मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना के तहत निर्मित सौ दुकानों के आबंटन में हेराफेरी के मामले में बड़ा एक्शन लिया गया है। नगरीयप्रशासन मंत्री शिव डहरिया ने इस मामले में मुख्य कायार्पालन अधिकारी गिरीश साहू को निलंबित कर दिया है। वहीं प्रशासनिक अमले ने आज सभी दुकानों को सील कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमारी सिन्हा की मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। छुरिया में सत्ता दल की अध्यक्ष व पीआईसी सदस्यों के कारनामों पर कार्रवाई का सिलसिला शुरु हो चुका है। नगरीय प्रशासन मंत्री ने समीक्षा बैठक में नगर अध्यक्ष व पीआईसी की कार्यप्रणाली पर जमकर नाराजगी जाहिर की है। दुकान आंबटन मे गड़बड़ी को लेकर निकाय की बदनामी को देखते हुए आगे और भी कार्यवाही के संकेत दिया है। बताते है मंत्री ने मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना की दुकान आबंटन मामले का विभागीय जांच का आदेश दिया है । सीएमओ छुरिया पर निलंबन का कार्यवाही से नगर पंचायत छुरिया के कर्मचारियों मे हड़कंप मचा हुआ है।

# सार्वजनिक हो बूढ़ा सागर सौंदर्यीकरण जांच की रिपोर्ट : किशुन यदु

- कहा - 17 करोड़ के सौंदर्यीकरण की आड़ में भ्रष्टाचार जग जाहिर, कार्रवाई होनी चाहिए

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु के नेतृत्व में भाजपा पार्षद दल के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिक निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर बूढ़ा सागर सौंदर्यीकरण कार्य के संबंध में गठित जांच समिति द्वारा सौंपे गए प्रतिवेदन को सार्वजनिक करने की मांग की है। सभी पार्षदों ने इस सौंदर्यीकरण कार्य में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार पर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की बात रखी है।

नेता प्रतिपक्ष किशुन ने कहा कि, 17 करोड़ की लागत से बूढ़ा सागर के सौंदर्यीकरण की आड़ में भ्रष्टाचार जग जाहिर है। निगम क्षेत्र की जनता की मांग पर भारी दबाव में महापौर द्वारा जांच समिति के गठन की घोषणा की गई थी। जांच समिति गठित हुई और रिपोर्ट भी बजट बैठक से पहले दो माह पूर्व ही निगम को सौंपी जा चुकी है।

उन्होने कहा कि, महापौर - आयुक्त ने इस मामले में दोषियों से सांठगांठ कर ली है ऐसा प्रतित होता है। यही कारण नज़र आता है कि इस रिपोर्ट को न ही सार्वजनिक किया जा रहा है और न ही दोषियों पर किसी तरह की कार्रवाई की जा रही है। यदु ने कहा कि, इस कार्य की आड़ में करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ है। जांच प्रतिवेदन के सामने आते ही इसका भंडाफोड़ होगा। उन्होंने कहा कि, महापौर- आयुक्त जांच प्रतिवेदन तत्काल सार्वजनिक करें।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि, एक सप्ताह के भीतर प्रतिवेदन सार्वजनिक न किए जाने पर हम आंदोलन की राह पर आगे बढ़ेंगे। निगम अमला और जिम्मेदारों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। हम भ्रष्ट आचरण को बर्दाश्त नहीं करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान पार्षद मणीभास्कर गुप्ता, विजय राय, पारस वर्मा, आशीष डोंगरे, जीवन चतुर्वेदी, राजेश यादव, कमलेश बंधे, अरुण दामले, राजू वर्मा, अशोक निर्मलकरव अन्य उपस्थित थे।

# 5 जुलाई को शक्तिधाम में स्थापना दिवस मनाने की हुई बैठक

- 5 जुलाई को शक्ति धाम में स्थापना दिवस मनाने की हुई बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शक्ति धाम महाकाली मां मंदिर के स्थापना के दो वर्ष पूर्ण होने पर स्थापना दिवस मनाने हेतु शक्ति धाम के उपासकों व भक्तों द्वारा शक्तिधाम में बैठक संपन्न हुई। जिसमें इस वर्ष स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। मंदिर के संस्थापक व गुरुदेव हरीश यादव ने बताया कि 2 वर्ष पूर्ण होने पर व तीसरे वर्ष के प्रारंभ होने के लिए 5 जुलाई दिन मंगलवार को शक्तिधाम महाकाली मंदिर बापुटोला वार्ड क्रमांक 1 में बड़े धूमधाम से मनाएंगे। प्रातः 9 बजे माता का श्रृंगार, पूजन, इस कार्यक्रम में विशेष जन कल्याण हेतु अघोर विश्व कल्याण यज्ञ व जस का कार्यक्रम होगा, 5 जुलाई को दिनभर भक्तिमय कार्यक्रम व प्रसादी का कार्यक्रम रहेगा। इस बैठक में गुरुदेव हरीश यादव, जितेन्द्र वर्मा, शंभू वर्मा, प्रशांत वर्मा, प्रांशु भारद्वाज, अखिलेश बंजारा, पिलेश्वर देवांगन, श्यामू साहू, सोनू साहू, पितांबर देवांगन, निखिल सोनकर, किशन सोनकर, रवि सोनकर, भगवती निषाद, अनूप श्रीवास, टेकराम भार्गव, कौशल मानिकपुरी, किशन चौरसिया, किशन वर्मा, भोज राम वर्मा, संतोष वर्मा, रुक्खम वर्मा, थानेश साहू, भैरव यादव, विकास राजपूत, राजीव सिंग, त्रिगुण सादानी आदि भक्तगण उपस्थित थे।

**बाल-बाल बचे, लगातार हो रही है पुल पर दुर्घटनाएं**

# चिचोला के झूरा नदी में फिर हादसा, बस अनियंत्रित होकर पलटी, 24 घायल

पायनियर संवाददाता ◄ छुरिया
www.dailypioneer.com



नेशनल हाइवे चिचोला के झुरा नदी पुल में एक बार फिर सड़क दुर्घटना हो गई। यहां बस पलटने से 24 यात्री घायल हुए हैं। घायलों को छुरिया सामुदायिक केंद्र व चिचोला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारंभिक इलाज कर गंभीर हालत वाले यात्रियों को राजनांदगांव रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार 30 जून गुरुवार को सुबह 10:00 बजे तेज रफ्तार से हैदराबाद से रायपुर की ओर आ रही हंस ट्रैवल्स की यात्री बस चिचोला के झुरा नदी के पुल में अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें 65 से 70 यात्री सवार थे। घायलों को खिड़कियों का कांच तोड़कर बाहर निकाला गया। 24 लोगों को चोटे आई जिसमें से 7 लोग को गंभीर चोट आईहै। छुरिया सामुदायिक केंद्र में 8 लोग को व16 लोग को चिचोला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए ले जाया गया। गंभीर चोट लगने वाले यात्रियों को राजनांदगांव रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम सुनील नायक,छुरिया तहसीलदार श्रीमती अनुरिमा टोप्पो,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत छुरिया शिल्पा देवांगन, पटवारी प्रशांत कुमार ठाकुर,पटवारी नेताम पटवारी कोमा,सीएमएचओ मिथिलेश चौधरी ने घटनास्थल पहुंचकर जायजा लिया। यहां अधिकारियों ने घायल यात्रियों से मिलकर हाल-चाल जाना तथा बेहतर इलाज के लिए डॉक्टरों को निर्देश किया गया। फल और नाश्ता बंटवाया।

बस में सवार यात्री इंद्र कुमार साहू ने बताया कि वह हैदराबाद से आ रहा था। चिचोला बस स्टैंड में उतरने के लिए सीट से उठकर बाहर गेट के पास निकल गया था उसी समय ड्राइवर मोबाइल से बात कर रहा था। तभी झुरा नदी के पुल के मोड में डिवाइडर के ऊपर बस चढ़ गया। इसी समय बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में प्रेग्नेंट महिला सवार थी।

घायल यात्रियों का नाम सत्ररोहन बांधे (25), पिंकू सत्ररोहन (21), मन्नू यादव,जीवन लाल (35),हेतराम सिंह (25),अशोक आदिवासी (38),उत्तम आदिवासी (17), संतोषी कुमारी (35), गरिमा (04) शामिल है। आलोक लाल निषाद सहदेव निषाद निवासी केवट नवागांव ,भुनेश्वरी पति मानेश केवंट नवागांव अर्जुंदा निवासी हैं।

बाहर हाल किसी प्रकार का जनहानि नहीं हुआ है एक दो लोग को छोड़कर बाकी सभी यात्रियों को मामूली चोटें आई है । लापरवाही पूर्वक बस चलाने वाले चालक और परिचालक घटना के बाद घटनास्थल से भाग गए हैं जिसकी तलाश जारी है।

सीएमएचओ मिथलेश चौधरी ने बताया कि घायलों को छुरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व चिचोला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारंभिक इलाज कराया गया है तथा 7 लोग को जिन्हें ज्यादा चोटें आई हैं उसको बहेतर इलाज हेतु राजनांदगांव रिफर कर दिया गया है। एसडीएम डोंगरगाव सुनील नायक ने कहा कि बस ड्राइवर की लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने से यह हादसा हुआ है।

# 9 करोड़ की लागत से होगा नगर विकास, प्रयास जारी

- लंबित कार्यो के स्वीकृति पश्चात जल्द होगा विकास कार्य
- अधोसंरचना के 7 करोड़,14वे वित्त के 39लाख 60हजार,15वे वित्त आयोग से 144.18 हजार स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ गंडईपंडरिया
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 3 जनवरी 2022 को एक सामाजिक कार्यक्रम में गंडई आये थे। उसी दौरान उन्होंने नगर विकास के लिए घोषणा की थी। घोषणा अधोसंरचना मद निधि से 4 करोड़ में कुल 38 कार्य शामिल है, जिसमे सामुदायिक भवन, जीम सामग्री, सोलर लाईट, मुक्तिधाम उन्नयन, आंगनबाड़ी भवन, पचरी निर्माण, हाई मास्क लाईट, प्रवेश द्वार निर्माण, यात्री प्रतीक्षालय रेनोवेशन कार्य, सी सी रोड, नाली निर्माण, इसके लिए प्रस्ताव प्रेषित की गई है। अधोसंरचना मद से ही मुख्यमंत्री की घोषणा 31 मार्च 2022, जिसमे 3 करोड़ में कुल 40 कार्यो जिसमे 35 कार्य 2करोड़ 44 लाख स्वीकृति मिली है। शेष राशि की प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रेषित की जाएगी, जिसमे सी सी रोड नाली निर्माण, एलईडी लाईट, स्थापना, हाई मास्क पोल, और पचरी निर्माण शामिल है।

14वे वित्त आयोग निधि से 39लाख 60 हजार की प्रस्ताव प्रेषित की गई है, स्वीकृति अप्राप्त है। स्वीकृति होते ही निविदा आमंत्रण की कार्यवाही किया जाएगा,जिसमे कुल 08 कार्य शामिल है। 15वे वित्त आयोग निधि से 53 लाख वार्ड 14 में ओवर हैंड टैंक एवं सेम्वेल निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव 28 जून 2022 को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार नाली निर्माण कार्य 35 लाख 57हजार कुल चार कार्यो की प्रस्ताव 27 जून को भेजे गए है। इसी प्रकार 15वे वित्त निधि से ही ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 55लाख 33 हजार का प्रस्ताव 28 जून को सामग्री क्रय जिसमे गोकास्ट, व्हील बेरी, कम्पोस्टिंग मशीन, ई- रिक्शा, शामिल है। ज्ञात हो कि विधानसभा उपचुनाव के समय आचार संहिता और नगर पंचायत में अविश्वास प्रस्ताव से लेकर नए अध्यक्ष के चुनाव प्रक्रिया के कारण टेंडर प्रक्रिया में लेट लतीफा हुआ था जिसके चलते विकास कार्य रुके हुए थे। अब इधर गति पकड़ने का अंदाजा लगाया जा रहा है।

Happy Doctors Day

भदौरिया नर्सिंग होम


डॉ. श्रीमती मधु भदौरिया
एमबीबीएस, डीजीओ
प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ


डॉ. अरपीएस भदौरिया
एमबीबीएस, डीसीपी, डीएमसीएच
जनरल प्रैक्टिशनर


डॉ. अमृता भदौरिया
एमडी, प्रसुति एवं
स्त्री रोग विशेषज्ञ


डॉ. राहुल सिंह
एमएस (ईएनटी)
नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ

उपलब्ध सुविधाएं : (1) प्रसुति की सुविधा (एसी लेबर रूम)।(2) बांझपन के उपचार की सुविधा।(3) सुसज्जित एसी ऑपरेशन थियेटर।(4) प्रायवेट एवं जनरल वार्ड की सुविधा। (5) पैथौलॉजी लैब की सुविधा।(6) स्त्री रोग से संबंधित सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा।(7) नाक, कान एवं गले की दुरबीन पद्धति से जांच एवं फारेन बॉडी निकालने की सुविधा।(8) नवजात शिशुओं हेतु फोटोथिरैपी एवं ईफेंट वर्मार की सुविधा।(9) आयुष्मान कार्ड द्वारा निशुल्क उपचार की सुविधा।(10) ओपीडी में परामर्श की सुविधा।



कोरोना वायरस भीड़-भाड़ से बचें

Happy Doctors Day

कोरोना के लक्षण

सिरदर्द, खांसी और गले में दर्द, सांस लेने में तकलीफ, मांसपेशियों में दर्द बुखार और जुकाम, चक्कर आना, उल्टी होना

वायरस फैलने से कैसे रोकें

- हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोए या सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें
- इस्तेमाल किए गए टिशूज़ को फेंक दें (इसके बाद हाथ धो लें)
- खांसते और छींकते वक्त डिस्पोजेबल टिशू का इस्तेमाल करें
- बिना हाथ धोए अपनी आंखों, नाक और मुंह को न छूएं
- टिशू नहीं है तो छींकते और खांसते वक्त अपने बाजू का इस्तेमाल करें
- जो बीमार है उनके संपर्क में न आने की पूरी कोशिश करें

कोरोना अभी गया नहीं

डॉ. यू.एस. चंद्रवंशी

सिविल सर्जन, जिला अस्पताल राजनांदगाँव (छ.ग.)



Happy Doctor's Day

एक शुभचिंतक

खैरागढ़ अस्पताल परिवार



हैप्पी डॉक्टर्स डे


डॉ. अरविंद सिंह

Life Care Clinic
MD (AM) Reg. No. 1370
Near Firantin Tempale, Ward No. 48, Rannandgaon 8103343539



Happy Doctor's Day

TULSI CLINIC
Reg. No. C.G. PMC 33/1263


Dr. Vijay Thakur
General Physicen
TEMP License No. TRAJN0268

Basantpur, Ward No. 46
Rajnandgaon Mo. 9907955223



Happy Doctors Day

- हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोए या सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें
- इस्तेमाल किए गए टिशूज़ को फेंक दें (इसके बाद हाथ धो लें)
- खांसते और छींकते वक्त डिस्पोजेबल टिशू का इस्तेमाल करें
- बिना हाथ धोए अपनी आंखों, नाक और मुंह को न छूएं
- टिशू नहीं है तो छींकते और खांसते वक्त अपने बाजू का इस्तेमाल करें
- जो बीमार है उनके संपर्क में न आने की पूरी कोशिश करें

विनीत

डॉक्टर मिथलेश चौधरी

मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी

राजनांदगांव



चिकित्सा आपके पहुंच में...

जीवन रेखा हॉस्पिटल



Happy Doctors Day

- सर्वसुविधा युक्त आईसीयू, • सिटी स्कैन,
- डिजीटल एक्स-रे, • सर्जरी विभाग

स्त्री रोग विशेषज्ञ
हड्डी रोड विशेषज्ञ
शिशु रोग विशेषज्ञ
मेडिसीन विभाग
कान, नाक, गला विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ

स्मार्ट कार्ड की सेवा उपलब्ध है.

जीवन रेखा हॉस्पिटल
बसंतपुर रोड, राजनांदगांव
फोन : 07744 355302, मो. 93992-92257

# संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के साथ रायपुर के सीनियर सिटीजन ने देखा 'दक्ष' आईटीएमएस

## ई-साक्षरता कार्यशाला में बुजुर्गों ने जाना साइबर सुरक्षा, बैंक धोखाधड़ी से बचाव के तरीके

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



स्मार्ट सिटी मिशन के सातवीं वर्षगांठ पर शहर के वरिष्ठ नागरिकों ने यातायात, शहरी प्रबंधन व अपराध नियंत्रण की अति आधुनिक प्रणाली दक्ष कमान सेंटर का भ्रमण किया। इस अवसर पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. ने हेल्प एज इंडिया के साथ मिलकर डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा व शहर की निगरानी प्रणाली पर कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. के एम.डी. मयंक चतुर्वेदी, मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल भी शामिल हुए।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने दक्ष प्रणाली के वार रूम के जरिए कोरोना काल में लोगों को त्वरित नागरिक सेवाएं सुलभ कराने के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी टीम की पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि हाईटेक प्रणाली का बेहतर उपयोग करते हुए हर जरूरतमंद तक भोजन, राशन, दवा, ऑक्सीजन, डॉक्टर जैसी हर सेवा हर घर तक पहुंचाने में स्मार्ट सिटी ने बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यहां के वरिष्ठ नागरिक रायपुर की बदलती तस्वीर के साक्षी है एवं उनके सुझावों के अनुरूप शहर में सुविधाओं एवं सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। सी.ई.ओ. डॉ. रवि मित्तल ने दक्ष प्रणाली को विश्व स्तरीय प्रणाली बताते हुए यातायात प्रबंधन, अपराध नियंत्रण व सेवा विस्तार के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इससे न केवल मॉनिटरिंग का स्तर बढ़ा है, बल्कि आम लोगों को त्वरित आपातकालीन सहायता भी इससे मिल रही है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. के एम.डी. मयंक चतुर्वेदी ने इस अवसर पर कहा कि रायपुर स्मार्ट सिटी व नगर निगम जन आकांक्षाओं के अनुरूप अपने योजना एवं कार्यक्रमों का निर्धारण व क्रियान्वयन करता है, ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों के सुझावों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यशाला में साइबर एक्सपर्ट मोनाली गुहा ने बैंक धोखाधड़ी से बचाव, बैंक खातों की सुरक्षा के संबंध में उपयोगी जानकारी दी। हेल्प एज इंडिया के स्टेट हेड शुभंकर विश्वास ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को जरूरी सहायता प्रदान करने उनकी संस्था रायपुर स्मार्ट सिटी के साथ मिलकर कार्य करेगी। समाज कल्याण विभाग के सहायक संचालक अमित परिहार ने इस कार्यशाला में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों के संरक्षण के लिए केंद्र व राज्य शासन के नियमों से अवगत कराते हुए सम्मान पूर्वक जीवन जीने व भरण पोषण के अधिकार विषयक उपयोगी जानकारी दी।

कार्यशाला को वरिष्ठ नागरिकों ने उपयोगी बताते हुए अपने सुझाव दिए एवं प्रश्न पूछे। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. एवं आईटीएमएस टीम की ओर से महाप्रबंधक जनसंपर्क आशीष मिश्रा और दक्ष प्रणाली के हेड विजय मधुकर ने इस आधुनिक तकनीक के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में एनएसएस की प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. सुनीता चंसोरिया, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि., हेल्प एज, एन.एस.एस., आईटीएमएस की टीम सहित लगभग 100 वरिष्ठ नागरिक सम्मिलित हुए।

# रिसर्च कान्क्लेव के लिए 250 शोधपत्र प्राप्त हुए

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर में तीन दिवसीय 'रिसर्च स्कॉलर्स कांक्लेव' का आयोजन 28 जून 2022 से 30 जून 2022 तक किया गया 7 30 जून को कॉन्क्लेव के अंतिम दिन टेक्निकल सेशंस के बाद समापन समारोह का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव के संरक्षक एनआईटी रायपुर के निदेशक, डॉ. ए.एम. रावाणी तथा अध्यक्ष डीन (अनुसंधान और परामर्श), डॉ. प्रभात दीवान रहे । कांक्लेव का आयोजन संस्थान के विभिन्न रिसर्च एवं इनोवेशन के क्षेत्र में कार्यरत युवाओं को अपने शोध निष्कर्षों को प्रस्तुत करने में सहायता के लिए किया गया था। इन तकनीकी सत्रों में सभी 18 विभागों के शोध पत्रों की समीक्षा की गई। रिसर्च कॉन्क्लेव के लिए कुल 250 से ज्यादा शोधपत्र प्राप्त हुए थे। विशेषज्ञों ने प्रत्येक प्रतिभागी की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया और सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति को पुरस्कार और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एनआईटी रायपुर के डीन (एकेडेमिक्स ), डॉ श्रीश वर्मा थे।

हमारे बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले दुनिया के सभी चिकित्सकों का हम राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के अवसर पर धन्यवाद करतें है।

इस अवसर पर हम विशेष रूप से संजीवनी सी.बी.सी.सी. के सभी चिकित्सको को उनके समर्पण एवं कठीन परिश्रम के लिए आभार व्यक्त करते है...

डॉ. यूसुफ मेमन MBBS, MS, FSOG, FIAGES
डॉ. यूसुफ मेमन संजीवनी के डायरेक्टर व सीनीयर कैंसर सर्जन है, उन्होने राजीव गांधी कैंसर संस्थान नई दिल्ली, निजाम्स इंस्टीट्यूट हैदराबाद व किंग जार्ज मेडिकल युनिवर्सिटी लखनऊ से कैंसर सर्जरी में प्रशिक्षण प्राप्त किया है, डॉ. मेमन को 21 वर्षो का कैंसर सर्जरी का अनुभव है।

डॉ. विकास गोयल MD, DM Haematology
डॉ विकास गोयल : डॉ विकास गोयल ने के.ई.एम. हॉस्पिटल मुंबई से रक्त रोग व रक्त कैंसर विभाग से डी.एम. किया है, उन्होनें टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई से एवं ऑक्सफोर्ड युनिवर्सिटी लंदन से प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

डॉ. अर्पण चतुर्मोहता MBBS, MS, Mch, FIAGES
डॉ अर्पण चतुर्मोहता ने G.C.R.I. अहमदाबाद से कैंसर सर्जरी में एम.सी.एच. किया है, उन्होने मिलान इटली से सी.आर.एस. व हाइपेक कोर्स किया है व मुंबई एवं सिंगापुर से रोबोटीक सर्जरी में प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

डॉ. अनिकेत ठोके MD, DNB, ECMO
डॉ. अनिकेत ठोके ने एम.बी.बी.एस. व एम.डी. में 16 गोल्ड मेडल के साथ सी.एम.सी. वैल्लोर से कैंसर विशेषज्ञ की एम.डी. की डिग्री की है, वे संजीवनी में कीमो थेरेपी, टारगेटेड थेरेपी व इम्यूनो थेरेपी विभाग संभाल रहे है।

डॉ. दिवाकर पांडे MBBS, MS, MCh, DNB, FACS
डॉ. दिवाकर पांडे ने टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई से कैंसर सर्जरी में एम.सी.एच. किया है, उन्होने क्लीवलैंड क्लीनिक फ्लोरिडा अमेरिका व सेंट जान्स हॉस्पिटल बार्सिलोना स्पेन से काम्पलेक्स कैंसर सर्जरी में विशेष अनुभव प्राप्त किया है।

डॉ. राकेश कुमार मिश्रा MBBS, MD, DM
डॉ. राकेश मिश्रा ने टी.एम.एच., बी.बी.सी.आई. गुवाहाटी से मेडिकल ऑकोलॉजी में डी.एम. किया है और एस.जी.पी.जी.आई. व के.जी.एम.सी. लखनऊ से अनुभव प्राप्त किया है, वे संजीवनी में कीमोथेरेपी, टारगेटेड थेरेपी व इम्मयूनो थेरेपी विशेषज्ञ है।

डॉ. अभीराम अश्वतनारायण MBBS, MD (Nuclear Medicine)
डॉ. अभिराम जी. अश्वतनारायण ने पी.जी.आई. चंडीगढ़ से न्यूक्लियर मेडिसीन में एम डी किया है वे संजीवनी में पेट स्कैन, सभी न्यूक्लीयर स्कैन, हाईडोज आयोडीन थेरेपी, ल्यूटिशियम थेरेपी व मायोकार्डियल स्ट्रेस थैलियम आदि प्रक्रिया करते है।

डॉ. सतीष देवांगन MBBS, MD (RADIATION ONCOLOGY)
डॉ. सतीष देवांगन संजीवनी में सीनीयर रेडियेशन ऑकोलॉजिस्ट है, इन्होनें अंबेडकर हॉस्पिटल रायपुर, सफदरजंग अस्पताल एवं राम मनोहर लोहिया अस्पताल दिल्ली से अनुभव प्राप्त किया है।

डॉ. रमेश कोठारी MBBS, MD, DMRT (Radiation Oncology)
डॉ. रमेश कोठारी संजीवनी में सीनीयर रेडियेशन ऑकोलाजिस्ट हैं इन्होने कस्तुरबा मेडिकल कॉलेज मनीपाल एवं IPGMER कलकत्ता से डिग्री प्राप्त कर रूबी हॉल क्लीनिक पुणे से अनुभव प्राप्त किया है।

संजीवनी CBCC USA कैंसर हॉस्पिटल
दावड़ा कालोनी, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.) | फोन : 0771-4081010, 4061010, मो.: 7389904010, 7389905010

01_July 2022 Pride Of Raipur

आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन)
एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
मोटवानी फायनेंस
गली नं. 03 सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर
93404-44755

MANAS FURNITURE
सेल्समेन व फैक्ट्री में कार्य करने हेतु लड़कों आवश्यकता है
Manufacturers Of All Types Furniture
School, Colleges, University & Garden Furniture
Shankar Nagar Raipur
Mob.: 8770967125, 9039045995

Fire Detection Prevention
IT Solutions & Networking
www.smartindustrialsystems.com
Smart Industrial Systems
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
Ph.: (0771) 2433880, Mob.: 84350-00880

समस्या है तो समाधान भी है।
ज्योतिषाचार्य, वास्तु शास्त्री टैरो कार्ड रीडर, तंत्र विशेषज्ञ
पंडित देवेश पण्डा शास्त्री
निवास- आर-11, सेक्टर-1, प्रियदर्शनी नगर, रायपुर
मो. 9329634707
कार्यालय- प्रोटीन किंग सर्वश्री फार्मा, शॉप नं. 10-11, बीजेपी काम्पलेक्स, एकात्म परिसर, रायपुर

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल
अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेंसिंग करवाने हेतु संपर्क करें ।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

भू-जल सर्वेक्षण
रेन वाटर हारवेस्टींग
संपूर्ण भारत के विश्वसनीय, राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त भू-जल वैज्ञानिक के पाणिग्राही से आज ही कराये
सम्पर्क -
के. पाणिग्रही
एस. पाणिग्रही
9424203408, 7000706499 9630149832, 0771-4049364

Cartridge Refilling
Refiling @ Your Door Step
JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us...
9302787900, 9425211789

एल शेप, यु शेप हर प्रकार का सोफा कस्टमाइज़ ही सोफा
Free Measurement & Estimate
Exchange Offer Available*
Factory Outlet
ग्वालियर फर्नीचर हाउस
Mob.: 7869627700 7869627600
Opp. Ratan Palace Main Road, Katora Talab, Raipur

GreenSol
DINDAYAL
Govt. Subsidy Available
5 Year Performance Guaranteed
An offer too good to miss!
Free Installation
1yr. Free Service
DINDAYAL ASSOCIATES
SAYAM PLAZA, MAIN ROAD, PANDRI RAIPUR
9425239333/9893185780

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
श्री बालाजी हॉस्पिटल
डिपार्टमेंट ऑफ किडनी ट्रांसप्लांट
विश्वस्तरीय अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ किडनी ट्रांसप्लांट यूनिट अब रायपुर में
DR. ARUN KERKETTA MBBS, M.S, Mch (Urology)
DR. SURAJ KUMAR JAJOO MBBS, DNB (General Surgery) MCH Urology (Gold Medalist)
DR. SAINATH PATTEWAR M.D (Medicine), D.N.B (Nephrology) (Sp. in Kidney Diseases & Renal transplantion)
DR. RAVI DHAR M.D (Medicine), D.N.B (Nephrology)-Kolkata (Sp. in Kidney Diseases & Renal transplantion)
DR. PUSHPENDRA NAIK MBBS, MS FIAGES, DNB Surgical Gastro & Liver Transplant Renal & Liver Transplant Surgeon
डॉ खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना (राशन कार्ड ) से डायलिसिस एवं किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा
- किडनी ट्रांसप्लांट
- 60 से अधिक किडनी ट्रांसप्लांट
- मध्यभारत का प्रथम स्वेप किडनी ट्रांसप्लांट
- पेरिटोनियल डायलिसिस
- 50 डायलिसीस मशीन के साथ सबसे बड़ा एवं अत्याधुनिक डायलिसिस यूनिट
- किडनी बायॉप्सी, एवी फिश्चुला परमाकैथ
Emergency Contact Number 9370671648, 9926191294
मोवा, रायपुर 0771-4241000/01/02
E-mail : sbsh.raipur@gmail.com www.shribalajihospital.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403